Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI No. DLHIN/2012/483
वर्ष 13 । अंक 1
नई दिल्ली, सोमवार, 4 नवंबर, 2024
पृष्ठ 12 ₹ मूल्य 3
नगर संस्करण

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय 10

झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू करेगी भाजपा



# श्रीनगर में नागरिकों पर आतंकी वार



श्रीनगर में टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर के पास आतंकवादी हमले के बाद क्षेत्र की घेराबंदी किए जवान

**मोहित कंधारी।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** विधानसभा का पहला 4 नवंबर से शुरू हो रहा है लेकिन इससे पहले रविवार को श्रीनगर की सबसे अधिक सुरक्षा वाली और व्यस्त सड़कों में से एक टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर (टीआरसी) के पास आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया है। इस हमले में 11 नागरिक घायल हो गए। यह ग्रेनेड हमला शनिवार को श्रीनगर के खानयार इलाके में करीब आठ घंटे तक चली गोलीबारी के दौरान सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के कमांडर उस्मान लश्करी के मार गिराए जाने के 24 घंटे से भी कम समय बाद हुआ। दो लगातार हमलों के बाद, श्रीनगर में सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है क्योंकि सोमवार को नवनिर्वाचित विधायक विधानसभा के पांच दिवसीय विस सत्र में भाग लेंगे। ग्रेनेड हमले के समय साप्ताहिक 'रविवार बाजार' में बड़ी संख्या में खरीदार मौजूद थे। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी श्री महाराजा हरि सिंह अस्पताल (एसएमएचएस) में इलाज के लिए ले जाया गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि

हमलावरों का निशाना चूक गया क्योंकि उनका इरादा इलाके में तैनात सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाकर अधिक से अधिक लोगों को घायल करना था। अस्पताल के रिकॉर्ड के अनुसार हमले में 16 से 55 वर्ष की आयु के नागरिक घायल हुए हैं। विस्फोट से इलाके में दहशत फैल गई और दुकानदारों को छिपने के लिए इधर-उधर भागना पड़ा। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी की दी है। हमलावरों को पकड़ने के लिए इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। श्रीनगर में ग्रेनेड हमले पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने डीजीपी नलिन प्रभात और सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों से बात की। उन्होंने सुरक्षा अधिकारियों को आतंकवादियों और उनको मदद करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उपराज्यपाल ने आतंकवादी तत्वों को उनके नापाक मंसूबों में सफल नहीं होने देने के सरकार के संकल्प की फिर से दोहराया। साथ ही कहा कि नागरिकों को निशाना बनाने वाले आतंकवादियों को अपने कृत्यों के लिए बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उपराज्यपाल ने वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों से कहा, उनको आतंकी संगठनों को कुचलने और इस मिशन को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ने की पूरी आजादी है। उपराज्यपाल ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और जिला प्रशासन हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री उमर अब्दल्ला ने भी श्रीनगर में आतंकवादी हिंसा की दूसरी घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सुरक्षा बलों को लगातार हो रहे हमलों रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। उमर ने एक्स पर कहा कि पिछले कुछ दिनों से घाटी के कुछ हिस्सों में हमलों और मुठभेड़ों की घटनाएं चर्चा में रही। श्रीनगर में रविवार बाजार में निर्दोष दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की ताजा घटना बेहद परेशान करने वाली है। निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। सुरक्षा बलों को इन हमलों को जल्द से जल्द रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए ताकि लोग बिना किसी डर के अपना जीवन यापन कर सकें।



## यूपी के मुख्यमंत्री को धमकी देने के आरोप में आईटी ग्रेजुएट गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**मुंबई पुलिस** ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में 24 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला की पहचान फातिमा खान के रूप में हुई है। उसने सूचना प्रौद्योगिकी में बीएससी की है। वह अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में रहती है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उसके पिता लकड़ी का कारोबार करते हैं। आरोपी महिला पढ़ी लिखी है लेकिन दिमागी रूप से परेशान है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप नंबर पर शनिवार को एक अज्ञात नंबर से एक संदेश आया था, जिसमें धमकी दी गई कि अगर आदित्यनाथ 10 दिनों के भीतर सीएम पद से इस्तीफा नहीं देते हैं, तो उन्हें एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की तरह मार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि खान ने ही यह संदेश भेजा था। मुंबई आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने उल्हासनगर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में महिला का पता लगाया और उसे धर दबोचा। अधिकारी ने बताया कि मामले में जांच जारी है। पुलिस अलर्ट पर है क्योंकि आदित्यनाथ 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करने महाराष्ट्र आ सकते हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।




## एक्यूआई 500 पहुंचा, खुलकर साँस लेने को तरसी दिल्ली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय राजधानी** में रविवार को धुंध की मोटी चादर छाने और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में गिरावट जारी रही, जो दिवाली के दो दिन बाद एक्यूआई 500 के आंकड़े को पार कर गया है। सरकार जल्द ही बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध लगाने, धूल को कम करने के उपाय करने और सभी गैर-ज़रूरी निर्माण गतिविधियों पर रोक लगाने पर विचार कर सकती है। शाहदरा और आनंद विहार जैसे इलाकों में रविवार को सुबह 11.30 बजे के बाद एक्युआई 500 से ऊपर रहा। राजधानी के ज़्यादातर हिस्सों में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक खतरनाक श्रेणी (एक्युआई 400 से ऊपर) में है, जहां पीएम 2.5 का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित सीमा से 59.6 गुना ज़्यादा ख़तरनाक है।

दिल्ली में औसत एक्युआई 382 के साथ बहुत खराब श्रेणी में रहा। एक दिन पहले, यह 339 के साथ थोड़ा खराब था, लेकिन गर्म तापमान और तेज़ हवाओं जैसी अनुकूल वायुमंडलीय स्थितियों के कारण पूर्वानुमान के अनुसार गंभीर स्तर पर नहीं पहुंचा। मौसम विश्लेषकों के अनुसार, हवा की गति में और कमी आने की संभावना है, जिससे प्रदूषकों की स्थिति और खराब हो सकती है। निर्माण गतिविधियों, वाहनों की भारी मात्रा और खेतों में आग लगाने जैसे स्थानीय कारकों ने यहां स्थिति को और खराब कर दिया। वर्तमान में, पीएम 2.5 प्रदूषण में मुख्य योगदानकर्ता स्थानीय और क्षेत्रीय स्रोत हैं। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) द्वारा निर्णय समर्थन प्रणाली के आंकड़ों के अनुसार, परिवहन क्षेत्र 12.24 प्रतिशत के साथ सबसे महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है। जबकि आवासीय क्षेत्र का योगदान 3.21 प्रतिशत है, उद्योगों का योगदान (3.53 प्रतिशत), निर्माण का 1.67 प्रतिशत, ऊर्जा क्षेत्र का 1.63 प्रतिशत, अपशिष्ट जलाने का 1.49 प्रतिशत और सड़क की धूल का 1.19 प्रतिशत है। आईआईटीएम ने रविवार को अपने छह दिवसीय पूर्वानुमान में कहा कि वायु गुणवत्ता बहुत खराब या गंभीर श्रेणी में रहने की संभावना है। इसने यह भी कहा, प्रदूषकों के फैलाव के लिए मौसम संबंधी स्थितियां बेहद प्रतिकूल होने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार रविवार दोपहर 1 बजे तक 24 घंटे का औसत पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) 2.5 और पीएम 10 क्रमशः 180.4 यूजी/एमएक्स और 303.9 यूजी/एमएक्स था। पीएम 2.5 और पीएम 10 प्रदूषकों का 24 घंटे का औसत राष्ट्रीय निर्धारित मानकों क्रमशः 60 यूजी/एमएक्स और 100 यूजी/एमएक्स से तीन गुना अधिक है। नेहरू नगर में एक्युआई भी गंभीर श्रेणी में रहा, जिसका (शेष पृष्ठ 9)

## केदारनाथ धाम के कपाट हुए बंद




उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में रविवार को केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह मंदिर हर साल ठंड के मौसम में करीब छह माह के लिए बंद रहता है। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने बताया कि इस बार यात्रा सत्र में 16.5 लाख से अधिक तीर्थयात्री पूजा-अर्चना के लिए केदारनाथ पहुंचे।

## टीम इंडिया की ऐतिहासिक हार



**एजेंसी।** मुंबई

**जब भारत के** विश्व स्तरीय बल्लेबाज नौसीखिए नजर आ रहे थे तब न्यूजीलैंड ने इसका फायदा उठाकर तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही रविवार को 25 रन से जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया और इस तरह से नया इतिहास रचा। अपने टेस्ट इतिहास में वर्ष 1933 के बाद टीम इंडिया को 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा था। इससे पहले टाइगर्स को घर पर तीन या उससे अधिक मैचों की श्रृंखला में व्हाइटवॉश का सामना करना पड़ा था। अब यह शर्मनाक हार न्यूजीलैंड से मिली है। वह भी एक ऐसी टीम जो संक्रमण के दौर से गुजर रही। श्रीलंका की टीम से 0-2 से हारने के बाद यहां आई थी। वह भी अपने सबसे बड़े बल्लेबाज केन विलियमसन के बिना जो चोट से उभर रहे हैं।

न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी में 174 रन बनाकर भारत के सामने 147 रन का लक्ष्य रखा लेकिन कई दिग्गज बल्लेबाजों की मौजूदगी वाली भारतीय टीम के लिए यह पहाड़ जैसा बन गया।ऋषभ पंत की 64 रन की साहसिक पारी के बावजूद भारतीय टीम 29.1 ओवर में 121 रन पर ढेर हो गई। यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम का अपनी धरती पर तीन मैच की श्रृंखला में सूपड़ा साफ हुआ। इससे पहले भारतीय टीम को अपनी धरती पर 2000 में दक्षिण अफ्रीका के हाथों दो मैच की श्रृंखला में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम का हाल में घरेलू मैदानों पर शानदार रिकार्ड रहा है लेकिन इस श्रृंखला में न्यूजीलैंड के सामने उसकी एक नहीं चली। मेहमान टीम ने परिस्थितियों से अच्छी तरह सामंजस्य बिठाकर खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया। भारत का स्पिनरों को मदद पहुंचाने वाली पिच तैयार करने का दांव उल्टा पड़ गया। अपनी इस शर्मनाक हार के लिए भारतीय टीम ही दोषी है। उसके सामने बहुत बड़ा लक्ष्य नहीं था लेकिन उसने जल्दबाजी दिखाई तथा 16 रन के अंदर पांच विकेट गंवाने से (शेष पृष्ठ 9)



## रिटायर डीएसपी समेत उनके परिवार पर पड़ोसियों का हमला

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली

**पूर्वी दिल्ली के** वसुंधरा एन्क्लेव में बिना वजह कार का हॉर्न बजाने का विरोध करने पर दो सगी बहनों ने उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और उनके परिवार को पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में ड्यूटी पर तैनात दिल्ली पुलिस एक अधिकारी भी घायल हो गया। पूर्वी दिल्ली के वसुंधरा एन्क्लेव इलाके में गिरफ्तारी से बचने की कोशिश में दो बहनों ने उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और उनके परिवार के सदस्यों पर चाकू से हमला किया। ड्यूटी पर तैनात दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी को घायल कर दिया और अपनी कार से (शेष पृष्ठ 9)



# औद्योगिक पार्कों के लिए जमीन पर जल्द मिलेगा कब्जा

## ● युवाओं के लिए ग्रेटर नोएडा में बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




यमुना प्राधिकरण के औद्योगिक पार्कों के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला प्रशासन ने सेक्टर दस के तहत प्रभावित गांव आकलपुर, म्याना व मकसूदपुर गांव की जमीन अधिग्रहण की सूचना जारी कर दी है। तीनों गांव की कुल 243.96 हे. जमीन सेक्टर दस के लिए अधिगृहीत की जाएगी।

प्राधिकरण इस सेक्टर में पांच औद्योगिक पार्क विकसित करेगा। औद्योगिक निवेश के साथ रोजगार सृजन होगा। यमुना प्राधिकरण काफी समय से सेक्टर 10 में औद्योगिक पार्कों के लिए जमीन मिलने का इंतजार कर रहा है।

प्राधिकरण पहले ही 250 एकड़ जमीन किसानों से सहमति के आधार पर क्रय कर चुका है, शेष जमीन के अधिग्रहण के लिए जिला प्रशासन के पास प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन जिले में सिंचित क्षेत्र का पांच प्रतिशत से अधिक जमीन अधिग्रहण की सीमा आड़े आने के चलते प्रस्ताव पर काम आगे नहीं बढ़ पाया।

शासन ने पांच प्रतिशत की सीमा को बढ़ाकर बीस प्रतिशत कर दिया है। इसके बाद सेक्टर में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद जिला प्रशासन ने भूमि अधिग्रहण कानून की धारा 19 की कार्रवाई शुरू कर दी है।

इसके तहत जमीन अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों के विस्थापन पर पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन की योजना तैयार कर उसे पर ग्रामीणों की आपत्ति एवं सुझाव लेकर उनका निस्तारण होता है, लेकिन तीनों गांव में जमीन अधिग्रहण से कोई परिवार विस्थापित नहीं हो रहा है। धारा 19 की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मुआवजा वितरण और जमीन पर कब्जा लेने की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। सेक्टर दस में आकलपुर गांव की 45.69 हे., म्याना गांव की 165.25 हे. व मकसूदपुर गांव 33.06 हे. जमीन अधिगृहण की जा रही है।

इस जमीन पर प्राधिकरण की लेदर पार्क, ईवी पार्क, प्लास्टिक प्रोसेसिंग पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क समेत पांच औद्योगिक पार्क विकसित करने की योजना है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. अरुणवीर सिंह का कहना है कि जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने पर औद्योगिक पार्कों के लिए भूखंड योजना निकाली जाएगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल को यमुना एक्सप्रेस वे से कनेक्टिविटी के लिए जमीन अधिगृहीत की जा रही है। इसके लिए रोही, पारोही, दस्तमपुर व रन्हेरा गांव की 6.82 हेक्टेयर जमीन अधिगृहीत की जा रही है।

इस जमीन से भी गांव का कोई परिवार विस्थापित नहीं हो रहा है। इसलिए जमीन पर जल्द कब्जा मिलने की उम्मीद है। जमीन मिलने पर एयरपोर्ट की उत्तर दिशा में तीस मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। इसके निर्माण को लेकर यमुना प्राधिकरण व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) के बीच पहले ही अनुबंध हो चुका है।

जमीन पर कब्जा मिलने की एनएचएआइ निर्माण कार्य शुरू कर देगा। सड़क बनने से यमुना एक्सप्रेस वे से आने वाले माल वाहक वाहन कार्गो टर्मिनल तक पहुंच सकेंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बीपीओ और आइटीईएस भूखंड योजना में पंजीकरण का रविवार को अंतिम दिन है।

आठ भूखंड की योजना में चार नवंबर तक दस्तावेज जमा कराने होंगे। भूखंडों का आवंटन नीलामी से होगा। स्टार्टअप को मौका देने के साथ योजना के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार सृजन होगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने नालेज पार्क पांच में आठ भूखंडों योजना निकाली थी।

इस योजना में आइटी, बीपीओ और आइटीईएस क्षेत्र की कंपनियों को नीलामी से भूखंडों का आवंटन किया जाएगा।

इसमें दो भूखंड 500 वर्गमीटर और छह भूखंड 1000-1000 वर्गमीटर के हैं। प्राधिकरण के ओएसडी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि योजना में पंजीकरण और प्रोसेसिंग शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि तीन नवंबर है। चार नवंबर को प्रपत्र जमा करने होंगे। प्रपत्रों की जांच करने के बाद नीलामी के माध्यम से भूखंड आवंटित किए जाएंगे। आवंटियों को एक माह में कब्जा दे दिया जाएगा। योजना के जरिये ग्रेटर नोएडा में निवेश के साथ रोजगार सृजन होगा।

# नोएडा में 1200 एकड़ में बनेगी अमेरिकन सिटी

## ● ब्लू स्काई वैंटेज कंपनी तैयार कर रही खाका, 32 अरब डॉलर होंगे निवेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में अब अमेरिकन सिटी भी बसाई जाएगी। यहां पर अमेरिका जैसे घर और स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय भी बनाए जाएंगे। जल्द ही शासन स्तर से स्वीकृति मिलने के बाद अमेरिकन सिटी को धरातल पर उतारा जाएगा। इस परियोजना से अगले 6 सालों में यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में करीब 32 अरब डॉलर के निवेश होने की संभावना है। यमुना प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि सेक्टर-22 डी, सेक्टर-22ई और सेक्टर-5 ए व अन्य एक सेक्टर में अमेरिकन सिटी परियोजना को विकसित किया जाना है।

इसके लिए 1,200 एकड़ भूमि की मांग की गई है। इस परियोजना में विश्व स्तरीय शैक्षिक संस्थान बनाए जाएंगे। यह नाट्य कला, शिल्प और ललित कलाएं का भी विश्व स्तरीय केंद्र रहेंगे। अमेरिका की कंसल्टेंट कंपनी ब्लू स्काई वैंटेज ने इस योजना का खाका तैयार किया है। अमेरिकी संसद के आठ सीनेटर भी इससे जुड़े हुए हैं। भारत में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र में यह बड़ा अमेरिकी निवेश होगा। इसका लाभ भारतीय युवाओं को भी मिलेगा। अमेरिकी योजना से जुड़े लोगों ने कई राज्यों में जमीन की तलाश की। उन्हें 100 प्रतिशत एफडीआई के तहत जमीन का आवंटन होने की बात भी सामने आ रही हैं, हालांकि शासन स्तर से पत्र आने के बाद भी इस पर अधिकारी खुलकर बोलने की बात कर रहे हैं। अगले छह सालों में इस प्रोजेक्ट के रूप में करीब 32 अरब रुपए के निवेश की योजना है। परियोजना में 1 हजार एकड़ जमीन मिक्स लैंड की होगी। इसमें सभी प्रकार की व्यवसायिक और औद्योगिक गतिविधियां शामिल होंगी। यहां अस्पतालों, स्कूलों और अन्य सुविधाओं को देखते हुए स्थापित की जाएंगी। यीडा ने कंपनी को लैटर ऑफ इंटेट जारी कर दिया है। इस विश्वविद्यालय में प्रबंधन स्कूल के साथ मिट्टी के स्कल्पचर, नृत्य आदि की सुविधा होगी।

# संक्षिप्त समाचार



यातायात माह जागरूकता अभियान में ट्रक चालकों को नियमों पालन करने की सलाह देता पुलिसकर्मी।

### बेकाबू कार ने मारी तीन को टक्कर

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मोदी मंदिर के निकट अनियंत्रित कार ने देर रात तीन लोगों को रौंद दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। हादसे में कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। नगर की ब्रह्मपुरी कालोनी के निशांत अपनी पत्नी के साथ किसी काम से बाजार आए थे। निशांत स्कूटी चला रहे थे। जबकि पत्नी पीछे बैठी थी। रात के समय जब वे मोदी मंदिर के निकट पहुंचे तो पीछे से आ रही अनियंत्रित कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद कार सड़क किनारे ठेला से टकरा गई। जिससे ठेला संचालक को चोट आई। आसपास के लोगों ने तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को हिरासत में ले लिया। स्कूटी व ठेला में टक्कर के बाद कार की रफ्तार थम गई थी। इस मामले में आरोपी चालक के खिलाफ निशांत के भाई प्रशांत ने शिकायत दी है। एसीपी मोदीनगर का कहना है कि घायलों की हालत सही है। शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### थाना प्रभारी ने गाय का कराया इलाज

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना लोनी प्रभारी को 12 फरवरी को थाने के बाहर एक गाय मिली थी। जो बेहद मरासन्न हालत में थी। थाना प्रभारी ने इसका इलाज करवाया। अब गाय बिल्कुल स्वस्थ है। गोवर्धन के दिन स्थानीय विधायक ने गाय का नामकरण किया और नाम रखा राधा। गोवर्धन के दिन गाजियाबाद के लोनी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर थाना लोनी पहुंचे। यहां नंदकिशोर गुर्जर ने थाना लोनी में पल रही एक गाय की पूजा की और उसका नामकरण किया। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने गाय का नाम राधा रखा इस मौके पर विधायक ने कहा यह मेरा सौभाग्य है कि गोवर्धन के दिन मुझे गाय की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ। थाना प्रभारी लोनी प्रवीण बैनीवाल ने बताया कि 12 फरवरी को थाने के बाहर यह गाय मिली थी। जो बेहद गंभीर हालत में थी। इसका इलाज करवाया गया।

### बाल खींचकर युवती को जड़ा थप्पड़

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दबंगों के हौंसले लगातार बुलंद होते हुए नजर आ रहे हैं। जरा-जरा सी बात पर लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। हालात कुछ यूं है कि गुस्से के आगे लोग महिलाओं तक पर हाथ उठाते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हुआ था जिसमें एक युवक एक युवती का बाल खींचकर उसकी पिटाई करते हुए नजर आ रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वायरल हो रहा वीडियो ग्रेटर नोएडा के ओमेक्स पाम ग्रीन सोसायटी का बताया जा रहा है। जिसमें एक युवक अपनी महिला मित्र के बाल पकड़कर उसे थप्पड़ मारकर गालियां देते हुए नजर आया। हालांकि आसपास मौजूद लोगों ने युवक की हेकड़ी निकालते हुए उसे काबू में किया। वीडियो सामने आते ही पुलिस ने मामले की जांच की और आरोपी सूर्या भड़ाना नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सूर्या भड़ाना द्वारा अपनी महिला मित्र की पिटाई के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए दादरी थाना पुलिस ने तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### गाजियाबाद में मिला युवक का शव

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना कौशांबी क्षेत्र में दिवाली के दिन एक युवक का शव मिला था। परिवार का आरोप है कि युवक ने विशेष धर्म की युवती से शादी की थी और उसके ससुराल वालों ने उसकी हत्या की है। परिवार का आरोप है कि उस दिन से आज तक पुलिस ने उनकी शिकायत नहीं ली। हिंदू संगठनों के दखल के बाद उनकी शिकायत ली गई है। वहीं पुलिस के मुताबिक अस्पताल से मेमो प्राप्त हुआ था। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# फायरिंग मामले में ग्राम प्रधान सहित पांच धरे

## ● पटाखे फोड़ने को लेकर हुआ था विवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

मोदीनगर के थानाक्षेत्र निवाड़ी के पैंगा गांव में पथराव और फायरिंग के मामले में पुलिस ने प्रधान समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक नाबलिग भी शामिल है। मामले में दारोगा की शिकायत पर पांच नामजद व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि 31 अक्टूबर को निवाड़ी पीआरपी को सूचना मिली थी कि पैंगा गांव में प्रधान के घर के बाहर कुछ लोग पटाखे छुड़ाने को लेकर झगड़ा कर रहे हैं और फायरिंग भी हुई है। सूचना पर पुलिस वहां पहुंची थी। पुलिस की जांच में सामने आया कि ग्राम प्रधान उपदेश व उनके पड़ोसी परिवारजन सुरेंद्र व जितेंद्र के साथ कुछ अन्य लोग अपने घर के दरवाजे के सामने खडंजे पर पटाखे छुटा रहे थे।

प्रधान उपदेश खडंजे पर पटाखे छुड़ाने का विरोध कर रहा था। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में गाली-गलौच व पथरव हुआ और जान से मारने की नीयत से एक दूसरे पर फायरिंग की गई थी। पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर मामले में सुरेंद्र व दीप निवासी नंदनगरी, पैंगा ग्राम प्रधान उपदेश व सुनील उर्फ रिषीपाल व एक नाबलिग को गिरफ्तार किया है।

एसीपी ने बताया कि ग्राम प्रधान उपदेश पर हत्या, गैंगस्टर, यूपी गुंडा आर्मस एक्ट, हत्या की कोशिश, लूट आदि के 25 मुकदमे विभिन्न थानों व अन्य राज्य मे पंजीकृत हैं। जबकि सुनील उर्फ रिषीपाल पर हत्या, हत्या की कोशिश, गैंगस्टर, आर्मस एक्ट, अवैध मादक पदार्थ के 8 मुकदमे पंजीकृत हैं।

# विस उपचुनाव को लेकर भाजपा की बैठक

## ● कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में एक सीट गाजियाबाद सदर की भी है। भारतीय जनता पार्टी के चुनाव संचालन समिति की बैठक रविवार को चुनाव कार्यालय पर हुई।

यहां मौजूद नेताओं ने आने वाले समय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। भूपेंद्र चौधरी जहां 4 तारीख को वहीं सीएम योगी 8 नवंबर को गाजियाबाद आएंगे। गाजियाबाद में भारतीय जनता पार्टी के महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने बताया कि रविवार को नवयुग मार्केट स्थित चुनाव कार्यालय पर चुनाव संचालन समिति की बैठक हुई। इस दौरान चुनाव संयोजक गाजियाबाद के पूर्व मेयर आशु वर्मा ने सभी को अब तक की प्रगति की जानकारी दी।

इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष और क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष के साथ बीजेपी नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। प्रदीप चौधरी के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी 4 नवंबर को शाम 4 बजे बूथ सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए आ रहे हैं। यह आयोजन नेहरू नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में रखा गया है। जहां भूपेंद्र चौधरी बूथ सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देंगे। वही 8 नवंबर को विजयनगर प्रताप विहार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोड शो संभावित है। प्रदीप चौधरी के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मतदाताओं के बीच जाकर अधिक से अधिक मतदान की अपील करेंगे। गाजियाबाद की सदर विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी के अतुल गर्ग के पास थी जिनके सांसद बनने के बाद ये सीट खाली हुई है।

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में लगी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना सेक्टर 24 पुलिस की शातिर बदमाशों के साथ में मुठभेड़ हो गई। इस पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी और वो घायल हो गए। दोनों बदमाशों ने अभी 2 दिन पहले ही एक युवक से लूट की घटना को अंजाम दिया था।

युवक के विरोध करने पर उसको गोली मारकर घायल कर दिया था। दोनों ही बदमाशों पर काफी मुकदमे दर्ज हैं। दरअसल थाना सेक्टर-24 पुलिस सेक्टर 54 टी पॉइंट के पास चेकिंग कर रही थी, इस दौरान मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया लेकिन वह लोग नहीं रुके और उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस के द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई, जिसमें दोनों बदमाश अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगे और पुलिस पर फायर करते रहे, इस दौरान पुलिस की गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए।

दोनों बदमाशों की पहचान मिथुन और राजा के रूप में हुई है। दोनों ही बदमाश बिहार के बेगूसराय के रहने वाले हैं लेकिन फिलहाल वो नोएडा के होशियारपुर में रह रहे थे। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूटा हुआ मोबाइल फोन, पिस्टल और मोटरसाइकिल बरामद की है।

# डासना जेल में बहनों ने मनाया भैया-दूज

## ● जेल प्रशासन ने किए व्यापक प्रबंध

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



पूरा देश जहां इस समय भैया- दूज के त्योहार की खुशी में डूबा है। वहीं उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद की डासना जेल में रविवार की छुट्टी होने के बावजूद जेल में बंद कैदियों से मिलने आने वाली बहनों के लिए खुली मुलाकात का प्रबंध किया गया है।

इस दौरान सुरक्षा के भी मजबूत प्रबंध किए गए हैं। जेल पुलिस के अलावा स्थानीय पुलिस भी लगी। साथ ही आने वाली बहनों के लिए पौष्टिक नाश्ते का इंतजाम भी किया गया है। गाजियाबाद की डासना जेल के अधिकारी सीताराम शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश पर रविवार की छुट्टी होने के बावजूद जेल में बंद कैदियों की बहनें, भैया-दूज के पर्व पर जेल के अंदर खुली मुलाकात कर रही हैं। 5000 से अधिक बहनें अपने भाई को टीका करने जेल में आई। इस दौरान उनको किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसके लिए जेल प्रशासन से कहा गया है कि बेहद नम्रता से उनके साथ पेश आएं।

साथ ही आने वाली हर बहन के लिए पौष्टिक आहार की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर महिलाओं की लंबी लाइन जिला जेल के बाहर देखने को मिल रही है। इस दौरान किसी भी धर्म की महिला को भाई से मिलने की रोक नहीं है। कुछ महिलाएं इस अवसर पर अपने बेटों से मिलने आ रही हैं। मिलने आ रही बहनों ने बताया कि जेल प्रशासन का प्रबंध बहुत अच्छा है और अपनों से मिलकर खुशी हुई।

# मकान में लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं

## ● 20 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



खोड़ा इलाके में शनिवार रात एक मकान में भीषण आग लग गई। आसपास के करीब 7 घरों को खाली कराते हुए उनमें मौजूद 20 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दमकल की चार गाड़ियों ने घंटों बाद अग्निकांड पर काबू पा लिया। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बतायाङ्क शनिवार रात करीब 10 बजे फायर स्टेशन वैशाली पर सूचना प्राप्त हुई कि मधु विहार अहिल्या चौक खोडा कॉलोनी में एक मकान में भयंकर आग लगी हुई है।

तत्काल फायर स्टेशन वैशाली से सीएफओ, एफएसओ सहित 4 फायर टेंडर्स, वाटर मिस्ट, डिजास्टर वैन को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। घटनास्थल पर जाकर देखा तो एक तीन मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर पर फोटो फ्रेमिंग का सामान भरा था, जिसमें काफ़ी तेज आग लगी हुई थी। फायर फाइटर्स ने त्वरित कार्रवाई करते हुए होज पाइप फैलाकर आग को बुझाना शुरू किया। आग की लपटों को देखते हुए रेस्क्यू टीम ने आसपास के सात मकान खाली कराए और उनमें मौजूद लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। फायर स्टेशन कोतवाली से 3 और एक फायर टेंडर साहिबाबाद से बुलाए गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग को कंट्रोल में किया गया। सीएफओ ने बताया कि आग को पूर्ण रूप से शांत किया गया।

## अपार्टमेंट के छठे फ्लोर पर आग लगी



**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 50 स्थित आलोक विहार अपार्टमेंट में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। आग अपार्टमेंट के एक टावर में बंद फ्लैट में लगी थी। सूचना के बाद फायर विभाग की टीम ने मौके पर पहुंची और 6वें फ्लोर पर लगी आग को पूरी तरह बुझा दिया। जानकारी के अनुसार, अपार्टमेंट के टावर एफ-3 के 6वें फ्लोर पर स्थित बंद फ्लैट नंबर 3255 में अचानक आग भड़क उठी। घटना के दौरान फ्लैट बंद था। आसपास के लोगों ने आगजनी की सूचना स्थानीय पुलिस और फायर विभाग के टीम को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर विभाग के सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की गई और घटनास्थल पर चार दमकल गाड़ियों की सहायता से आग को पूरी तरह बुझा दिया गया। उन्होंने बताया कि इस आग को बुझाने में करीब 20 से 25 मिनट का समय लगा। इस हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, और किसी के फंसे होने की भी खबर नहीं है। हालांकि, आग से फ्लैट में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। फ्लैट के अंदर आग किस वजह से लगी यह अभी तक पता नहीं लग पाया है, लेकिन जिला दमकल अधिकारी ने बताया की बालकनी की तरफ से आग नहीं लगी थी ,फ्लैट के अंदर की तरफ से ही आग लगी थी तो ऐसा प्रतीत होता है या तो वह लोग कोई दीपक जला हुआ फ्लैट में छोड़कर चले गए थे या कोई शार्ट सर्किट होने की वजह से आग लगी है।

# छठ पूजा: नोएडा स्टेडियम मैदान में बनेगा कृत्रिम जलाशय

## ● 160 फुट का सबसे लंबा और 60 फुट चौड़ा होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




नोएडा के सेक्टर 21ए स्थित नोएडा स्टेडियम के ग्राउंड में इस बार छठ पूजा मनाने वाले भक्तों को पिछले बार से बढ़कर सबसे बड़ा कृत्रिम जलाशय देखने को मिलेगा। जिसकी तैयारी आज से शुरू कर दी गई हैं।

प्रवासी महासंघ नोएडा के पदाधिकारियों ने नोएडा स्टेडियम में रविवार को बैठक कर छठ महोत्सव पर होने वाले कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। मीडिया प्रभारी अनुज त्रिपाठी ने बताया कि इस बार दिल्ली एनसीआर का सबसे बड़ा कृत्रिम जलाशय नोएडा स्टेडियम के ग्राउंड पर उनकी समिति द्वारा तैयार किया जाएगा।

जिसकी लंबाई 160 फुट होगी वहीं इसकी चौड़ाई 60 फुट रहेगी। जिसमें आराम से बड़ी संख्या में लोग जलाशय में उतरकर सूर्य देवता को अर्घ्य दे सकेंगे। इस बार कृत्रिम जलाशय को करीब 10 कुंतल गुलाब के फूलों से सजाया जाएगा। जहां उतरकर व्रती महिलाएं सूर्य देवता को अर्घ्य देंगी।

नोएडा स्टेडियम में छठ पूजा की आयोजन समिति के अध्यक्ष आलोक वत्स ने बताया कि इस बार छठ पूजा में करीब 1 लाख लोगों के आने की संभावना है। जिसको लेकर बड़े स्तर पर समिति की ओर से प्राधिकरण के सहयोग से तैयारियां की जा रही है। जिसके लिए गेट से लेकर जलाशय तक आने के लिए भक्तों के लिए सुगम स्थान दिया जाएगा। ताकि छठ के कठिन व्रत को रखने वाली महिलाओं को कोई भी समस्या न हो। नोएडा स्टेडियम में आयोजित होने वाले छठ महोत्सव में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। ताकि किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी न हो सके। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष टीएन चौरसिया ने बताया कि इस बार करीब 25 सीसीटीवी कैमरे पूरे कार्यक्रम के परिसर की निगरानी करेंगे। वहीं हर एक कोने कोने की निगरानी रखने के लिए 4 ड्रोन कैमरे भी निगरानी करेंगे। वहीं सुरक्षा दृष्टि के तहत फायर उपकरण भी जगह-जगह लगाए जाएंगे।

### चार महीने बाद खुला दीनदयाल ऑडिटोरियम

**गाजियाबाद।** चार महीने से बंद नेहरू नगर स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम का ताला आखिरकार खुल ही गया। ऑडिटोरियम का संचालन करने वाली कंपनी की ओर से बकाया राशि का भुगतान किए जाने पर सील परिसर को खोल दिया गया है।

बकाया जमा नहीं कराने पर सात अगस्त को निगम ने कंपनी के खिलाफ वसूली की कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से रिकवरी सर्टिफिकेट जारी की थी। बड़े बकाएदारों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान 19 जून को नगर निगम के टैक्स विभाग ने कार्रवाई करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम को सील कर दिया था। इस ऑडिटोरियम के संचालन का जिम्मा संभाल रही कंपनी पर निगम का लगभग 1.89 करोड़ बकाया था।

# गोदाम में लगी आग से फैली दहशत

## आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की 25 गाड़ियां मौके पर पहुंची, शहर हुआ धुआं-धुआं

- सेक्टर-21 के रिहायशी क्षेत्र में बना है गत्ता गोदाम

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

यहां सेक्टर-21 में बने एक गत्ता गोदाम में लगी आग से क्षेत्र में दहशत फैल गई। लोग भय के चलते अपने घरों से भी बाहर निकल गए। आग से क्षेत्र में धुआं फैल गया। दूर-दूर तक आग की लपटें देखी गई। सूचना पाकर दमकल विभाग की एक के बाद एक 25 गाड़ियां पहुंची। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

जानकारी के अनुसार सेक्टर-21 रिहायशी क्षेत्र में एक गत्ता गोदाम बना हुआ है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि उनके इस क्षेत्र में कई ऐसे अवैध गोदाम बने हुए हैं। कोई सुरक्षा व्यवस्था यहां पर नहीं है। लोग डर के साये में रहते हैं। यहां बने गत्ता गोदाम में अचानक लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जब तक कोई कुछ समझ पाता, आग पूरे गोदाम में फैल चुकी थी। गत्ता होने के कारण आग फैलती ही जा रही थी। आग की सूचना दमकल विभाग को दी गई। जब तक विभाग की गाडियां मौके पर पहुंची, आग बहुत अधिक बढ़ गई थी। दूर-दूर तक आग की लपटें नजर आ रही थी। क्षेत्र में फैले धुएं के कारण लोगों को भी परेशानी हो रही थी। लोग डर के चलते अपने घरों से बाहर निकल गए। आग लगने के कारणों का कुछ पता नहीं चल पाया। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। एक के बाद एक यहां दमकल विभाग की गाड़ियां पानी लेकर पहुंची।

घंटों तक संघर्ष करते हुए दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। 25 गाड़ियां मौके पर पहुंची। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि यहां बने अवैध गोदाम पर कार्रवाई की जाएगी। उनके मालिकों के खिलाफ केस दर्ज किए जाएं। क्योंकि उन्होंने गोदाम भी अवैध बना रखे हैं और कोई सुरक्षा उपाय नहीं कर रखे। क्षेत्र में ये गोदाम खतरा बने हुए हैं।


सेक्टर-21 में बने गत्ता गोदाम में लगी आग।

## बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** पुलिस ने बाइक चोरी करने के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की हुई 1 बाईक व बाईक चुराने के प्रयोग में लायी जाने वाली एक मास्टर-की भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार 26 अक्टूबर को थाना सेक्टर-40 में ग्रीनवुड सिटी नजदीक हुड्डा मार्किट सेक्टर-40 में रहने वाले एक व्यक्ति ने शिकायत देकर कहा था कि 25/26 अक्टूबर की रात को उसके मकान के सामने खड़ी बाईक चोरी कर ली गई। उनकी शिकायत पर थाना सेक्टर-40 में केस दर्ज किया गया। अपराध शाखा डीएलएफ फेज-4 की टीम ने इंचार्ज उप-निरीक्षक विनय के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए चोरी करने की वारदात को अंजाम देने वाले 3 आरोपियों को काबू किया। आरोपियों की पहचान बलविन्द्र, रंजीत सिंह व हरदीप सिंह उर्फ रांझा के रूप में हुई है। वे राजस्थान के जिला भरतपुर के ांव गांव गढ़तेसकी के रहने वाले हैं। फिलहाल वे गांव कादरपुर (गुरुग्राम) में रह रहे थे।

# तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रही महिला को मारी टक्कर, मौत

- करीब 45 मिनट बाद पहुंची एंबुलेंस, तुरंत इलाज न मिलने के कारण घायल ने तोड़ा दम
- छह माह पहले बिहार से फरीदाबाद काम की तलाश में आए थे दंपति
- पति सुनील का दर्द, अकेले कैसे पालूंगा 9 साल की बेटी को

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 स्थित अजरौंदा मेट्रो स्टेशन के पास सड़क पार कर रही एक महिला को एक तेज रफ्तार एसयूवी कार ने टक्कर मार दी। इससे महिला की मौत हो गई। कार के आगे और पीछे शीशे पर पुलिस का स्टीकर लगा हुआ था।

फिलहाल महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। मृतका के पति सुनील ने बताया कि उसकी पत्नी द्रोपदी (32) वर्ष कोठी में काम कर घर वापस लौट रही थी। अचानक एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह सड़क पर जा गिरी। इस हादसे की जानकारी आसपास के लोगों ने उन्हें दी। सूचना मिलने के बाद वे घटनास्थल पर पहुंचे। सुनील के मुताबिक लगभग पौने घंटे तक उनकी पत्नी को टक्कर मारने वाले एम्बुलेंस के आने का इंतजार करते रहे।

जब एम्बुलेंस आई तब घायल को बादशाह खान अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और उनकी पत्नी की मौत हो चुकी थी। सुनील ने बताया कि वह बिहार के दरभंगा गांव कमतौल के रहने वाले हैं जो 5 महीने पहले ही फरीदाबाद में अपनी पत्नी और 9 साल के बेटी के साथ रोजी-रोटी कमाने के लिए आए थे।

सुनील के मुताबिक उनकी पत्नी बिहार में बीमार हुई थी जिसके चलते इलाज की वजह से उनके ऊपर कर्जा हो गया था। उसी कर्ज को चुकाने के लिए उनकी बहन ममता ने उन्हें फरीदाबाद में बुलाया था और दोनों को नौकरी पर लगवाया था उन्हें मालूम होता कि उनकी पत्नी के साथ ऐसा हादसा हो जाएगा तो वह बिहार से कभी नहीं आते वह नमक रोटी खाकर वही गुजारा कर लेते।

# तीनों मंडियों में 30 हजार 299 टन खरीदा जा चुका है बाजरा

- मंडियों से फसल का कराया जा रहा है उठान
- फसल की खरीद नियमित रूप से जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

जिला की सोहना, पटौदी व फरूखगर मंडी में बाजरा की खरीद का कार्य सरकारी मानदंडों के अनुरूप किया जा रहा है। अब तक जिला में 32 हजार 569.1 मीट्रिक टन बाजरा 2625 रूपए प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा जा चुका है। यह जानकारी जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने रविवार को दी।

हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन ने फरूखनगर मंडी में 5870.5 मीट्रिक टन, सोहना मंडी में 6747.5 मीट्रिक टन तथा पटौदी मंडी में 19 हजार 951.1 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद हुई है। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत 15 हजार 248 किसान बाजरा बेचने के लिए मंडियों में आ चुके हैं।

खरीद के साथ-साथ फसल के उठान का कार्य भी नियमित रूप से किया जा रहा है। हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन ने फरूखनगर मंडी से 3600 मीट्रिक टन, सोहना मंडी से 5400 मीट्रिक टन और पटौदी मंडी से 19 हजार 318.35 मीट्रिक टन बाजरा लिफ्ट कर गोदामों में पहुंचा दिया है।

कुल 28 हजार 318.35 मीट्रिक टन बाजरा वेयरहाउस के गोदामों में भेजा जा चुका है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि फिलहाल फर्रूखनगर मंडी में 2270 मीट्रिक टन, सोहना मंडी में 1347.5 मीट्रिक टन तथा पटौदी मंडी 632.75 मीट्रिक टन सहित कुल 4 हजार 250.75 मीट्रिक टन बाजरा मंडियों से उठाया जाना बाकी है। फसल के उठान के लिए अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

## निराश्रित बच्चों को मिलती है 1850 रुपये मासिक वित्तीय सहायता

**गुरुग्राम।** प्रदेश में निराश्रित बच्चों को सरकार की ओर से 1850 रुपये मासिक वित्तीय सहायता दी जाती है। हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा एक परिवार में दो बच्चों तक 1850 रुपये प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है।

जिले में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं। जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है।

वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता का लाभ पात्र है।

# सौ दिन में से 25 दिन घटे पर नई दिखी सफाई: माईकल सैनी

- गुड़गांव के विधायक ने 100 दिन में शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने की कही थी बात
- हर बार की तरह इस बार भी कूड़े के ढेरों पर मनानी पड़ी दिवाली
- सरकार का तंत्र पूरी तरह से हो चुका है फेल

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


माइकल सैनी।

मिलेनियम शहर गुरुग्राम में सफाई को लेकर जो दावे किए गए हैं, उन पर कोई काम नहीं हो रहा। 100 दिन में शहर को गंदगी मुक्त करने की बात कही गई थी, जिसमें से 25 दिन घट चुके हैं। इन 25 दिनों में कुछ बदलाव नजर नहीं आया। हालत यह रही कि हर बार की तरह से इस बार भी गुरुग्राम वासियों ने कूड़े के ढेरों पर ही दिवाली मनाई। समाजसेवी माईकल सैनी ने सरकार, प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सफाई व्यवस्था को लेकर इस तरह से सवाल उठाए हैं।

माईकल सैनी ने कहा कि कई साल से गुरुग्राम के लोग गंदगी के बीच जी रहे हैं। जिधर नजर दौड़ाओ वहीं पर गंदगी के ढेर नजर आते हैं। हर गली, हर मुहल्ले, हर कालोनी, हर सेक्टर में सफाई व्यवस्था के नाम पर दिखावा हो रहा है। घरों से गंदगी नहीं उठाई जा रही है। गंदगी उठाने के नाम पर लोगों से वसूली जरूर हो रही है। इस पर ना तो सरकार ही गंभीर नजर आ रही है और ना ही नगर निगम प्रशासन।

जिस मुख्यमंत्री ने सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को लताड़ लगाई थी। अगले सप्ताह सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने की बात कही थी, वे भी अपने इस कथन को भूल गए हैं। माईकल सैनी ने कहा कि सरकार की उदासीनता के कारण ही अधिकारी बेलगाम हो रहे हैं। शायद उन्हें लगता है कि सरकार उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। अगर जरा सा भी डर अधिकारियों में होता तो मुख्यमंत्री के कहने के बाद सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर दी गई होती। गुड़गांव से भाजपा के विधायक चुने गए मुकेश शर्मा ने 100 दिन में सफाई व्यवस्था सुधारने का दावा किया था, अब 100 दिन में से 25 दिन बीत चुके हैं। इन 25 दिनों में सफाई कहीं नजर नहीं आई।

माईकल सैनी ने कहा कि सफाई के साथ-साथ टूटी सड़कों पर भी खानापूर्ति की जा रही है। कहीं कहीं तो सड़कें बनाई ही नहीं जा रही। सेक्टर-10 चौक से गाड़ौली गांव होते हुए द्वारका एक्सप्रेस-वे तक सड़क का बुरा हालत है। गहरे गड्ढे हैं। एक तरफ की सड़क से तो लोगों ने आना-जाना ही छोड़ दिया है। करीब एक साल पहले नगर निगम ने बजट पास होने की बात कही थी। थोड़ा सा टुकड़ा बनाकर दिखा दिया गया। उन्हें अंदेशा है कि कहीं पूरी सड़क बनाने के बिल पास ना हो गए हों। इसलिए सरकार को इसकी जांच करानी चाहिए।

कुछ सड़कें बनाई गई हैं, जो 15 दिन भी नहीं चलीं और टूट गई हैं। सोहना अड्ढा की सड़क पर फिर से गहरे गड्ढे हो गए हैं। गुरुग्राम में तीन स्तरीय प्रशासन जिला प्रशासन, नगर निगम और जीएमडीए है, लेकिन वर्षों से गुरुग्राम की बदहाली को नहीं सुधारा जा रहा।

# कोहरे से बचाव के लिए रिफ्लेक्टर टेप जरूर लगाएं: डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन की टीम ने रविवार को पलवल आगरा चौक पर सड़क सुरक्षा जागरूक अभियान चलाया गया। उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ के आदेशानुसार व प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण पलवल डीटीओ जितेंद्र कुमार के निर्देश पर मोटर व्हीकल एक्ट 2019 जागरूकता अभियान के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल हरियाणा सरकार के सदस्य सरदार देवन्द्र सिंह सैनी ने ट्रैफिक पुलिस के साथ ई रिक्शा, साईकिल व अन्य वाहनों पर कोहरे से बचाव के लिए रिफ़्लेक्टर टेप लगाई और ई रिक्शा चालकों को अपनी हाई सिक्योरिटी प्लेट जल्द से जल्द लगवाने के बारे में बताया। फाउंडेशन वाइस प्रेसिडेंट बिजेंद्र सैनी ने यहां खड़े ज़मेटो कंपनी के दुपहिया वाहन चालकों को समझाया कि वे उल्टी दिशा में वाहन बिल्कुल ना चलाएं। कई बार जल्दी खाना पहुंचाने के चक्कर में नियम तोड़ देते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जातें हैं। जून 2021 से नक़ली हेलमेट लगाने व बेचने पर भी जुर्माना है इसलिए हमेशा ईएसआई मार्क हेलमेट पहनें। दुपहिया वाहन चालकों को अपने अपने हेलमेट की सेफ़्टी बेल्ट लगाने के बारे में बड़ी जानकारी दी। अक्सर जल्द बाज़ी में हेलमेट की बेल्ट नहीं लगाते और सड़क पर कोई झटका लगने से हेलमेट दूर गिर जाता है जिसका कोई फ़ायदा नहीं इसलिए हमेशा हेलमेट की बेल्ट ज़रूर लगाएं। दुपहिया पर साइड शीशे ज़रूर लगाए वरना आपका चालान कट सकता है। दुपहिया पर दोनों सवारियों को हेलमेट लगाना ज़रूरी है। प्रेशर हॉर्न के इस्तेमाल पर भी जुर्माना है।

जागरूकता अभियान में ट्रैफिक पुलिस जीत सिंह व साथी महेंद्र, गजराज, हेमंत एवं रॉड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन से डॉ जितेंद्र, बिजेंद्र सैनी, राकेश सैनी व रतन सिंह एवं स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल हरियाणा सरकार के सदस्य सरदार देवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# सिर में फावड़ा मारकर की गई हत्या में एक आरोपी गिरफ्तार

- अभी गिरफ्तारी से दूर हैं कई आरोपी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

नीमका गांव के जमीन विवाद में हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस चौकी आईएमटी बल्लभगढ़ में हरेंद्र निवासी नीमका ने एक शिकायत दी। उसने अपनी शिकायत में बताया कि करीब 45 दिन पहले कुछ लोगों ने उनके खेत की नहरी पानी की नाली काट दी थी। एक नवंबर को वह अपने भाई केविंदर, पिता जीत सिंह और चाचा के लड़के रणमस्त के साथ नाली बना रहे थे। तभी मौके पर रमेश, देवेंद्र, केशराम, टिकू आ गए और गाली गलौज करने लगे और उन्होंने बब्बे निवासी मुझेड़ी और अन्य 5 से 6 लोगों को मौके पर बुला लिया और झगड़ा शुरू कर दिया। इसी दौरान झगड़े में उन लोगों ने भाई केविंदर के सिर में फावड़ा से वार कर दिया। चोट लगने के कारण केविंदर मौके पर ही बेहोश होकर गिर गया। जिस दौरान शोर मचा दिया तो ये सभी लोग मौके से भाग गए और मैं मेरे पिताजी और चचेरा भाई रणमस्त अपने भाई केवेंद्र को इलाज के लिए सर्वोदय अस्पताल ले गए।

केविंदर की हालत ज्यादा खराब होने पर ट्रॉमा सेंटर दिल्ली ले गए जहां पर इलाज के दौरान केविंदर को लगी चोट के कारण मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शिकायत पर पुलिस चौकी ने थाना सदर बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी केशराम को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी गांव नीमका के रहने वाला है। आरोपी को पूछताछ के बाद रिमांड पर लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार


शिक्षामंत्री से मुलाकात करते राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

### शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री से समस्याओं पर की चर्चा

**गुरुग्राम।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा से विनोद ठाकरान कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, तरुण सुहाग प्रधान राजेश शर्मा महासचिव एवं संगठन के राज्य और जिला पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के निवास स्थान पानीपत में आकर उनको दीपावली पर्व व शिक्षा मंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला गुरुग्राम प्रधान अशोक प्रजापति ने बताया कि राज्य प्रधान तरुण सुहाग की स्कूल, बच्चों और शिक्षकों की समस्याओं पर बातचीत हुई है जिसमें प्रमोशन हुए शिक्षकों की सूची शीघ्र जारी करने, एकल अध्यापक स्कूलों में अध्यापकों स्थाई व्यवस्था, अतर जिला स्थानांतरण, प्राथमिक विद्यालय में सफाई कर्मचारी की व्यवस्था के लिए कहा। शिक्षा मंत्री ने जल्दी ही शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों से बातचीत के बाद चंडीगढ़ सचिवालय में संघ को बैठक के लिए जल्दी ही आमंत्रित किया जाएगा। गुरुग्राम से दुष्यंत ठाकरान, रामचंद्र यादव, विवेक जैमिनी, अशोक कादियान बलविंदर धारीवाल, ज्ञान सिंह, आदि शामिल थे।

### विधानसभा चुनाव खर्च के मिलान के लिए बैठक आज

**गुरुग्राम।** हरियाणा विधानसभा आम चुनाव में गुड़गांव विधानसभा के व्यय पर्यवेक्षक रहे कुंदन यादव ने सोमवार 4 नवंबर को संबंधित विधानसभा में चुनावी उम्मीदवार रहे प्रत्याशियों की बैठक बुलाई है। सिविल लाइन्स स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सुबह 10:30 बजे आयोजित होने वाली इस अंतिम बैठक में चुनाव आयोग द्वारा जारी अद्यतन दिशा निर्देश एवं नियमों की पालना में चुनावी खर्च का मिलान किया जाएगा। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि गुड़गांव विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रविंद्र कुमार द्वारा बैठक के संबंध में सभी प्रत्याशियों को सूचना दी गई है। जिसमें खर्च मिलान से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज लाने के लिए कहा गया है।

### यातायात नियम तोड़ने वाले तीन चालक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का उलंघना करने वाले वाहन चालको के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लाईन चेंज के मामले दर्ज कराए गए हैं। पुलिस ने इस संबंध में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गिरफ्तार आरोपियों में दयासागर, अख्तर और मेहरचन्द का नाम शामिल है। दयासागर कैम्प रेलवे कालोनी तुगलकाबाद नई दिल्ली, अख्तर गांव नांगल पलवल और मेहरचन्द भिवानी का रहने वाला है। मेहर चन्द के खिलाफ क्राउन इंटिरियर मॉल के पास लाईन चेंज की घटना का मामला थाना सराया ख्वाजा, अख्तर के खिलाफ ओल्ड मैट्रो स्टेशन के सामने मथुरा रोड और दयासागर के खिलाफ गुडियर चौक पर यातायात नियमों का उलंघना करने पर कार्रवाई करते हुए संबंधित थानों में लाइन चेंज का मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

# पुलिस-पब्लिक के बीच सामंजस्य बनाने, कानून व्यवस्था मजबूत करने पर जोर

- सेक्टर-5 थाना प्रभारी ने गणमान्य लोगों के साथ की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


सेक्टर-5 में सुरक्षा व्यवस्था व अन्य मुद्दों को लेकर बैठक लेते सेक्टर-5 एसएचओ।

पुलिस-पब्लिक के बीच सामंजस्य बनाने, कानून व्यवस्था मजबूत करने को लेकर सेक्टर-5 थाना प्रभारी ने क्षेत्र के मौजिज लोगों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान दिनेश वशिष्ठ ने की।

थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने हका कि अगर किसी के साथ साइबर फ्रॉड होता है तो सीधे 1930 फोन नम्बर डायल करें, जिससे आपको तुरंत पुलिस विभाग द्वारा मदद मिलेगी। पीड़ित के बैंक से लेनदेन तुरंत रोक दिया जाएगा। आप इस तरह से साइबर अपराध से बच सकते हैं। किसी अनजान व्यक्ति को अपने बैंक अकाउंट व मोबाइल पर आए ओटीपी की जानकारी ना दें। साइबर अपराध से जानकारी ही बचाव है। पुष्कर राज शर्मा सेक्टर-5 ने कहा कि हम थाना प्रभारी कुलदीप सिंह व उनकी टीम का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने शीतला माता मंदिर के बाहर बैरिकेड लगवाए जिसकी वजह से दिवाली पर मंदिर के सामने जाम देखने को नही मिला। कुलदीप सिंह ने आए सभी लोगों से अपील की कि अपने अपने इलाके में किसी भी किरायेदार, घरेलू नौकर व ड्राइवर रखते समय पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाएं। अपने घर व गली में सीसीटीवी कैमरा जरूर लगवाएं। सभी मिलकर अपनी-अपनी गली में पूरे दिन के लिए चोकीदार रखें। गुरुग्राम को अपराध मुक्त बनाने में पुलिस की मदद करें। क्षेत्रवासी सुरेश अनेजा ने कहा कि पुलिस पब्लिक मीटिंग में बिजली व एमसीजी, एचएसवीपी और जीएमडीए के अधिकारियों को भी सामिल किया जाए, जिससे कुछ समस्याओं का तुरंत समाधान हो।

सेक्टर के आसपास अवैध फल व दूसरी रेहड़ियां लगती हैं, जिससे सुरक्षा को खतरा है।

# बहनों ने की भाई की लंबी उम्र की कामना

- भाई-बहन के रिश्ते पर आधारित है भाई दूज का त्योहार

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


भैया दूज पर भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती बहन।

दीपावली के 5 दिवसीय पर्वों की श्रृंखला में रविवार को भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। यम द्वितीया के नाम से भाई दूज का पर्व भाई-बहन के रिश्ते पर आधारित पर्व है, जिसे बड़ी श्रद्धा और परस्पर प्रेम के साथ मनाया जाता है। रक्षाबंधन के बाद भाईदूज ऐसा दूसरा त्योहार है, जो भाई बहन के अगाढ़ प्रेम को समर्पित है।

भाई दूज पर बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लम्बी उम्र की कामना की। भाईयों ने अपने सामर्थ्यनुसार उपहार भी भेंट किए। सुबह से ही बहनों का अपने भाईयों के घर पहुंचना शुरु हो गया था। शहर में पूरे दिन लोगों का आवागमन चलता रहा। कोई बहन अपने भाई के घर रेलगाड़ी से पहुंची तो कोई बसों से, मेट्रो में भी अच्छी खासी भीड़ दिखाई दी। त्योहारों को लेकर पंडित मनोज शर्मा का कहना है कि पौराणिक कथाओं में उल्लेख है कि सूर्यदेव की पत्नी छाया की कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ। यमुना अपने भाई यमराज से निवेदन करती थी कि वह उसके घर आकर भोजन करें, लेकिन यमराज व्यस्त रहने के कारण यमुना की बात को टाल जाते थे। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना स्नान कर अचानक यमराज को खड़ा देखकर हर्ष-विभोर हो गई। प्रसन्नचित्त हो भाई का स्वागत-सत्कार किया तथा भोजन कराया। इससे प्रसन्न होकर यमराज ने बहन से वर मांगने को कहा। तब बहन ने भाई से कहा कि आप प्रतिवर्ष इस दिन मेरे यहां भोजन करने आया करें तथा इस दिन जो बहन अपने भाई को टीका करके भोजन कराए उसे आपका भय न रहे। यमराज तथास्तु कहकर यमपुरी चले गए। ऐसी मान्यता है कि जो भाई आज के दिन यमुना में दान कर पूरी श्रद्धा से बहनों के आतिथ्य को स्वीकार करते हैं उन्हें तथा उनकी बहन को यम का भय नहीं रहता।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 4 नवंबर, 2024



# हरियाणा में निकाय चुनाव की हलचल शुरू

## तीन निगम पार्षदों ने थामा भाजपा का दामन, मुख्यमंत्री ने पटका पहनाकर पार्टी में कराया शामिल



पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा में निकाय चुनाव की हलचल शुरू हो गई है। प्रदेश में नगर निगम चुनाव के ऐलान से पहले रविवार को पंचकूला में अभूतपूर्व घटनाक्रम के दौरान नगर निगम के तीन पार्षदों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी की मौजूदगी में भाजपा का दामन थाम लिया। इनमें एक पार्षद ने निर्दलीय तो एक ने जननायक जनता पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ा था तो एक ने भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ा था।

हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता की मौजूदगी में चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंची पंचकूला नगर निगम की निर्दलीय पार्षद ओमवती पुनिया एवं जजपा से चुनाव लड़े पार्षद सुशील गर्ग ने भाजपा में आस्था जताई। वहीं पार्षद सुनीत सिंगला ने भी मुख्यमंत्री की मौजूदगी में घर वापसी की। मुख्यमंत्री ने तीनों पार्षदों को पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा परिवार में शामिल किया। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं को पार्टी में पूरा मान और सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर ही पार्टी लगातार चुनाव जीतती आ रही है। हरियाणा में कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही तीसरी बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तीनों पार्षदों को भरोसा देते हुए कहा कि आप लोगों को पार्टी में पूरा मान और सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हरियाणा का सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित होकर कर रही है। भाजपा में शामिल हुई पार्षद ओमवती पूनिया और सुशील गर्ग और सुनीत सिंगला ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया। उन्होंने सीएम सैनी को विश्वास दिलाते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। पार्षदों ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो बिना भेदभाव के विकास के काम कर रही है।

जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि मोदी और नायब सैनी सरकार में युवा, किसान, मजदूर, व्यापारी, श्रमिक, गृहणी, कर्मचारी सहित सभी वर्गों के हित पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं।

# डूम समाज के लोगों के साथ भोजन कर कांग्रेस की घेराबंदी तोड़ेंगे सीएम

- आज मुख्यमंत्री आवास पहुंचेगे डूम जाति के प्रतिनिधि
- गोहाना रैली में नायब सिंह ने सुरजेवाला को कहा था डूम
- दलितों का अपमान बताकर सरकार को घेरने का प्रयास कर रही है कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को डोम कहे जाने के बाद शुरू हुए विवाद का पटाक्षेप करने अब मुख्यमंत्री खुद मैदान में उतरे हैं। हरियाणा के इतिहास में सोमवार को पहली बार डोम (डूम) समाज के प्रतिनिधि मुख्यमंत्री के अतिथि बनने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री इस समाज के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात करके उनकी समस्याओं को जानेंगे तथा उनके साथ भोजन करेंगे।

कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने चंडीगढ़ में प्रेस कांफ्रेंस करके हरियाणा सरकार पर पंजीकृत किसानों की धान की खरीद न करने का आरोप लगाया था। सुरजेवाला ने इस संबंध में कई तथ्य पेश किए तो कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने उसी दिन मीडिया में आकर पलटवार किया। इसके बाद एक नवंबर को हरियाणा दिवस के मौके पर गोहाना में एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रणदीप सुरजेवाला को सरकारी डूम कहा था, जिसके बाद कांग्रेस इसे दलितों का अपमान बता रही है। कांग्रेस लगातार मुख्यमंत्री को इस मुद्दे पर घेर रही है।

नायब सैनी बयान के बाद रणदीप सुरजेवाला ने भी सैनी पर पलटवार करते हुए उन्हें 'एक एक्सीडेंटल मुख्यमंत्री' करार देते हुए कहा था कि नायब सैनी अहंकार में चूर होकर डूम दलित समाज का अपमान कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों से भाजपा तथा कांग्रेस के नेता इस मुद्दे पर एक-दूसरे को घेर रहे हैं।

इस खींचतान को समाप्त करने के लिए भाजपा ने बड़ा दांव खेल दिया है। हरियाणा में डूम समाज के प्रतिनिधि सोमवार को चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचकर मुख्यमंत्री नायब सैनी का अभिनंदन करेंगे। मुख्यमंत्री इस समाज के लोगों के साथ संवाद करके उनकी समस्याओं को जानेंगे।

# भगवान विश्वकर्मा को श्रमिकों ने किया याद

**गुरुग्राम।** विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्रतिष्ठानों में शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना का आयोजन श्रमिकों ने धूमधाम से किया, जिसमें श्रमिक व प्रबंधन भी शामिल हुई। कामगारों ने अपने कार्यस्थल की सफाई की, वहीं औजारों व मशीनों की पूजा-अर्चना कर शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा को याद किया। प्रतिष्ठानों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि-विधान के अनुसार उनकी पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना भी की। पूरे दिन प्रतिष्ठानों में उत्सव जैसा वातावरण रहा। पूजा स्थल को केले के पत्तों व फूलों से सजाया गया। श्रमिक नेताओं कुलदीप जांघू, अनिल पंवार, हरिकृष्ण गोदारा, सत्यवान, नरेश कुमार, राजेश पटेल आदि ने भगवान विश्वकर्मा को याद करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं के लिए भी अनेक भव्य महलों, आलीशान भवनों, हथियारों व सिंहासनों का निर्माण किया था। उन्होंने महर्षि दधीचि की हड्डियों से देवताओं के राजा इंद्र के लिए वज्र भी बनाया था।

# गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के शीघ्र चुनाव कराए सरकार: अजराना

- एचएसजीएमसी चुनाव में मतदान के लिए ज्यादा से ज्यादा वोट बनवाए सिख संगत

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रदेश प्रवक्ता स. कंवलजीत सिंह अजराना ने हरियाणा सरकार से प्रदेश में जल्द सिख गुरुद्वारा कमेटी के चुनाव कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अलग कमेटी बनने के बाद से ही एडहॉक कमेटी कार्यरत है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद बनी कमेटी के मुकाबले में संगत द्वारा चुनी हुई कमेटी ज्यादा प्रभावी ढंग से कार्य कर सकती है। अजराना ने सरकार से मांग कि है कि हरियाणा में संगत की कमेटी बननी चाहिए जिसमें संगत धर्म और गुरुद्वारा प्रबंधन को बेहतर ढंग से संभालने वाले जन प्रतिनिधि चुन सकेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सिख समाज को बांटकर राजनीति करने वाली षड्यंत्रकारी ताकतों को संगत पहचान चुकी है अब किसी की दाल गलने वाली नहीं। संगत की मांग है कि हरियाणा में जल्द चुनाव हों जिसके लिए संगत पूरी तरह तैयार है।

अजराना ने अपने कुरुक्षेत्र स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत में सिख समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की वोटर लिस्ट में अधिक से अधिक नाम दर्ज करवाए। प्रदेश सरकार द्वारा पहले नाम दर्ज करवाने के लिए ली जाने वाली 100 रुपये की फीस को अब खत्म कर दिया है। वोट बनवाने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है।

# हावड़ा मेल के एक डिब्बे में धमाका, चार लोग घायल

**चंडीगढ़।** पंजाब के फतेहगढ़ जिले में सरहिंद रेलवे स्टेशन के पास हावड़ा मेल के सामान्य श्रेणी के एक डिब्बे में हुए धमाके में चार लोग घायल हो गए। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे की है, जब अमृतसर से हावड़ा जा रही ट्रेन के एक डिब्बे में पटाखों से भरी एक प्लास्टिक की बाल्टी में धमाका हुआ। इस घटना में एक महिला समेत चार यात्री घायल हो गए। जीआरपी के पुलिस उपाधीक्षक जगमोहन सिंह ने बताया कि घायलों को फतेहगढ़ साहिब के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि धमाका ट्रेन के सामान्य श्रेणी के डिब्बे में एक प्लास्टिक की बाल्टी में हुआ, जिसमें कुछ पटाखे रखे थे। सिंह ने बताया कि घटना की जांच जारी है।

# आतिशबाजी की चिंगारी से कबाड़ के गोदाम में लगी आग

- फायर ब्रिगेड ने आधे घंटे में पाया काबू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बल्लभगढ़ क्षेत्र में रात को कबाड़ के एक गोदाम में आग लग गई। आसपास के लोगों ने पानी फेंक कर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग भड़क गई। सूचना के करीब 15 मिनट बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां पहुंची। अग्रसेन पुलिस चौकी इंचार्ज संदीप कुमार भी मौके पर पहुंचे। माना जा रहा है कि गोदाम में आतिशबाजी की चिंगारी के कारण आग लगी थी।

चौकी इंचार्ज संदीप ने बताया कि कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के पीछे रेवतीशरण नाम का व्यक्ति की कबाड़े का गोदाम है। रात को गोदाम के आसपास कुछ लोग पटाखे चला रहे थे। आतिशबाजी की चिंगारी गोदाम के अंदर चली गई। धीरे-धीरे वहां पर आग बढ़ती चली गई। धुआं देखकर आसपास रहने वाले लोगों ने अपने घरों की बाल्टियों से पानी फेंक कर आग को बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग बुझी नही। स्थानीय लोगों ने ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी थी।

15 मिनट बाद फायर ब्रिगेड की एक साथ दो गाड़ियां मौके पर आई ओर गोदाम के अंदर भड़की आग पर काबू पाया। हालांकि इसमें किसी के जान का नुकसान नहीं हुआ है। सिर्फ कबाड़ गोदाम के अंदर रखा सारा सामान जल गया है।

आसपास के लोगों से जानकारी पूछताछ की तो लोगों ने बताया कि आतिशबाजी से निकली कोई चिंगारी गोदाम के अंदर चली गई। आग पर आधे घंटे के अंदर काबू पा लिया गया।

# गर्भवती महिला की संदिग्ध हालात में मौत

- गले पर फंदे और शरीर पर चोट के निशान
- 6 साल पहले दंपति ने की थी लव मैरिज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सुभाष कॉलोनी में एक लगभग 23 वर्षीय शादीशुदा युवती की मौत का मामला सामने आया है। गौरतलब है कि युवती ने सुभाष कॉलोनी के रहने वाले विजय के साथ 24 जुलाई 2018 में लव मैरिज की थी। मृतका विजयलक्ष्मी के शादी के बाद से दो बच्चे थे और विजयलक्ष्मी अभी लगभग 5 महीने की गर्भवती थी। जिसकी बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

इस मामले में मृतका के भाई दिनेश और पिता ने विजयलक्ष्मी के पति विजय और ससुर रमेश व सास द्रोपदी पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि लव मैरिज के बाद से ही उसका पति विजय और उसके माता-पिता दहेज के रूप में मकान बनाने के लिए 2 लाख रुपए की डिमांड कर रहे थे, तभी से उनकी बेटी को परेशान किया जाता था। इतना ही नहीं, कई बार तो उसे कमरे में बंद कर पीटा भी जाता था। दिनेश ने बताया कि विजयलक्ष्मी ने जब से लव मैरिज की थी, उसे घर आने नहीं दिया जाता था और ना ही किसी से उसको मिलने दिया जाता था।

बीती रात विजयलक्ष्मी के पति विजय के मामा के लड़के दीपक का फोन आया। उसने बताया कि विजयलक्ष्मी की तबीयत खराब है, आप बीके अस्पताल में आ जाओ। इसके बाद जब वह बादशाह खान सिविल अस्पताल में विजयलक्ष्मी से मिलने के लिए पहुंचा तो वहां पर मौजूद विजय और उसके माता-पिता और अन्य रिश्तेदारों ने विजयलक्ष्मी से मिलने नहीं दिया। इसकी जानकारी उसने अपने परिवार वालों को दी। इसके बाद उसके परिजन पहुंचे तब तक तक विजयलक्ष्मी को बादशाह खान सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखा जा चुका था। उन्हें विजयलक्ष्मी के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं गले पर भी फांसी का फंदा लगने का निशान मिला है।

## कैदी ने बॉथरूम में फंदा लगाकर की आत्महत्या

**फरीदाबाद।** नीमका जेल में बंद एक कैदी ने बॉथरूम में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जेल प्रशासन ने शव पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। 36 वर्षीय प्रमोद 20 जुलाई को जिला जेल में बंद हुआ था। लड़ाई झगड़े में एक व्यक्ति की हुई मौत के मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था।

# कुरुक्षेत्र में पहली बार तीनों संस्थाएं मिलकर मनाएंगी छठ: सुधा

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 7 नवंबर को छठ पूजा कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगें। इस बार बह्मसरोवर के पावन तट पर एक ऐतिहासिक छठ पूजा का कार्यक्रम होगा। इस बार तीनों संस्थाएं मिल कर कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शनिवार को देर सायं सैक्टर आवास कार्यालय पर तीनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने छठ पर्व सेवा समिति हरियाणा के अध्यक्ष संतोष पासवान, श्री गौ-गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के अध्यक्ष कथावाचक अनिल शास्त्री, श्री पूर्वाचल छठ पर्व महासभा के अध्यक्ष राजीव राय, देवेंद्र यादव महा सचिव, प्रबोद पांडे, राम पवित्र, रंगनाथ शास्त्री एवं अन्य लोगों के साथ लंबी बातचीत की और सभी ने पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के साथ सहमति व्यक्त की और इस बार छठ पूजा पर्व को एक साथ मनाने का निर्णय लिया है।

# मिड-डे-मील में विद्यार्थियों को मिलेंगे मिलेट्स व्यंजन

- नवंबर में चारों सप्ताह में अलग-अलग होगा मेन्यू

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

मिड-डे-मील में विद्यार्थियों को मिलेट्स व्यंजन परोसे जाएंगे। शिक्षा विभाग ने सर्दी के मौसम को देखते हुए नवंबर माह के मिड-डे-मील में बदलाव किया है। मौसम बदलाव को देखते हुए शिक्षा विभाग की ओर से मोटे अनाज के साथ पोषक तत्वों से भरपूर विटामिन युक्त आहार परोसने के निर्देश जारी किए हैं।

नवंबर माह के पहले सप्ताह में मिड-डे-मील में सोमवार को सोया खिचड़ी, मंगलवार को मीठा दलिया, बुधवार को चावल और सफेद चना, गुरुवार को चना दाल खिचड़ी और शुक्रवार को मिस्सी परांठा व दही परोसी जाएगी। दूसरे शनिवार पर स्कूलों में अवकाश रहेगा। दूसरे सप्ताह में सोमवार को दाल चावल, मंगलवार को रोटी व मूंग-मसूर की दाल, बुधवार को मिस्सी रोटी व मौसमी सब्जी, गुरुवार को मीठे मूंगफली युक्त चावल और शनिवार को गेहूं रागी का पूड़ा विद्यार्थियों की थाली में होगा। शुक्रवार को गुरु नानक जयंती पर स्कूलों में छुट्टी रहेगी।

तीसरे सप्ताह के पहले दिन सोमवार को सब्जी पुलाव व काला चना, मंगलवार को रोटी व घीया चना दाल, बुधवार को राजमा चावल, गुरुवार को कढ़ी पकोड़ा व चावल, शुक्रवार को गुड़ रोटी व दही और शनिवार को मिलेट्स परांठा व दही परोसी जाएगी। चौथे सप्ताह में स्कूलों में विद्यार्थियों की मिड-डे-मील थाली पोषक तत्वों से युक्त होगी। सोमवार को सोया खिचड़ी, मंगलवार को मीठा दलिया, बुधवार को चावल व सफेद चना, गुरुवार को चना दाल खिचड़ी, शुक्रवार को मिस्सी पराठा व दही और शनिवार को दाल-चावल परोसे जाएंगे।

# दस जिलों के उपायुक्त तो चार के एडीसी बदले

- सरकार ने जारी की 27 आईएएस की तबादला सूची
- निकाय चुनाव से पहले बदले आठ निगमों के आयुक्त

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

प्रदेश में आईपीएस अधिकारियों के तबादलों के बाद सरकार ने अब 27 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। सरकार ने एक साथ दस जिलों के उपायुक्त तथा चार जिलों के अतिरिक्त उपायुक्तों का तबादला कर दिया है। हरियाणा में नगर निगम चुनाव किसी भी समय हो सकते हैं। जिसके चलते सरकार ने रविवार को आठ नगर निगमों के आयुक्तों को भी बदल दिया है।

सरकार द्वारा रविवार को जारी सूची के अनुसार वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सीजी रजनीकांथन को प्रदेश का नया वित्त सचिव लगाया गया है। पंचकूला के उपायुक्त यश गर्ग को उद्योग एवं वाणिज्य तथा एमएसएमई विभाग का निदेशक लगाया गया है। अभी तक मानेसर नगर निगम के आयुक्त का जिम्मा संभाल रहे आईएएस अशोक कुमार गर्ग अब गुरुग्राम नगर निगम के आयुक्त तथा जिला निगम आयुक्त के पद पर तैनात होंगे।

कुरुक्षेत्र के जिला उपायुक्त राजेश जोगपाल को सहकारी सभा विभाग का रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है।

नूंह के जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड ?टा को अब रोहतक का जिला उपायुक्त तथा पर्यावरण तथा वन एवं वन्य प्राणि विभाग का विशेष सचिव नियुक्त किया गया है।

आईएएस धर्मेंद्र सिंह को सहकारिता विभाग में विशेष सचिव तथा रोहतक जिला निगम आयुक्त लगाया गया है। आईएएस राम कुमार सिंह को राजस्व, आपदा प्रबंधन तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में विशेष सचिव लगाया गया है।

झज्जर के उपायुक्त शक्ति सिंह अब सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक होंगे। वर्ष 2013 बैच के आईएएस एवं रोहतक में उपायुक्त का जिम्मा संभाल रहे अजय कुमार अब गुरुग्राम के जिला उपायुक्त होंगे। इसके अलावा उन्हें माता शीतला देवी श्राईन बोर्ड का मुख्य प्रशासक का कार्यभार भी सौंपा गया है। आईएएस प्रदीप दहिया झज्जर के जिला उपायुक्त होंगे। आईएएस मनीष शर्मा को चरखी-दादरी का जिला उपायुक्त लगाया गया है। आईएएस अनिश यादव को हिसार के जिला उपायुक्त के साथ-साथ हरियाणा मेडिकल सर्विस कारपोरेशन के एमडी तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण हिसार का प्रशासक का कार्यभार भी सौंपा गया है।

आईएएस मोनिका गुप्ता पंचकूला की जिला उपायुक्त तथा माता मनसा देवी श्राईन बोर्ड की मुख्य प्रशासक होंगी। आईएएस प्रशांत पंवार को नूंह का जिला उपायुक्त तथा मेवात विकास एजेंसी का सीईओ लगाया गया है। आईएएस प्रीती को जिला उपायुक्त कैथल, नेहा सिंह को जिला उपायुक्त कुरुक्षेत्र,राहुल नरवाल को एमडी कॉनफैड, डॉ.विवेक भारती को महेंद्रगढ़ का जिला उपायुक्त लगाया गया है।

डॉ.बह्मजीत सिंह रांगी को पानीपत नगर निगम का आयुक्त, वीके मीना को एडीसी फरीदाबाद, डॉ.वैशाली शर्मा को करनाल नगर निगम आयुक्त तथा जिला निगम आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसके अलावा सचिन गुप्ता को एडीसी अंबाला, अपराजिता को पंचकूला नगर निगम आयुक्त तथा जिला निगम आयुक्त के पद पर तैनात किया गया है। सरकार द्वारा जारी सूची के अनुसार आईएएस वैशाली सिंह हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण गुरुग्राम की प्रशासक होंगी। वर्ष 2019 बैच के आईएएस नीरज को हिसार नगर निगम का आयुक्त, आनंद कुमार शर्मा को एडीसी महेंद्रगढ़ तथा रेणु सोगान को मानेसर नगर निगम का आयुक्त लगाया गया है।

# चेष्टा लर्निंग सिस्टम फाउंडेशन ने आत्मरक्षा शिविर लगाया

**फरीदाबाद।** चेष्टा लर्निंग सिस्टम फाउंडेशन ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, एक दिवसीय आत्मरक्षा शिविर का आयोजन सेक्टर 7 के शास्त्री पार्क में आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण तकनीकों को सिखाना और समाज में आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। शिविर में प्रशिक्षित चेष्टा जो कि राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी हैं, ने आत्मरक्षा के गुण सरल और प्रभावी तकनीकों का प्रदर्शन किया जो किसी भी प्रकार की कठिन परिस्थिति में काम आ सकती हैं। आत्मरक्षा तकनीकों में हाथों और पैरों का उपयोग, आपातकालीन परिस्थितियों में बचने के उपाय, और हमलावर से सुरक्षित दूरी बनाने के तरीके शामिल थे। फाउंडेशन का मानना है कि महिलाओं-बच्चों में आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना बेहद महत्वपूर्ण है।

# फसल अवशेष प्रबंधन पर मिलेंगे प्रति एकड़ एक हजार रुपए: डीसी

- खेतों में आग लगाने से होता है वायु प्रदूषण, किसानों को दिए जा रहे हैं अनुदान पर यंत्र

पायनियर समाचार सेवा। कुरूक्षेत्र

धान उत्पादक किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए हरियाणा सरकार एक हजार रुपए प्रति एक? के हिसाब से प्रोत्साहन राशि प्रदान करेगी। उपायुक्त राजेश जोगपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि किसान धान की कटाई के बाद अपने खेत में आग न लगाएं।

आग लगाने से वायु प्रदूषण होता है और मिट्टी के पोषक तत्व भी नष्ट हो जाते हैं। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन योजना एसबी-82, 2024-25 के तहत अवशेषों को मशीनों की सहायता से मिट्टी में मिलाने पर किसानों को प्रति एकड़ एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि धान अवशेषों को मिट्टी में मिलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढेगी तथा वातावरण को स्वच्छ रखने में सहायता मिलेगी। जिला के किसान हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, रिवर्सेबल एमबी प्लॉव व जीरो टिल सीड ड्रील की सहायता से धान अवशेषों को मिट्टी में मिलाकर प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक किसान को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। उपायुक्त ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसान को विभागीय पोर्टल एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर आवेदन करना होगा। ग्राम स्तरीय कमेटी (वीएलसी) से सत्यापन होने के बाद पात्र किसानों को प्रोत्साहन राशि का लाभ दे दिया जाएगा।

# 'पराली जलाने पर होगी सख्त कार्रवाई'

- इन घटनाओं में लिप्त किसानों से अब तक वसूला जा चुका है 1 लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना: उपायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि जिले में पराली जलाने की घटनाएं किसी भी सूरत में सहन नहीं की जाएंगी और अगर कोई भी व्यक्ति पराली जलाते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में 60 जगहों पर आगजनी की घटनाओं से सम्बन्धित 1 लाख, 50 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। इसके अलावा 84 किसानों के फार्म में रेड एंट्री भी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि गांवों और ब्लॉक लेवल पर अधिकारियों की विशेष रूप से ड्यूटी लगाई गई है तथा खेतों में आगजनी की घटना न हों, इसके लिए विशेष तौर पर 416 गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं फील्ड में तैनात टीमों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां पर भी खेतों में आगजनी की घटना (पराली जलना) की शिकायत मिलती है वे मौके पर पहुंचकर सम्बन्धित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि पराली जलने से वातावरण प्रदूषित होता है, वहीं मानव जीवन के स्वास्थ्य पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ता है, इतना ही नहीं भूमि के अंदर जो मित्र कीट होते हैं वह भी नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि खेतों में आगजनी की घटनाओं के तहत इसकी सूचना पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर भी दी जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन का मकसद चालान काटना नहीं है अपितु किसानों को जागरूक करते हुए पराली का सही निस्तारण करने के बारे में बताना है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डा. कर्मचन्द ने कहा कि जिले में पराली प्रबंधन हेतु पर्याप्त मशीनरी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि किसानों को लगातार जागरूक किया जा रहा है कि पराली में बिल्कुल भी आग न लगाएं।

**सीएसबी बैंक लिमिटेड**
सीआईएन: U65191KL1920PLC000175
पंजी. कार्यालय : त्रिशूर जोनल कार्यालय, प्रथम और द्वितीय तल, सनातन धर्मवर्ल्ड यूनिवर्सिटी ट्रस्ट, 20, साउथ पटेलनगर, मेट्रो पिलर नंबर 193 के सामने, नई दिल्ली-110008
CSB Bank

परिशिष्ट 4-क
(नियम 8(6) कापरंतुक देखें)
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्रीसूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार (सीएसबी बैंक लिमिटेड) के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्तियां, जिनका **भौतिक कब्जा** सीएसबी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **24.09.2024** को लिया जा चुका है, कर्जदार, **मैसर्स आर.बी. ओवरसीज** (पार्टनरशिप फर्म), सी-9/3, वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली-110052, माध्यम से - इसके पार्टनर्स और गारंटर **श्री हरीश चौहान,** पुत्र श्री एम.एल. चौहान, निवासी ए-58, अमृत नगर, कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली-110003 तथा **श्रीमती उषा रानी** पत्नी श्री हरीश चौहान, निवासी ए-58, अमृत नगर, कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली-110003 की तरफ सीएसबी बैंक लिमिटेड, नई दिल्ली शाखा अवस्थित जी-36, भू तल, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली की 30.09.2024 तक डब्ल्यूसीटीएल में बकाया राशि रू. **5,73,83,140.76 + 01.10.2024** की प्रभावी तिथि से मासिक अंतरालों पर लागू ब्याज + दंड ब्याज, यदि कोई + लागत और अन्य प्रभारों की वसूली के लिए दिनांक **16.12.2024 को "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएगी।

| अचल सम्पत्तियों का वर्णन | सुरक्षित मूल्य (रू. में) | धरोहर राशि जमा (रू. में) |
|---|---|---|
| 1. सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : श्री हरीश चौहान द्वारा स्वाधिकृत, साउथ एक्सटेंशन पार्ट 1, ग्राम कोटला मुबारकपुर, अमृत नगर, नई दिल्ली-110003 में स्थित खसरा नंबर 121 की अंश रूप 100 वर्ग गज परिमाप भूमि (कुल क्षेत्रफल 200 वर्ग गज का हिस्सा) में आवासीय सम्पत्ति एमसीडी नंबर 58 (अब 58 कही जाती है) जिसमें बेसमेंट के साथ चार मंजिली बिल्डिंग है, जिसका कुल निर्मित क्षेत्रफल 4500 वर्ग फीट है और जो निम्नानुसार परिबद्ध है :- **पूरब :- रोड, उत्तर :- उक्त सम्पत्ति का बाकी पोर्शन (प्लॉट नंबर 58 का अंश), पश्चिम :- सर्विस लेन, दक्षिण :- सम्पत्ति सं. 57** | रु. 2,53,50,000/- | रु. 25,35,000/- |
| 2. सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : श्री हरीश चौहान द्वारा स्वाधिकृत, ग्राम कोटला मुबारकपुर, अमृत नगर, नई दिल्ली-110003 में स्थित खसरा नंबर 121 की अंश रूप आवासीय सम्पत्ति सं. 58 का सम्पूर्ण द्वितीय तल, जिसका परिमाप 900 वर्ग फीट है और जो निम्नानुसार परिबद्ध है :- **पूरब :- रोड, उत्तर :- सम्पत्ति सं. 59, पश्चिम :- सर्विस लेन, दक्षिण :- प्लॉट नंबर 58ए (प्लॉट नंबर 58 का अंश)** | रु. 56,50,000/- | रु. 5,65,000/- |
| योग | रु. 3,10,00,000/- | रु. 31,00,000/- |

**ऋणभार :- सीएसबी बैंक लिमिटेड को कोई ऋणभार ज्ञात नहीं (सीएसबी बैंक लिमिटेड के पास बंधक के सिवाय)**

***एस.ए. नंबर 270/2023 (मैसर्स आर.बी. ओवरसीज एवं अन्य बनाम सीएसबी बैंक लिमिटेड) माननीय ऋण वसूली न्यायाधिकरण-।।, नई दिल्ली के समक्ष लम्बित है।**


**जोनल कार्यालय, पटेल नगर, दिल्ली में निविदा प्रस्तुतीकरण की आरंभ तिथि 04.11.2024 पूर्वा. 11.00 बजे है और जोनल कार्यालय, पटेल नगर, दिल्ली में निविदा प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 13.12.2024 अप. 5.00 बजे से पूर्व है। सीलबंद निविदाएं प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 16.12.2024 को पूर्वा. 11.30 बजे उपलब्ध/उपस्थित बोलीदाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सीएसबी बैंक लिमिटेड, जोनल कार्यालय, प्रथम और द्वितीय तल, सनातन धर्म वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ट्रस्ट, 20, साउथ पटेल नगर, मेट्रो पिलर नंबर 193 के सामने, नई दिल्ली-110008 में खोली जाएंगी।** बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया सीएसबी बैंक लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार, की वेबसाइट नामतः **www.csb.co.in** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

तिथि : 29.10.2024
स्थान : नई दिल्ली
(प्राधिकृत अधिकारी)

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

### कच्छ से संदेश

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने सैनिकों संग दीपावली मना कर राष्ट्र और उसके रक्षकों के प्रति असीम सम्मान और समर्थन का उदाहरण दिया है। गुजरात के कच्छ से प्रभावशाली संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की संप्रभुता के प्रति अपनी सरकार की अडिग प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि भारत अपनी जमीन का 'एक इंच हिस्सा' भी नहीं छोड़ेगा। सुरक्षा बलों के साथ दीपावली मनाते हुए इस संदेश में सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया है कि वह राष्ट्र की रक्षा में 21वीं शताब्दी की चुनौतियों को पूरा करेगी। मोदी ने सैनिकों से कहा, 'जब दुनिया आप को देखती है तो वह भारत की शक्ति देखती है। जब हमारे विरोधी आपको देखते हैं तो वे अपनी दुष्टतापूर्ण योजनाओं का अंत देखते हैं।' गुजरात के कच्छ क्षेत्र में लक्की नाला में सीमा सुरक्षा बल-बीएसएफ, भारतीय सेना, नौसेना व वायु सेना कर्मियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता दुहराई कि वह देश की सेना को दुनिया की एक सर्वाधिक उत्कृष्ट सेना बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिकीकरण प्रयासों से आत्मनिर्भरता पर जोर दिया जा रहा है जो भारत के रक्षा क्षेत्र के प्रति आधिकारिक दृष्टिकोण का केन्द्र है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीमा पर्यटन की कम-चर्चित भूमिका पर भी चर्चा की। उनका विश्वास है कि इससे राष्ट्रीय सुरक्षा को रणनीतिक महत्व मिलेगा। कच्छ के महत्वपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र के रूप में महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्रों में पर्यटन को प्रोत्साहन देने से जागरूकता बढ़ाने में सहायता मिलेगी, देशभक्ति की भावना पैदा होगी तथा नागरिकों में देश के रक्षा यथार्थ की समझ बढ़ेगी।



यह दीपावली भारतीय सशस्त्र बलों के साथ त्योहार मनाने की मोदी की पवित्र परंपरा का एक और साल रहा। 2014 से प्रधानमंत्री विभिन्न मोर्चों पर सैनिकों के साथ दीपावली मनाते आ रहे हैं। इससे देश के रक्षकों के प्रति उनकी एकजुटता तथा आभार प्रकट होता है। हर साल उनकी दीपावली यात्रा सैनिकों के साथ गहरे भावनात्मक लगाव का क्षण बनती है जिससे नेता और सैनिकों के बीच परस्पर सम्मान का आदर्श साझा होता है। प्रधानमंत्री रक्षा क्षेत्र में लगातार आत्मनिर्भरता पर जोर दे रहे हैं, ऐसे में उनके शब्द न केवल राष्ट्र को आश्वस्त करते हैं बल्कि यह शत्रुओं को चेतावनी भी हैं। वास्तव में भारत की सुदूर सीमाओं पर खड़े सैनिक शांति के सिपाही हैं और प्रधानमंत्री के साथ उनकी दीपावली उस एकता और दृढ़ता की प्रतीक है जो भारत को आगे ले जाती है। जब त्योहार के समय परिवार आनन्द उठाने के लिए एकसाथ एकत्र होते हैं तब नायकों का एक मौन व दृढ़ समूह ऐसा भी होता है जो अपने प्रियजनों के साथ इन क्षणों को भूल कर देश की आत्मा और हृदय की रक्षा करता है। सीमाओं पर रक्षक की तरह तैनात हमारे सैनिक दृढ़ता, साहस और देशभक्ति के प्रतीक हैं जो व्यक्तिगत बलिदान की भावना से भी आगे जाते हैं। वे आग उगलते सूरज से लेकर कड़ाके की ठंड जैसी सर्वाधिक कठोर स्थितियों तथा अनजानी चुनौतियों का सामना करते हैं ताकि हमारे उत्सव निर्बाध, सुरक्षित और आनन्ददायक बने रहें। दीपावली जैसे त्योहार के मौसम में इस बलिदान के और गहरे अर्थ हैं। जब हम अपने घरों में दिए जलाते हैं तो ये बहादुर सैनिक अपने कर्तव्य के प्रकाश में सीमाओं पर चौकीदार की तरह तैनात रह कर देश को किसी खतरे से बचाते हैं। वे अपने त्योहार खुले आसमान के नीचे, परिवार और प्रियजनों की गर्मजोशी से दूर बिताते हैं। ऐसे समय वे केवल अपने कर्तव्य की भावना तथा देश के प्रति गहरे प्रेम से संचालित होते हैं।

# म्यांमार में बदली स्थितियां

**म्यांमार में विपक्ष द्वारा महत्वपूर्ण व्यापार गलियारों समेत प्रमुख क्षेत्रों पर नियंत्रण सुनिश्चित करने से सैनिक शासक के अधिकार वाले क्षेत्रों में लगातार कमी आ रही है**



हिरण्यमय कार्लेकर
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



म्यांमार के सैनिक शासक को लगातार पराजय का सामना करना पड़ रहा है और उसकी सत्ता खतरे में है। बहुत से लोगों की सोच की तुलना में उसके और जल्दी पतन की उम्मीद है। म्यांमार की सेना 'सिट-टैट' की नवीनतम व सर्वाधिक गंभीर पराजय 8 अक्टूबर, 2024 को पिनलेब्यू शहर पर काचिन स्वतंत्र सेना-किया के कब्जे के रूप में सामने आई है। यह सैनिक शासक का मुकाबला कर रही गठबंधन सेनाओं की महत्वपूर्ण विजय है। सैगांग क्षेत्र तथा काचिन राज्य की सीमा पर स्थित इस शहर पर विपक्ष के कब्जे से उसका उस रास्ते पर नियंत्रण हो गया है जो कालिन शहर को पड़ोसी क्षेत्रों से जोड़ता है। अपने भू-रणनीतिक महत्व के साथ ही इस शहर पर कब्जे से सिट-टैट की स्थिति का पता चल गया है। यह सैनिक शासक की भारी पराजय है।

खबरिया वेबसाइट 'द इरावडी' द्वारा 14 अक्टूबर, 2024 को सा लिन की प्रकाशित रिपोर्ट में विपक्षी नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट के हवाले से दावा किया गया है कि यहां सैनिक शासक के 800 सैनिकों को इस तथ्य के बावजूद पराजय का सामना करना पड़ा कि उसके पक्ष में 670 हवाई हमले हुए तथा 5,000 से ज्यादा बम गिराए गए। इसमें सैनिक शासक के 70 सैनिक मारे गए, 275 गायब हैं, 225 घायल हुए, 48 ने आत्मसमर्पण कर दिया तथा लड़ाई के दौरान 102 को बंदी बनाया गया। इसके साथ ही लगभग 400 हथियार तथा अन्य सैनिक उपकरण भी विपक्षी सैनिकों द्वारा जब्त किए गए। इस रिपोर्ट में कालिन जिला जन-रक्षा टीम के नेता थो गाई के हवाले से बताया गया है कि जंगलों व पहाड़ों से घिरे पिनलेब्यू का बचाव करना आसान तथा इस पर हमला करना कठिन था। 2022 में पहली बार हमले के बाद इस पर चार हमले हुए थे जो लगभग सफल रहे थे, पर सैनिक शासक को मिले वायुसेना के समर्थन तथा सैनिकों को विमानों से लाने के कारण विपक्ष को विजय नहीं मिल सकी थी। इसके बावजूद 15 अगस्त, 2024 को शुरू हुआ पांचवां हमला सफल रहा।

थो गाई ने बताया कि दुश्मन कमजोर था। जिन लोगों को जबरन या भर्ती कानून के अंतर्गत भर्ती किया गया था, उनमें लड़ने की हिम्मत नहीं थी और लड़ाई शुरू होते ही उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। अन्य सैनिकों ने भोजन समाप्त होने तथा लड़ने में अक्षम होने पर आत्मसमर्पण कर दिया। सिट-टैट को इसके अलावा अन्य कमजोरियों का भी सामना करना पड़ रहा है। उसके भीतर आंतरिक मतभेद उभरे हैं। अनेक तीन-सितारा जनरलों को हटा दिया गया है। अनेक युवा अधिकारी असंतुष्ट हैं क्योंकि वे समझ गए हैं कि लगभग पूरा देश उनके खिलाफ है।

पिनलेब्यू के पहले सैनिक शासक-विरोधी बलों ने उत्तरी मांडले के चार अन्य शहरों पर कब्जा कर लिया था। 'अल ज़ज़ीरा' में 23 सितंबर, 2024 को एंड्रयू नाकमेशन की प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार इन शहरों पर विपक्ष के कब्जे से मांडले शहर उनके हमले के दायरे में आ गया है जो म्यांमार का दूसरा सबसे बड़ा शहर है और वहां लगभग दो मिलियन लोग रहते हैं। वास्तव में विपक्षी 'थ्री ब्रदरहुड एलायंस' गठन होने और उसके द्वारा हमला बोलने के बाद से सिट-टैट को अनेक पराजयों का सामना करना पड़ा है। 27 अक्टूबर, 2023 को शुरू हुए इस हमले का नाम 'आपरेशन 1027' दिया गया है। इस एलायंस में उत्तरी शान राज्य के कोकांग विशेष क्षेत्र में सक्रिय म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस आर्मी-एमएनडीएए, शान राज्य में सक्रिय तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी-टीएनएलए तथा देश के पश्चिमी हिस्से के राखीन राज्य में सक्रिय अराकान आर्मी-एए शामिल हैं। इनके बीच विपक्षी नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट की सैनिक शाखा पीपुल्स डिफेंस फोर्स-पीडीएफ निकट समन्वय बनाए रखती है। इसके साथ ही करेन नेशनल लिबरेशन आर्मी-केएनएलए और करेन नेशनल आर्मी जैसी नस्ली सेनायें भी सैनिक शासक के खिलाफ युद्ध कर रही हैं।

एए ने पूरे राखीन राज्य को अप्रैल, 2024 में अपने नियंत्रण में ले लिया था। एक प्रमुख घटना के रूप में एमएनडीएए ने 31 जुलाई, 2024 को दावा किया कि उने सिट-टैट के लाशियो सैनिक अड्डे पर कब्जा कर लिया। यह चीन की सीमा से सटे शान राज्य के शहर और उसके हवाईअड्डे के निकट है। यह सैनिक शासक के लिए भारी नुकसान था। 5 अगस्त, 2024 को 'द न्यूयार्क टाइम्स' में प्रकाशित लेख में विवेक शंकर ने संकेत किया था कि 'लाशियो शहर और उसका हवाईअड्डा चीन के यूनान प्रांत के महत्वपूर्ण व्यापारिक गलियारे के निकट है। चीन यहां सीमा के दोनों ओर हाईस्पीड रेल नेटवर्क तथा अन्य ढांचागत परियोजनायें तैयार करने में करोड़ों डालर खर्च कर रहा है।' विपक्षी बलों ने म्यांमार की सीमाओं तथा उसके पहाड़ी क्षेत्रों के बड़े हिस्सों पर कब्जा कर लिया है, हालांकि सेना का बड़े शहरों तथा केन्द्रीय इरावडी घाटी के निचले क्षेत्रों पर अभी कब्जा बना हुआ है। अब सैनिक शासक का शहरों और कस्बों से भी नियंत्रण समाप्त होता जा रहा है। विवेक शंकर ने उपरोक्त लेख में बताया है कि सैनिक शासक का विरोध करने वाले बलों का अब 'म्यांमार के लगभग 75 शहरों और कस्बों तथा दो हवाईअड्डों पर कब्जा है। इनमें से एक पश्चिम में राखीन राज्य का थरीड्वे तथा दूसरा लाशियो है।' अब सैनिक शासक के खिलाफ स्थितियां तेजी से बदल रही हैं।

असंदिग्ध रूप से सैनिक शासक के पास टैंक तथा अन्य बख्तरबंद वाहन, तोपें और वायुसेना है। लेकिन नस्ली बलों के कब्जे वाले क्षेत्रों में टैंकों और बख्तरबंद वाहनों की तैनाती आसान नहीं है। घने जंगलों, गहरे नालों तथा खड़ी ढलानों वाले क्षेत्र छापामार युद्ध के लिए आदर्श हैं और सैनिक शासक-विरोधी बल इसका लाभ उठा रहे हैं। इन क्षेत्रों में सैनिक-शासक द्वारा संचालित सेनायें ज्यादा प्रभावी नहीं हो पा रही हैं। इसके साथ ही सभी जानते हैं कि केवल हवाई हमलों या तोपखाने के बल पर लड़ाइयां नहीं जीती जा सकती हैं। भले ही सेनाओं को अत्यधिक प्रशिक्षित सैनिकों तथा भारी तोपखाने का समर्थन प्राप्त हो, पर वे भी आम जनता से लड़ाई में सफल नहीं हो सकती हैं। यदि ऐसा होता तो अमेरिका को वियतनाम में विजय मिलती।

ऐसे में प्रमुख सवाल यह है कि क्या म्यांमार के सैनिक शासक दीवाल की लिखावट देख पा रहे हैं? ऐसा लगता है कि सैनिक शासक अपनी बुरी स्थितियों और लगातार हो रही पराजयों से आहत और घबराए हुए हैं। 26 सितंबर, 2024 को 8 बजे शाम को प्रसारण में सैनिक शासक ने पहली बार विपक्षी सशस्त्र प्रतिरोधी समूहों को एक रियायत देने का ऐलान किया। सैनिक शासक की ओर से एक बयान में कहा गया, 'राज्य ने बड़ी संख्या में मानव संसाधन, ढांचागत संरचनायें तथा लोगों का जीवन और संपत्तियां खोई हैं। इसका कारण यह है कि कुछ व्यक्ति और संगठन सशस्त्र आतंकवाद और सशस्त्र संघर्ष के रास्ते पर चल रहे हैं, लेकिन वे राजनीतिक तरीकों से राजनीतिक समस्याओं का समाधान नहीं निकालना चाहते हैं।'

इस बयान में निहित आरोपी स्वरों और अविश्वसनीय अंतर्निहित विरोधाभास से स्पष्ट है कि आखिरकार विपक्षी बलों ने इसे क्यों स्वीकार नहीं किया। विद्रोही बलों के अनेक कमांडरों, नस्ली सेनाओं तथा विपक्षी एनयूजी सरकार ने फौरन सैनिक शासक के इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। 'द न्यूयार्क टाइम्स' में 27 सितंबर, 2024 को प्रकाशित सुई-ली वी की रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र इंस्टीट्यूट फार पीस के म्यांमार कार्यक्रम के विजिटिंग वरिष्ठ विशेषज्ञ ये मायो हीन के हवाले से कहा गया, 'इस घोषणा के पीछे चीन को खुश करने का इरादा है।' हो सकता है कि ऐसा ही हो।

वी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सैनिक शासक का समर्थन करने के साथ ही बीजिंग उत्तरी म्यांमार में नस्ली सशस्त्र समूहों से भी बात कर रहा है। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने अगस्त, 2024 में म्यांमार की यात्रा कर सैनिक शासक से राजनीतिक सुलह-समझौता करने तथा चुनाव कराने की बात कही थी। लेकिन सैनिक शासक द्वारा सूकी से बातचीत के कोई संकेत नहीं हैं। जेल में सूकी की हालत बहुत खराब है और उनकी मृत्यु भी हो सकती है। इसका दोष सैनिक शासक पर लगेगा। लेकिन इसके दोषी पश्चिमी लोकतंत्र भी होंगे क्योंकि अब उनको म्यांमार की स्थितियों की कोई चिन्ता नहीं है।

# जॉब मार्केट और भारतीय शिक्षा प्रणाली

> "व्यापक नियोजन के साथ, पुनर्जीवित शिक्षा प्रणाली राष्ट्रीय समृद्धि और सामाजिक स्थिरता के लिए उत्प्रेरक बन सकती है।"

आरपी गुप्ता
(लेखक, स्तम्भकार हैं)



आज की औद्योगिक अर्थव्यवस्था में, औपचारिक शिक्षा व्यक्तिगत और राष्ट्रीय विकास की रीढ़ बन गई है। मूल रूप से लॉर्ड मैकाले द्वारा 1830 के आसपास शुरू की गई, औपचारिक शिक्षा ने स्वतंत्रता के बाद गति पकड़ी, जिससे भारत को कृषि प्रधान से औद्योगिक अर्थव्यवस्था में बदलने में मदद मिली। हालांकि, जैसे-जैसे नौकरी बाजार विकसित हुआ है, शिक्षा प्रणाली द्वारा प्रदान किए गए कौशल और कार्यबल की ज़रूरतों के बीच एक चिंताजनक बेमेल उभर कर आया है। इस असमानता के कारण उच्च बेरोज़गारी दर हुई है, विशेष रूप से शिक्षित युवाओं के बीच, जबकि कुछ क्षेत्रों में कुशल श्रमिकों की कमी का अनुभव होता है। इस प्रकार, भारत की शिक्षा नीति को रोज़गार की ज़रूरतों के साथ बेहतर तालमेल बिठाने और देश के विकास लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए महत्वपूर्ण सुधार की आवश्यकता है। मानव पूंजी निस्संदेह किसी राष्ट्र की वृद्धि और विकास के लिए सबसे मूल्यवान संसाधन है। हालांकि, इस संपत्ति का लाभ उठाने के लिए, इसे अर्थव्यवस्था में उचित रूप से लगाया जाना चाहिए। ऐसा न करने पर गरीबी दर और संभावित सामाजिक अशांति में वृद्धि हो सकती है। सार्थक रोज़गार और आर्थिक सुधार के लिए, कार्यबल को बाज़ार की मांगों के अनुरूप कौशल से लैस होना चाहिए। शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को पाटकर भारत बेरोजगारी को कम कर सकता है, आय के स्तर को बढ़ा सकता है और समग्र आर्थिक दक्षता में सुधार कर सकता है।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के एक सर्वेक्षण के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में, केवल 12 प्रतिशत नौकरी-धारक स्नातक थे। अधिकांश, 40 प्रतिशत ने केवल हाई स्कूल (10वीं कक्षा) पूरा किया था, 28 प्रतिशत ने हाई स्कूल पूरा नहीं किया था, और शेष 20 प्रतिशत की शिक्षा का स्तर 5वीं कक्षा से नीचे था। आश्चर्यजनक रूप से, स्नातकों के बीच बेरोजगारी दर 17.2त्न थी, जबकि हाई स्कूल स्नातकों के लिए यह 10.2 प्रतिशत और निम्न शिक्षा स्तर वाले लोगों के लिए 1.6 प्रतिशत थी। यह डेटा बताता है कि भारत की शिक्षा नीति इसकी रोजगार मांगों के साथ मेल नहीं खाती है, जो बदलाव की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है।

इस सुधार में पहला कदम विभिन्न क्षेत्रों में वर्तमान और भविष्य की श्रम मांगों का आकलन करने के लिए एक व्यापक सर्वेक्षण आयोजित करना होना चाहिए। इस तरह के सर्वेक्षण से युवाओं को अपनी शिक्षा और करियर पथ के बारे में सूचित निर्णय लेने में मदद मिलेगी। इस डेटा का उपयोग करके, नीति निर्माता एक गतिशील, उत्तरदायी शिक्षा प्रणाली बना सकते हैं जो बदलती बाजार आवश्यकताओं के साथ विकसित होती है। सबसे पहले, मैट्रिकुलेशन तक बुनियादी शिक्षा पूरी करने को सार्वभौमिक रूप से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जरूरतमंद लोगों के लिए वित्तीय सहायता कार्यक्रम प्रदान किए जा सकते हैं। शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए योग और खेल जैसी शारीरिक गतिविधियों को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। मानवता, नैतिकता और राष्ट्रवाद पर प्राचीन शिक्षाओं को भी एक जिम्मेदार, दयालु समाज बनाने के लिए शामिल किया जा सकता है। मैट्रिकुलेशन पूरा करने के बाद, छात्रों को इंजीनियरिंग, नर्सिंग और आतिथ्य प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में छोटे, विशेष पाठ्यक्रमों (2-4 साल) तक पहुंच मिलनी चाहिए। बाजार की मांग के आधार पर इस मॉडल को व्यापक क्षेत्रों को कवर करने के लिए विस्तारित किया जा सकता है।

इन पाठ्यक्रमों में औपचारिक शिक्षा को व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ मिलाना चाहिए, जिसमें नौकरी की आवश्यकताओं के अनुसार पाठ्यक्रम की अवधि अलग-अलग होनी चाहिए। उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए, पाठ्यक्रम को नौकरी के बाजार द्वारा मांगे जाने वाले कौशल को प्रतिबिंबित करने के लिए अनुकूलित किया जाना चाहिए, और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए अनिवार्य इंटर्नशिप शुरू की जानी चाहिए। संचार और समस्या-समाधान जैसे सॉफ्ट स्किल विकसित करना भी आवश्यक है। भारत की बढ़ती आबादी के साथ, बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों द्वारा समर्थित नए शैक्षणिक संस्थान खोलना आवश्यक है।

अनुसंधान और नवाचार किसी भी देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत को देश की दीर्घकालिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शोध करने वाले छात्रों के एक चुनिंदा समूह का समर्थन करना चाहिए। हालांकि, घरेलू स्तर पर शोध भूमिकाओं के लिए सीमित बाज़ार को देखते हुए, कई विद्वान विदेशों में अवसर तलाशने के लिए मजबूर हैं। केंद्र और राज्य दोनों सरकारों को शोध संस्थानों में निवेश करना चाहिए, कुशल शोधकर्ताओं को बनाए रखने के लिए अधिक धन उपलब्ध कराना चाहिए और भारत के भीतर नवाचार को प्रोत्साहित करना चाहिए।

भारत के कार्यबल का लगभग 50त्न हिस्सा स्व-रोज़गार में है, जिसमें एक बड़ा हिस्सा किसान और छोटे व्यवसाय के मालिक हैं। हालाँकि, ये व्यक्ति अक्सर वेतनभोगी पदों पर काम करने वालों की तुलना में कम कमाते हैं और वैकल्पिक अवसरों की कमी के कारण स्व-रोज़गार में प्रवेश कर सकते हैं।

औद्योगिक क्षेत्र से परे, कुशल और अर्ध-कुशल श्रमिकों की महत्वपूर्ण मांग है, जिसमें ड्राइवर, इलेक्ट्रीशियन, राजमिस्त्री, रसोइया और सुरक्षा गार्ड आदि शामिल हैं। कई स्व-रोज़गार वाले व्यक्ति, जैसे कि शिल्पकार और मरम्मत तकनीशियन, ने अपने व्यापार को अनौपचारिक रूप से सीखा है, अक्सर बिना वेतन के। औपचारिक शिक्षा के साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण उनकी कमाई की क्षमता को काफी हद तक बढ़ा सकता है।

उदाहरण के लिए, वाहन रखरखाव और यातायात नियमों में प्रमाणन वाले शिक्षित ड्राइवर के लिए बेहतर नौकरी की संभावनाए होंगी और उन्हें उच्च वेतन मिल सकता है।

## आप की बात

### इंदौर में उपद्रव

**शांति प्रिय इंदौर** में दीपावली की रात जो हुड़दंग और आतंक मचाया गया वह एक गहरी सोची गई साजिश के बिना संभव नहीं है। ऐसा लगता है कि भारत-विरोधी ताकतें देश के विभिन्न शहरों व नगरों में सुनियोजित ढंग से उपद्रव कराने के प्रयास कर रही हैं। विडंबना है कि समय बीतने के साथ ही अब ऐसी घटनाओं का विस्तार हो रहा है। यदि इंदौर की घटना को शीघ्रता से सख्ती पूर्वक नहीं दबाया गया होता तो यह और भी गंभीर रूप धारण कर सकती है। यह देश में हिंदू तीज त्योहारों पर निशाना साधकर लोगों को भड़काने का प्रयास है। ऐसा लगता है कि राजनीतिक रूप से पराजित शक्तियां अब केन्द्र और राज्य सरकारों की छवि खराब करने के लिए कुछ भी करने पर आमादा हैं। रेलों के आगे सिलेंडर व पत्थर रखना, हवाई जहाज में बम रखने के फर्जी ईमेल करना, होटलों और अस्पतालों को विदेशी हैंडलों से धमकियां देना देश में अराजकता फैलाने के योजनाबद्ध प्रयास है। सरकार एसे तत्वों को शीघ्र गिरफ्तार करें और राष्ट्रव्यापी साजिश के लिए बड़े पैमाने पर गुप्तचर संस्थाओं को सक्रिय करना पड़ेगा। समय आ गया है कि उपद्रवी व अराजक तत्वों तथा उनका प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन करने वाले समुदायों पर लगातार कठोर नजर रखी जाए और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### अभद्र भाषा का प्रकोप

**हम** सनातनी हैं, हमारी सभ्यता प्राचीन है तथा भारतीय संस्कार और संस्कृति की दुनिया में अपनी एक अलग स्वच्छ पहचान है। किन्तु जब से देश में राजनीति में कतिपय आपराधिक तत्व और बदजुबान लोगों का प्रवेश हुआ है तब से देश की राजनीति अभद्र भाषा के प्रयोग व बयानबाजी का शिकार होती जा रही है। कोई भी कुछ भी किसी को कह देता है। कतिपय राजनीतिज्ञ अपनी बदजुबान से अपशब्द तक कहने में नहीं चूक रहे हैं। अभद्र भाषा का उपयोग तो वे जैसे गर्व के साथ करने लगे हैं, जैसे कोई बहुत ही विद्वता का काम कर रहे हों। अभद्र वाणी का विरोध होने पर वे या तो माफी मांग लेते हैं या अपनी ही जुबान से पलट जाते हैं अथवा मीडिया पर तोहमत लगते हुए कह जाते हैं कि मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। शिवसेना-यूबीटी नेता अरविन्द सावंत ने भद्र महिला व शिवसेना-शिंदे नेता शाइना एन.सी. पर अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा कि हमारे यहाँ इम्पोर्टेड माल नहीं चलता। इसके जवाब में शाइना ने कहा कि मैं महिला हूँ, माल नहीं। अनेक नेताओं ने इस बयान की निंदा की है। शाइना ने पुलिस में एफआईआर भी दर्ज करवाई है। अभद्र भाषा पर विराम लगाने के लिए व्यापकतम सहमति बननी चाहिए।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### राजनीति का स्वरूप

**उत्तर प्रदेश** में कुछ दलों के क्रियाकलाप आश्चर्यजनक हैं। भाजपा के बटेंगे तो कटेंगे के नारे के बदले में सपा ने नारा दिया- जुड़ेंगे तो जीतेंगे। हालांकि विगत लोकसभा चुनावों में पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक गठजोड़ एवं भाजपा को संविधान-विरोधी बताकर इस दल ने जनता को भ्रमित कर अपेक्षा से अधिक सफलता प्राप्त कर ली। अब इसने अलगाव और बंटवारे की राजनीति के अंतर्गत समाज को दलित-सवर्ण व अगड़ा-पिछड़ा में बाँटने का प्रयास तेज किया है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा की नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव में अब यही पार्टी कह रही है कि जुड़ेंगे तो जीतेंगे। वैसे सपा के नारे की गणित अलग है, लेकिन इस गणित के चलते विकास तथा जन-कल्याण के मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। इस जुड़ेंगे में मुस्लिम तुष्टीकरण भी शामिल है। योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए नारे का समर्थन प्रधानमंत्री तथा आरएसएस ने भी किया है। हरियाणा में इस नारे की सफलता के बाद अब यही प्रयोग महाराष्ट्र और झारखंड में दुहराया जाने वाला है। ऐसे में देखना होगा कि देश-प्रदेश में राजनीति क्या स्वरूप लेगी? क्या हिंदुओं को जात-पांत के नाम पर बांटने की रणनीति सभी हिंदुओं को एकजुट करने की रणनीति पर भारी पड़ेगी या पराजित होगी?

– **सुधाकर आशावादी,** मेरठ

### भारत की प्रगति

**भारत** की तेज आर्थिक ही नहीं, सर्वांगीण प्रगति वर्तमान भू-राजनीतिक कारकों को देखते हुए सारी दुनिया को हैरान कर रही है। यदि देश के भीतर ही टांग खींचने वाले तत्व नहीं होते तो यह प्रगति और ज्यादा होती। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई के इस युग में अब युवा वर्ग में भी एक विशेष बुद्धिमत्ता दिखाई देने लगी है। युवा पुराने पड़ चुके राजनीतिक विचारों के बजाय नया विकासपरक दृष्टिकोण अपना रहे हैं। उनके लिए रोजगार के कई नए क्षेत्र खुल गए हैं। भारतीय युवा ऑनलाइन पेमेंट से लेकर नए आविष्कारों को अपना कर देश के विकास की गति बढ़ा रहे हैं। भारतीय युवाओं की प्रतिभा दुनिया में किसी से कम नहीं है। देश के प्रति समर्पित लोगों के हाथ में सत्ता होने के कारण देश तेजी से विकास कर रहा है। सैन्य शक्ति संसाधनों से परिपूर्ण हो रही है तो अंतरिक्ष में भी भारत अपनी धाक जमा रहा है। लड़कियों के प्रति भी सोच के सकारात्मक होने से महिला शक्ति में नया विश्वास आया है और वह सभी क्षेत्रों में देश के विकास में भरपूर सहयोग दे रही है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# अगले तीन साल में यूपी को ऊर्जा सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी

● किसानों की बंजर भूमि से दो हजार मेगावॉट बिजली पैदा करने का लक्ष्य



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। राज्य सरकार ने सौर ऊर्जा और बायो एनर्जी पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कई महत्वाकांक्षी लक्ष्यों का निर्धारण किया है। इन प्रयासों का मुख्य उद्देश्य न केवल प्रदेश में बिजली की मांग को शत प्रतिशत पूरा करना है, बल्कि राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एक मजबूत आधार तैयार करना भी है। योगी सरकार अगले ढाई से तीन साल में यूपी को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिशन मोड में जुटी हुई है।

सौर ऊर्जा के मामले में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में योगी सरकार तेजी से काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पीएम सूर्यघर योजना के तहत योगी सरकार ने अगले ढाई से तीन वर्ष में 25 लाख घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का संकल्प लिया है। अब तक 48 हजार से अधिक घरों पर सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं और वर्तमान वित्तीय वर्ष के अंत तक और 30 हजार घरों को भी सौर ऊर्जा का लाभ मिल चुका होगा। इसी साल शुरू हुई पीएम मोदी की इस महत्वाकांक्षी योजना में आने वाले वक्त में और भी तेज गति से वृद्धि दर्ज की जाएगी।

इस योजना का उद्देश्य न केवल घरों में ऊर्जा आपूर्ति को सशक्त करना है, बल्कि बिजली बिलों में कमी लाते हुए पर्यावरण संरक्षण को भी प्रोत्साहित करना है। इसी प्रकार %पीएम कुसुम योजना% के तहत 2027 तक 2000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जिससे किसानों को उनकी बंजर भूमि पर सोलर पैनल लगाने के साथ ही अतिरिक्त आय का स्रोत प्राप्त हो सकेगा।

योगी सरकार यूटिलिटी स्केल सौर परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर कार्य कर रही है। इसमें 4800 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्कों का निर्माण भी शामिल है, जिनकी टेंडरिंग प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके अलावा, प्रदेश में सात जलाशयों में फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट्स की स्थापना की योजना भी है, जिसे नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी), टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (टीएचडीसी) और सतलुज जल विद्युत निगम (एसजेवीएन) के साथ मिलकर पूरा किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य 2027 तक राज्य की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता को 14,000 मेगावाट तक पहुंचाना है।

योगी सरकार का लक्ष्य जैव ऊर्जा के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता प्राप्त करना है। अगले दो वर्ष में बायो कम्प्रेस्ड गैस की क्षमता को 1000 टीपीडी, बायो कोल की क्षमता को 4000 टीपीडी और बायो डीजल की क्षमता को 2000 केएलपीडी तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत बायो कम्प्रेस्ड गैस के 210 टीपीडी की क्षमता वाले संयंत्र पहले से ही क्रियाशील हैं और कई अन्य परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इस पहल से प्रदेश में प्रदूषण कम होगा और रोजगार की नई संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

प्रदेश में भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए योगी सरकार ने बिजली आपूर्ति के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने का निर्णय लिया है। अगले 10 वर्षों के दौरान होने वाले नए उद्योगों की स्थापना को ध्यान में रखते हुए आधुनिक ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाने और पुराने संयंत्रों का उन्नयन किए जाने का पूरा खाका योगी सरकार ने पहले ही खींच रखा है।

इससे ऊर्जा की निर्बाध आपूर्ति तो सुनिश्चित होगी ही, साथ ही औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी। उत्तर प्रदेश में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में योगी सरकार के ये प्रयास प्रदेश की आर्थिक वृद्धि, औद्योगिक विकास, और पर्यावरण संरक्षण में सहायक साबित होंगे। इन योजनाओं से उत्तर प्रदेश न केवल सौर और जैव ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि अन्य राज्यों के लिए एक मॉडल भी प्रस्तुत करेगा।

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं को होंगे अमृत कलश के दर्शन

**लखनऊ/प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस बार प्रदेश सरकार महाकुंभ को पिछले सभी कुंभ से ज्यादा विराट, भव्य और दिव्य बनाने के लिए प्रयागराज में चौबीस घंटे काम कर रही है। इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज ने महाकुंभ की भव्यता को नया रूप देने की योजना बनाई है। संग्रहालय ने महाकुंभ के दौरान कलश से टपकती अमृत की बूंद के दृश्य को प्रतिकृति के रूप में प्रदर्शित करने का फैसला किया है। भारतीय कला व संस्कृति को प्रदर्शनी के द्वारा प्रदर्शित करने के लिए बाकायदा मेला प्रशासन से लगभग 12 हजार वर्ग फिट जमीन की डिमांड भी की गई है। संग्रहालय के डिप्टी क्यूरेटर डॉ. राजेश मिश्रा के अनुसार महाकुंभ के दौरान संग्रहालय की तरफ से स्थापित अमृत कलश देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। अमृत टपकता कुंभ श्रद्धालुओं के लिए सेल्फी प्वाइंट के तौर पर विकसित किए जाने की योजना है। महाकुंभ के पौराणिक महत्व को देखते हुए ही इस बार अमृत कलश की स्थापना का निर्णय लिया गया है। इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज ने दुनिया की पहली ऐसी वीथिका का भी निर्माण किया है, जहां सन 1857 से लेकर आजादी मिलने तक सभी प्रमुख क्रांतिकारियों की गाथा का प्रदर्शन किया गया है। जिसमें देश की आजादी के लिए लड़ने वाले गरम दल के लगभग सभी क्रांतिकारियों को प्रदर्शित किया गया है। इलाहाबाद संग्रहालय ने 90 साल की क्रांति को जीवंत रूप दिया है। यहां मंगल पांडे से लेकर चंद्रशेखर आजाद तक लगभग सभी बड़े आजादी के परवानों के बारे में लोगों को जानने को मिलेगा। डिजिटल और आलेखों से बनी यह दुनिया की पहली वीथिका है, जहां एक साथ इतने क्रांतिकारियों को नमन करने और उनकी खूबियां जानने का अवसर मिलेगा।

# विशेष ट्रैक सूट में श्रद्धालुओं की मदद को तत्पर रहेंगे ड्राइवर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/प्रयागराज




**प्रयागराज** में महाकुंभ 2025 की तैयारी जोरों पर है। इसके अंतर्गत आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए प्रशासन ने कुछ नई पहल की हैं। खासतौर से कुंभ मेले में कार्यरत ड्राइवर, नाविक, गाइड और ठेला संचालकों को विशेष तरह के ट्रैक सूट पहनाने की योजना बनाई गई है। इससे ना केवल इन्हें पहचानना आसान होगा, बल्कि पर्यटकों को भी इनसे सहायता प्राप्त करने में भी सुविधा होगी। चारों श्रेणियों के लिए विशेष ट्रैक सूट तैयार किए जा रहे हैं। प्रशासन ने यह निर्णय इस बात को ध्यान में रखते हुए लिया है कि मेले में भीड़भाड़ के दौरान यात्रियों को आवश्यक सेवाएं सहजता से मिल सकें। ड्राइवरों, नाविकों, गाइडों और ठेला संचालकों के लिए अलग अलग प्रकार के ट्रैक सूट निर्धारित किए गए हैं। इस प्रकार, हर श्रेणी की अपनी एक विशिष्ट पहचान होगी, जिससे यात्री आसानी से इन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

प्रत्येक ट्रैक सूट पर कुंभ और पर्यटन विभाग का प्रतीक चिन्ह अंकित होगा। यह संबंधित व्यक्ति की पहचान को दर्शाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता में पारदर्शिता बनी रहेगी। प्रशासन का मानना है कि इस नई व्यवस्था से मेले में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था और यात्री समस्याओं को नियंत्रित किया जा सकेगा।

महाकुंभ जैसे विशाल आयोजन में प्रतिवर्ष करोड़ों की संख्या में लोग आते हैं। ऐसे में व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखना एक चुनौती होती है। ट्रैक सूट योजना का उद्देश्य यात्रियों को सहजता और सुविधा प्रदान करना है। पर्यटन विभाग का मानना है कि इस पहल से न केवल पर्यटकों की सहूलियत में इजाफा होगा, बल्कि उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेगी। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने बताया कि महाकुंभ 2025 में ड्राइवर, नाविक, गाइड और ठेला संचालकों को ट्रैक सूट प्रदान किए जाएंगे। इन ट्रैक सूट पर पर्यटन और कुंभ का लोगो भी अंकित होगा। ये बदलाव विशेष आकर्षण होंगे, जो श्रद्धालुओं और पर्यटकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करेंगे।

# भाई दूज का पर्व रिश्तों को और भी मजबूत बनाता है: नन्दी

● मंत्री नंदी ने विभिन्न क्षेत्रों से आई सैकड़ों बहनों के साथ मनाया भाई दूज का पर्व

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सरकार** के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने आज बहादुरगंज स्थित अपने आवास पर सैकड़ों बहनों, भाजपा की महिला पदाधिकारियों, महिला मोर्चा, जिला, मंडल, सेक्टर की पदाधिकारी बहनों के साथ भैया दूज का पर्व मनाया। सभी बहनों ने भाई-बहन के परस्पर प्रेम, अटूट विश्वास, समर्पण एवं पवित्र रिश्ते के प्रतीक पर्व 'भाई दूज' के पावन अवसर पर तिलक लगाकर मंत्री नन्दी को अपना आशीर्वाद दिया।

मंत्री नंदी ने कहा कि भाई-बहन का यह अटूट बंधन हमेशा प्रेम, स्नेह और खुशियों से भरा रहे, ईश्वर से यही प्रार्थना है। भाई दूज का यह पर्व हमारे रिश्तों को और भी मजबूत बनाता है और हमें एक-दूसरे के प्रति अपने प्यार और सम्मान को व्यक्त करने का मौका देता है।

इस अवसर पर सभी बहनों ने मंत्री नन्दी को तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाकर लम्बी उम्र की कामना की। मंत्री नन्दी ने बहनों को आशीर्वाद और उपहार दिया। मंत्री नन्दी ने सभी बहनों को भाई दूज की शुभकामनाएं दी। नन्दी ने कहा कि बहनों की जिंदगी में सुख-समृद्धि और खुशियां रहे, इसके लिए मैं सदैव काम करता रहूंगा। बहनों का आशीर्वाद मुझे और ताकत से काम करने की ऊर्जा देता है। बुधवार को बहनों ने भाइयों के लम्बी उम्र की कामना के लिए व्रत रखा और उनको तिलक लगाकर कुशल और मंगलमय जीवन की कामना की।

# वकीलों पर लाठीचार्ज के खिलाफ आज अधिवक्ताओं की हड़ताल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने गाजियाबाद के एक न्यायालय के अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज किए जाने के खिलाफ सोमवार (चार नवंबर) को हड़ताल करने का निर्णय लिया है। बार एसोसिएशन ने रविवार शाम बुलाई गई एक आपात बैठक में 29 अक्टूबर को हुई घटना के संबंध में गाजियाबाद के जिला न्यायाधीश और संबंधित पुलिस अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने और घायल वकीलों को मुआवजा देने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने की, जिसमें तय किया गया कि बार एसोसिएशन की तरफ से गाजियाबाद के जिला न्यायाधीश अनिल कुमार के खिलाफ मामले के संबंध एक आपराधिक अवमानना याचिका दायर की जाएगी।

बैठक में एसोसिएशन ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय से सख्त कदम उठाने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। प्रदेश के अधिवक्ताओं के शीर्ष निकाय राज्य विधिज्ञ परिषद (बार काउंसिल) पहले ही पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं से चार नवंबर को विरोध दर्ज कराने का अनुरोध कर चुका है।

## बलरामपुर अस्पताल में युवक ने आत्महत्या की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊके बलरामपुर अस्पताल के एक कमरे में रविवार शाम 30 वर्षीय एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान अखंड (30) के रूप में हुई है, जिसके पिता अस्पताल में सुरक्षा गार्ड हैं। पुलिस के अनुसार अखंड ने गार्ड रूम में पंखे से कपड़े का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पुलिस ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

● समाजवादी पार्टी ने मुरादाबाद 29-कुन्दरकी विधान सभा उप-चुनाव क्षेत्र पुलिस प्रशासन व पुलिस कर्मियों के हस्तक्षेप से मुक्त कराने की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद मुरादाबाद 29-कुन्दरकी विधान सभा उप-चुनाव क्षेत्र में 4 पुलिस थानों के पुलिस कर्मी व पुलिस प्रशासन द्वारा समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाता, कार्यकर्ताओं पर भाजपा के पक्ष में प्रचार व मतदान करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जनपद अम्बेडकरनगर के कटेहरी विधानसभा उपचुनाव में भी बिना कारण सपा समर्थकों के वाहन बंद किए जा रहे है ज्ञापन में कहा गया है।

पुलिस थाना कुन्दरकी के थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सेहरावत व कुन्दरकी के चौकी प्रभारी राजनाथ सिंह, कुन्दरकी थाना के उपनिरीक्षक अनिल कुमार व जयवीर सिंह थाना कुन्दरकी के मुख्य आरक्षी सुकनन्दन गंगवार व सुधीर सिरोही व पुलिस थाना मैनाठेर के प्रभारी निरीक्षक किरणपाल सिंह लगातार क्षेत्र में भ्रमण करके मतदाताओं को भयभीत करने का कार्य कर रहे है।

ज्ञापन के अनुसार भाजपा के पक्ष में मतदान व प्रचार से इन्कार करने वालों से मतदान के 2 दिन पहले कुन्दरकी विधान सभा क्षेत्र से बाहर चले जाने की चेतावनी दे रहे है, इसका पालन न करने वालों को फर्जी मुकदमे में फंसाने, जेल भेजने, मकानों पर बुलडोजर चलवाने की धमकियां दी जा रही हैं। पुलिस की कार्य प्रणाली से मतदाताओं में भय का वातावरण बन गया है, चुनाव प्रभावित हो रहा है।

बिलारी के उप जिलाधिकारी विनय कुमार व कुन्दरकी के खण्ड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम प्रधानों, आगनबांडी कार्यकत्रियों, सचिवों के माध्यम से लोगों की आईडी (मतदाता पहचान पत्र) व आधार कार्ड एकत्रित करके अपने पास जमा करवा रहे है। समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि मुरादाबाद 29-कुन्दरकी विधान सभा उप-चुनाव क्षेत्र पुलिस प्रशासन व पुलिस कर्मियों के हस्तक्षेप से मुक्त किया जाए, और पैरामिलेट्री फोर्स की देखरेख में चुनाव सम्पन्न कराया जाये, बिलारी के उपजिलाधिकारी श्री विनय कुमार, व कुन्दरकी के खण्ड विकास अधिकारी का स्थानान्तरण तत्काल प्रभाव से जनपद से बाहर किया जाये, मतदान के दिन सभी पोलिंग स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाय और वीडियोग्राफी भी कराई जाए, सभी पोलिंग स्टेशनों की वेबकास्टिंग कराई जाए और वेबकास्टिंग का लिंक समाजवादी पार्टी (राजनैतिक दलों) को उपलब्ध कराया जाय। 29-कुन्दरकी विधान सभा उप-चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक सम्पन्न कराया जाये।

समाजवादी पार्टी ने यह भी शिकायत की है कि जनपद अम्बेडकरनगर 277-कटेहरी विधान सभा उप-चुनाव क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समर्थकों के निजी वाहनों को बिना कारण जिलाधिकारी ओर रिटर्निंग आफीसर के निर्देश पर जबरन पुलिस थानों में बन्द किया जा रहा है। जिला प्रशासन भाजपा के दबाव में सपा समर्थक मतदाताओं को भयभीत करके चुनाव को प्रभावित किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि 277-कटेहरी विधान सभा उप-चुनाव क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थकों के निजी वाहनों को तत्काल प्रभाव से छोडा जाय व सपा कार्यकर्ताओं को धमकी देने वालो के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाए, जिससे स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जाकर केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र तथा राधे श्याम सिंह ने ज्ञापन सौंपा।

# भाजपा राज में नौजवानों का भविष्य अंधेरे में है: राजेन्द्र चौधरी

● समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि मुरादाबाद 29-कुन्दरकी विधान सभा उप-चुनाव क्षेत्र पुलिस प्रशासन व पुलिस कर्मियों के हस्तक्षेप से मुक्त किया जाए



**लखनऊ।** सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अतिभ्रष्ट शासन के चिराग़ के नीचे भ्रष्ट प्रशासन का अंधेरा ही नहीं, पूरी अंधेरगर्दी है। अपराधियों ने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था का शटर और लाकर सब तोड़ दिया है। पुलिस की एफआईआर पुलिस के खिलाफ दर्ज हो रही है। पत्रकार और फौजी सभी भाजपा राज में अपमानित और हिंसक व्यवहार के शिकार हो रहे है। राजेन्द्र चौधरी ने कहा उत्तर प्रदेश में जनता देख रही है कि किस तरह हर शहर, गली, मोहल्ले में ज़मीनों पर क़ब्ज़े, प्लाटिंग, रंगदारी-वसूली में भाजपाई लोग संलिप्त हैं। हर अपराध और गोरखधंधे के पीछे शासन से नालबद्ध संबंध रखने वाले भाजपा के ही गुर्गे हैं। बस्ती में भाजपा नेता के बेटे ने पड़ोसी को बीएमडब्लू कार से कुचल दिया, मौत। फिरोजाबाद में मामूली विवाद के बाद भाजपा नेता ने युवक पर कार चढ़ाने की कोशिश की। सत्ता के नशे में चूर भाजपाई कार से कुचलकर निर्दोषो की हत्या कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने अपनी बेईमानी में पुलिस को पार्टनर बना लिया है और जो पुलिसवाले ईमानदारी-ज़िम्मेदारी से काम करना चाहते हैं, उन्हें केंद्रीय भूमिका से दूर भेजकर साइड लाइन कर दिया गया है। राजेन्द्र चौधरी ने कहा भाजपा राज में नौजवानों का भविष्य अंधेरे में है। किसान को उनकी फसल का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। महिलाएं कहीं सुरक्षित नहीं है। समाज का हर वर्ग परेशान-निराश है। लोग भाजपा की कुनीतियों से ऊब चुके है। अब वे जल्दी ही भाजपा से छुटकारा पाना चाहते है।

राजेन्द्र चौधरी ने कहा उत्तर प्रदेश में अस्थायी पुलिस प्रमुख होने की वजह से जुर्म स्थायी हो गया है। पचासों पायदान नीचे के कनिष्ठों को वरिष्ठ पदों पर बैठाकर अच्छे पुलिस अधिकारियों से पदोन्नति के अवसर छीनकर उनका मनोबल तोड़ा गया है, इसीलिए उत्तर प्रदेश में क़ानून- व्यवस्था की इतनी दुर्गत अवस्था है। वैसे भी भाजपा की सरकार और अपराधियों में एक अजीब सा सम्बन्ध है। एक तरफ दोनो साथ-साथ हैं, तो वहीं दूसरी तरफ सरकार जितनी कमजोर और निष्क्रिय होती जा रही है, अपराधी उतने ही ताकतवर और सक्रिय होते जा रहे है। उत्तर प्रदेश की राजधानी में तो इधर पुलिस हिरासत में मौतों का रिकॉर्ड ही टूट गया है। मुख्यमंत्री जी कानून व्यवस्था के नियंत्रण के मामले में पूरी तरह फेल साबित हो चुके है। उनके संरक्षण में अपराधियों के हौसले बुलंद, दलित, पिछड़ों के विरूद्ध अपराध बढ़ रहे है। अभी जौनपुर में एक युवा खिलाड़ी की तलवार से निर्मम हत्या कर दी गई।

# उप्र उपचुनाव से पहले राजनीतिक दलों में नारों की जंग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की नौ सीट पर हो रहे उपचुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों के बीच चुनावी नारों की जंग छिड़ गई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपचुनावों की घोषणा से बहुत पहले ही बटेंगे तो कटेंगे का नारा गढ़ दिया था। देवरिया जिले के समाजवादी पार्टी के एक कार्यकर्ता ने लखनऊ में पार्टी कार्यालय के बाहर एक होर्डिंग लगाई है, जिस पर लिखा है जुड़ेंगे तो जीतेंगे। महराजगंज जिले के एक अन्य सपा कार्यकर्ता द्वारा लगाए गए होर्डिंग में लिखा है न बंटेंगे, न कटेंगे, पीडीए के संग रहेंगे और पीडीए जुड़ेगा और जीतेगा। प्रदेश में 13 नवंबर को उपचुनाव के तहत नौ सीट पर मतदान होगा।

पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की अगुवाई वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) भी इस होड़ में कूद पड़ी है। मायावती ने शनिवार को कहा, "बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे, सुरक्षित रहेंगे। महाराजगंज जिले के सपा कार्यकर्ता अमित चौबे ने दो नारे गढ़े। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, "समाजवादी पार्टी ने पीडीए शब्द गढ़ा है, जिसमें समाज के सभी वर्ग शामिल हैं। यहां पी का मतलब पंडित (ब्राह्मण) और ए का मतलब अगड़ा (उच्च जाति) है। सपा सभी धर्मों की पार्टी है। पार्टी के संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव और पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने समाज के सभी वर्गों के लिए काम किया है और उनके लिए नीतियां बनाई हैं। हालांकि, भाजपा जाति के आधार पर लोगों को बांटकर काम करती है।

देवरिया जिले के सपा कार्यकर्ता विजय प्रताप यादव ने लखनऊमें पार्टी कार्यालय के बाहर एक होर्डिंग लगाई, जिसमें लिखा था जुड़ेंगे तो जीतेंगे। सपा कार्यकर्ता रंजीत सिंह द्वारा लगाए गए तीसरे पोस्टर पर लिखा है, ना बाटेंगे, ना काटेंगे, 2027 को नफरत करने वाले हटेंगे। हिंदू मुस्लिम एक रहेंगे तो नेक रहेंगे। ऐसे राजनीतिक नारों के मनोवैज्ञानिक पहलू पर बात करते हुए लखनऊके नेशनल पीजी कॉलेज में मनोविज्ञान पढ़ाने वाले प्रदीप खत्री ने पीटीआई-भाषा से कहा, "ए सभी राजनीतिक नारे नए, आकर्षक और लोगों के दिमाग पर गहरा असर डालने वाले हैं। यही मुख्य कारण है कि विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता ज्यादातर समय नारे लगाते हैं। ए मतदाताओं और जनता के साथ तत्काल और प्रभावी संबंध बनाते हैं। नतीजतन, ए भाषणों की तुलना में जनता के जहन में ज्यादा समय तक बने रहते हैं। इस बीच, बलिया लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद सनातन पांडेय ने भी रविवार को बटेंगे तो कटेंगे टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। पांडे ने संवाददाताओं से कहा, उनका (भाजपा का) नारा है कि एक तरफ हिंदू हो और दूसरी तरफ मुसलमान हो। वे केवल इसी नारे पर चलना चाहते हैं...। उन्होंने कहा, संविधान ऐसा नहीं कहता। लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह शब्द नहीं आया है। जो बांटने और काटने की बात करते हैं, वे खुद ही नष्ट हो जाएंगे। यही भारत की संरचना और स्वरूप है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की बटेंगे तो कटेंगे टिप्पणी का स्पष्ट संदर्भ देते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि यह नकारात्मक नारा भाजपा की "निराशा और विफलता" का प्रतीक है।

# टीबी नोटिफिकेशन में यूपी पहले पायदान पर, दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र

● अक्तूबर की समाप्ति तक 86 प्रतिशत मरीज चिन्हित, 40 प्रतिशत मरीज प्राइवेट डॉक्टरों के माध्यम से हुए पंजीकृत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**स्वास्थ्य** विभाग ने ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के मरीजों की पहचान कर इलाज करने में एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। योगी सरकार ने पिछले वर्ष की तरह इस वित्तीय वर्ष में भी उत्तर प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य में अन्य प्रदेशों की तुलना में आगे चलने का कीर्तिमान दर्ज किया है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से इस साल 6.5 लाख मरीजों के चिन्हिकरण का लक्ष्य रखा गया था। अक्तूबर माह की समाप्ति तक लक्ष्य के सापेक्ष 86 प्रतिशत मरीजों की पहचान कर देश में पहले स्थान पर है। जबकि दूसरे स्थान पर महराष्ट्र है, जहां पर 1,85,765 मरीजों का नोटिफिकेशन किया गया। इसी तरह बिहार तीसरे स्थान पर है, जहां 1,67,161 मरीजों का नोटिफिकेशन किया गया है। यानी इस साल भी बीते साल की तरह प्रदेश लक्ष्य से ऊपर टीबी नोटिफिकेशन कर लेगा। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक 31 अक्तूबर तक प्रदेश में पांच लाख 59 हजार टीबी मरीजों की पहचान की जा चुकी है। इसमें प्राइवेट डॉक्टरों की भूमिका भी सराहनीय रही है। दो लाख से ज्यादा मरीजों की पहचान यानी तकरीबन 40 प्रतिशत मरीज प्राइवेट डॉक्टरों के माध्यम से पंजीकृत हुए हैं। आगरा, मथुरा, झांसी, कानपुर, मेरठ व मुरादाबाद में तो प्राइवेट डाक्टरों ने सरकारी डॉक्टरों से भी ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है। लखनऊ, गोरखपुर व बरेली में सरकारी व प्राइवेट नोटिफिकेशन बराबर का रहा है।

## बीते साल भी लक्ष्य के सापेक्ष 115 प्रतिशत हुआ था टीबी नोटिफिकेशन

राज्य टीबी अधिकारी डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने बताया कि वर्ष 2025 तक प्रदेश को टीबी मुक्त करने के लिए युद्धस्तर पर काम चल रहा है। जिसका नतीजा है कि इस वर्ष भी प्रदेश टीबी नोटिफिकेशन में अन्य प्रदेशों की तुलना में आगे चल रहा है। काबिले गौर है कि केंद्र द्वारा दिए गए इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग द्वारा तरह-तरह के प्रयास किए गए हैं। इनमें हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस, एक्टिव केस फाइंडिंग (एसीएफ) अभियान व दस्तक अभियान का बार-बार चलाया जाना प्रमुख है। यही कारण है कि बीते साल भी प्रदेश ने लक्ष्य के सापेक्ष 115 प्रतिशत टीबी नोटिफिकेशन किया था। वर्ष 2023 में टीबी नोटिफिकेशन का लक्ष्य 5.5 लाख था जिसके सापेक्ष प्रदेश ने 6.33 लाख मरीज खोजे थे।

## प्राइवेट में नोटिफिकेशन बढ़ाने की जरूरत

टीबी उन्मूलन के लिए प्रदेश में ज्यादातर जनपदों में प्राइवेट डाक्टर सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं, लेकिन कुछ जनपद ऐसे भी हैं जहां प्राइवेट नोटिफिकेशन बहुत कम हो रहा है। जैसे श्रावस्ती में इस साल सिर्फ 38 प्राइवेट नोटिफिकेशन हुए हैं। इसके अलावा महोबा में सिर्फ 215, संतरवीदास नगर में 271, हमीरपुर में 277, कन्नौज में 293, सोनभद्र में 297, चित्रकूट में 312, सुलतानपुर में 370, अमेठी में 392 और कानपुर देहात में सिर्फ 395 प्राइवेट नोटिफिकेशन हुए हैं। इन जनपदों में प्राइवेट डाक्टरों की प्रतिभागिता बढ़े जाने की जरूरत है।

# मुख्यमंत्री से मिलकर साध्वी निरंजन ज्योति ने की जिले में तीन तहसीलें बढ़ाने की अपील

● दिवंगत पत्रकार के परिजनों के लिए मांगी सहायता

संवाददाता। फतेहपुर



**जिले** में तीन तहसीलों का सृजन किए जाने के साथ-साथ दिवंगत पत्रकार के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग को लेकर पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की। उन्होने दोनों मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए जल्द ही विचार किए जाने की अपील की। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति से सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते हुए उन्हें दो पत्र सौंपे। जिसमें कहा गया कि गंगा व यमुना के मध्य स्थित जनपद का क्षेत्रफल लगभग 4100 वर्ग किलोमीटर है। वर्तमान में यहां केवल तीन तहसील बिन्दकी, फतेहपुर व खागा है। आबादी व क्षेत्रफल को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों की सुविधा व प्रशासनिक सुगमता प्रदान करने हेतु पूर्व में उन्होने जनपद में तहसील बिंदकी से नई तहसील जहानाबाद, तहसील फतेहपुर से नई तहसील बहुआ व तहसील खागा से नई तहसील खखरेरू के पुनर्गठन के संबंध में पत्र प्रेषित किया था। उक्त प्रस्ताव को तैयार कराकर संस्तुति सहित मण्डलायुक्त इलाहाबाद को जिलाधिकारी द्वारा 26 नवंबर 2016 को हस्ताक्षरित नौ दिसंबर 2016 को प्रेषित किया जा चुका है। इस प्रस्ताव पर ससमय आवश्यक कार्यवाई हेतु मण्डलायुक्त ने 21 दिसंबर 2016 को आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद को जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त प्रस्ताव को मूलरूप में पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा चुका है। मांग किया कि अतिशीघ्र शेष औपचारिकताएं पूर्ण कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए। इसके अलावा दूसरे पत्र के जरिए उन्होने सीएम को अवगत कराया कि 30/31 अक्टूबर की मध्य रात्रि को जनपद मुख्यालय में एक न्यूज एजेंसी के पत्रकार दिलीप सैनी की भिटौरा रोड स्थित एक यार्ड में चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई थी, जिसकी नामजद एफआईआर भी दर्ज हो गई है लेकिन मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो सकी। जिससे पत्रकारों व आम जनमानस में आक्रोश है।

पत्र के जरिए बताया कि पत्रकार की हत्या तथाकथित भू-माफिया गैंग के गुर्गों द्वारा की गई है जिसमें आरोपित लेखपाल सहित स्थानीय राजस्व अधिकारियों की भी मिलीभगत है। मांग किया कि हत्या की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों व नामजद अपराधियों की गिरफ्तारी सहित मृतक परिवार की आर्थिक मदद करआश्रितों में से किसी को सरकारी नौकरी दिलाने को निर्देशित किया जाए।

## रामलीला मेले के आयोजन का किया गया भूमि पूजन



**सिंगाही, खीरी।** कस्बे में होने ऐतिहासिक रामलीला मेले के 105 वें आयोजन का भूमि पूजन रविवार को नायब तहसीलदार दिव्यांशु साही द्वारा किया गया। इसी के साथ मेले का आगाज हो गया है। इस वर्ष के मेले में अभी से झूले सजने से मेले में रौनक देखने को मिल रही है। मेला महामंत्री प्रवीण शाह के अनुसार आज से शुरू हो रहा मेला 25 नवंबर तक चलेगा जिसमें रावण वध 20 नवंबर को किया जाएगा। भूमि पूजन के दौरान एस ओ अजीत कुमार, डा एम आर सेठी, डा एन यू खान, पं उत्तम मिश्रा, दीप शाह, किरन शाह , भाजपा नेता राम प्रकाश सोनी , पूर्व प्रधान श्रीराम सिंह, सभासद शौकत अली, पूर्व सभासद शिशिर गुप्ता, महेश सिंह, वाजिद हुसैन , अधिवक्ता संघ के मंत्री उमाकांत जायसवाल, आदि मौजूद रहे।

## जाति तोड़ो समाज जोड़ो का नारा पुनर्जीवित करने की आवश्यकता: चंद्रशेखर आज़ाद

संवाददाता। फतेहपुर

**उत्तर प्रदेश** में कानून का राज खत्म हो चुका है। जंगलराज कायम है और इस जंगलराज का अंत यहां की जनता मिलकर करेगी। जाति तोड़ो समाज जोड़ो के नारे को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। इसी उद्देश्य के तहत वह भ्रमण पर निकले हैं और एक मंच पर बहुजन समाज के लोगों को एकत्र करने का काम किया जा रहा है। यह बात रविवार को राधानगर स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद एवं भीम आर्मी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद ने कही। जाति तोड़ो समाज जोड़ो अभियान के तहत सरदार वल्लभ भाई पटेल व चौ. महाराज सिंह भारती की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भीम आर्मी प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद ने शिरकत की। सर्वप्रथम उन्होने कलेक्ट्रेट स्थित डा. भीमराव अंबेडर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पहुंचे। जहां बहुजन समाज के लोगों ने उनका माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। श्री आजाद ने कहा कि जाति तोड़ो समाज जोड़ो का नारा महापुरूषों ने दिया था, जिसको बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर ने भी आगे बढ़ाने का काम किया, लेकिन अब इस नारे को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। इसी उद्देश्य को लेकर वह सड़क पर निकले हैं। उन्होंने कहा कि जिले में समस्याएं बहुत हैं और यहां की पुलिस निरंकुश है। जिसके चलते ही यहां एक के बाद एक घटनाएं घटित हो रही है। उन्होंने पीड़ित शिवम कोरी के अलावा दिवंगत प्रिया मौर्या व दिवंगत पत्रकार दिलीप सैनी के परिवारीजनों से मुलाकात की है। उनकी मांगों को संसद में उठाने का काम किया जाएगा। उन्होंने पुरानी घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है, यहां जंगलराज कायम है। इस जंगलराज का अंत प्रदेश की जनता मिलकर करेगी।

## दो किराना स्टोरों की दुकानों से लाखों की सामग्री व नगदी चोरों ने की पार

**राठ, हमीरपुर।** शनिवार की रात चोरों ने दो किराना स्टोर की दुकानों से लाखों का सामान व नकदी पार कर दी है। चोर पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। पुलिस जांच में जुट गई है। जलालपुर रोड पठानपुरा मोहल्ला निवासी दीपक गुप्ता पुत्र किशन गुप्ता ने बताया कि वह मारकंडेश्वर गार्डन की दुकान में किराना स्टोर की दुकान किए हैं। शनिवार की रात वह दुकान बंद करके घर चला गया। बताया कि रात में चोर उसकी दुकान की शटर तोड़कर अंदर घुस गए। चोर काजू बादाम गुटका सिगरेट और 65 हजार रुपए नकद चोरी करके ले गए। बताया कि उसका करीब दो लाख रुपए का सामान था। वहीं गायत्री नगर पठानपुरा मोहल्ला निवासी ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र अमृत लाल गुप्ता ने बताया कि वह गायत्री मंदिर के बगल में किराना स्टोर की दुकान किए हैं। रात में चोर शटर तोड़कर उसके घर में घुस और 70 हजार रुपए का सामान व दो हजार रुपए नकद चोरी करके ले गए।

# पत्रकारों को निर्वस्त्र कर मारपीट करने के मामले ने तूल पकड़ा

**हमीरपुर।** जरिया क्षेत्र के सरीला कस्वे में दो पत्रकारों को निर्वस्त्र कर मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। नगरपंचायत सरीला के चेयरमैन समेत छह के खिलाफरिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी जिसमे अभी तक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आज ब्राह्मण महासभा ने एक बैठक कर पत्रकारों के साथ की गयी अभद्रता की निन्दा की गयी है कहा गया है कि यदि घटना के मुख्य आरोपी समेत सभी को गिरफ्तार नही किया गया तो ब्राह्मण महासभा अनिश्चकालीन धरना प्रदर्शन करेगी।

जानकारी के मुताबिक नगरपंचायत सरीला के चेयरमैन पवन अनुरागी द्वारा अपने आधा दर्जन गुर्गों के साथ मिलकर पत्रकार अमित दिवेदी व शैलेंद्र मिश्रा को निर्वस्त्र कर मारपीट की थी। जिसमे दोनो को गंभीर चोटे आयी थी बाद में पत्रकारों ने पवन अनुरागी समेत छह के खिलाफरिपोर्ट दर्ज करायी थी जिसमे पुलिस ने कल आरके सोनी व नरेंद्र विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने दावा किया है कि अन्य लोगो को गिरफ्तार करने के लिये दविशे दी जा रही है वही इस मामले को लेकर कल पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलायी गयी है। मामले को लेकर आज अंबेडकर पार्क में ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने एक आवश्यक बैठक कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मामले को संज्ञान में लिया है कहा है कि उच्चाधिकारियों से वार्ता की जायेगी। मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर अन्य समाजसेवी संगठनो का भी सहयोग मिलता जा रहा है।

चेयरमैन के इस कृत्य को लेकर चारो तरफ निंदा की जा रही है वही शासन के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मामले को गंभीरता से लेते हुये पुलिस को कड़ी कार्यवाही करने को कहा है वही सपा ने भी इस मामले की कड़ी निंदा की है।

# सबसे ज्यादा काम करने वाले श्रमिकों को किया सम्मानित

**मौदहा, हमीरपुर।** दीपावली के अवसर पर मनरेगा योजना में सबसे ज्यादा काम करने वाले श्रमिकों को ग्राम प्रधान ने अनेकानेक उपहार देकर सम्मानित किया तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाहए श्रम विभाग में अधिकांश पंजीकरण हेतु लोगों को जागरूक करते हुए ग्राम पंचायत सदस्यों को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया।

विकासखंड क्षेत्र के ग्राम परेहटा में दीपावली के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति सबसे ज्यादा काम करने वाले मनरेगा श्रमिकों को उपहार देकर सम्मानित किया जिसमें श्रमिक रामप्रसाद को साइकिल तथा श्रीकृष्णए रामसनेही विश्राम महेश हीरालालए अर्जुन तथा रामनरेश को स्टील की टंकी और दस श्रमिकों को जग सहित एक सौ श्रमिकों को टिफिन वितरण किया। वहीं ग्राम प्रधान प्रियंका देवी ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य है कि उनका गांव गरीबी मुक्त हो। इस कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाहए श्रम विभाग में पंजीकरण कराने तथा राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बारे में बताते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील की है।

वहीं मनरेगा में काम करने वाले सभी श्रमिकों को ग्राम प्रधान ने कैलेंडर तथा मिष्ठान के डिब्बे भी वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामनारायण यादव रहे तथा मंच का संचालन प्रधान प्रतिनिधि कामता प्रसाद ने किया। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे पंचायत सचिव ब्रजेश शुक्लाए रोजगार सेवक राजकिशोर तिवारी पंचायत सहायक अंकुल कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किये। ग्राम पंचायत में हो रहे विकास कार्यों में लगातार अपना योगदान दे रहे पंचायत सदस्यों को भी ग्राम प्रधान ने टिफिनए कैलेंडर डायरी आदि देकर सम्मानित किया। अंत में ग्राम प्रधान ने सभी लोगों का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# बीमारी से तंग आकर वृद्ध ने गोली मारकर की आत्महत्या

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** संदिग्ध परिस्थितियों में गोली मारकर वृद्ध ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए को भेज दिया।

पुलिस नें मौके से तमंचा बरामद कर लिया है । तमंचा सील कर अपने कब्जे में ले लिया। कायमगंज नगर के मोहल्ला जटवारा निवासी अशोक पालीवाल (65)पुत्र महादेव प्रसाद पालीवाल ने बीमारी से परेशान होकर अपनी कनपटी से सटाकर तमंचे से गोली मार कर आत्महत्या कर ली । जिससे उनकी घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

बताया गया है। कि जनपद एटा के थाना अलीगंज के मोहल्ला गंगा दरवाजा निवासी अनिल पुत्र हवलदार जो की पालीवाल का नौकर है। वह नगर के मोहल्ला पृथ्वी दरवाजे में किराए पर रह रहा है। उसने जब सुबह मृतक अशोक पालीवाल को कई बार फोन किया। लेकिन फोन उठा नहीं। क्योंकि वह सुबह चाय देने आता था। जब उसने घर आकर देखा। तो उसके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। उसने देखा अशोक पालीवाल की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई थी। वह खून में लथपथ घर के आंगन में जमीन पर पड़े हुए थे। और उनके हाथ में एक देसी तमंचा था। जिसकी सूचना नौकर अनिल ने भतीजे अमित पालीवाल को दी।

जिस पर वह व अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर राम अवतार, कस्बा चौकी प्रभारी नागेंद्र सिंह व मंडी चौकी प्रभारी अवधेश कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिंग टीम भी पहुंची और उसने नमूने लिए।

मृतक ने सुसाइड करने से पहले एक पत्र लिखकर छोड़ा। जिसको इंस्पेक्टर ने परिजनों को पढ़कर सुनाया जिसमें लिखा है। कि मैं अशोक पालीवाल मै अपनी हत्या का स्वयं जिम्मेदार हूं। मैं बीमारी की वजह से परेशान होकर आत्महत्या कर रहा हूं।

## क्विक न्यूज

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना राजेपुर के ग्राम चित्रकूट निवासी छोटेलाल उम्र 33 वर्ष पुत्र कप्तान सिंह शनिवार रात आठ बजे ग्राम अंबरपुर के पास पैदल जा रहा था।तभी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंचे परिजनों ने एंबुलेंस से ष्ट।।ष्ट राजेपुर में भर्ती कराया गया।जहां प्राथमिक उपचार दिया गया।लेकिन सिर में अधिक चोट होने की वजह से हालत लगातार बिगड़ रही थी।जिसके चलते सीएचसी से मरीज को जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया।जिला अस्पताल लोहिया में ईएमओ डॉ भानु प्रताप ने मरीज को भर्ती कर उपचार शुरू कराया।घायल के आधा दर्जन से अधिक टांके आए है।सिर में अधिक चोट होने की वजह से विशेषज्ञ चिकित्सक को दिखाने की सलाह भी दी गई है।

### दलित महिला ने चार के खिलाफ दर्ज करायी रिपोर्ट

**हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के बमनपुर गांव निवासी दलित महिला ने गांव के ही चार लोगो के खिलाफगाली गलौज करने व मना करने पर पुत्र बधू के जातिसूचक गालियां देने की थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। गांव निवासी महिला सुमन पत्नी मन्नी लाल बेरिया ने पुलिस को बताया कि बीती शाम गांव निवासी राजू पुत्र साधु खंगार व इसके पुत्र देव सिंह विकास ,राजू ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे जब मेरी पुत्र बधू रत्नो ने उनको गाली गलौज करने से मना किया तो चारो ने मिलकर लाठी डंडे से मारपीट की। तथा जाति सूचक गालियां दी। मारपीट में चोट आई है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने व एससी एसटी का मुकदमा दर्ज किया है।

### दीवारी नृत्य में ढोल पीटते समय वृद्ध की मृत्यु

**कुरारा, हमीरपुर।** क्षेत्र के चकोठी गांव निवासी देवीदीन (58) पुत्र मइयादीन आज गांव में हो रही दिवारी नृत्य में ढोल बजा रहा था। ढोल बजाते समय वह बेहोश होकर गिर गया। जानकारी मिलते ही परिजन व ग्रामीण उसे इलाज के लिए कुरारा सीएचसी लेकर गए जहां से जिला अस्पताल रिफर किया गया है। वहा उसकी मौत हो गई। मृतक के नाम पर तीन बीघा खेत है। परिजनो द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है। गांव के लेखपाल व नायब तहसीलदार मौके पर गए थे। आज उसका गांव में अंतिम संस्कार किया गया है।

### केसीसी रेड ने क्रिकेट प्रतियोगिता जीती

**संडीला, हरदोई।** क्षेत्र के वेटेरेन खिलाड़ियों की क्रिकेट प्रतियोगिता केसीसी रेड ने केसीसी ग्रीन को 6 विकेट से हराकर जीत ली। इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सेंट थेरेसा स्कूल क्रिकेट ग्राउंड पर किया गया। मैच का उद्घाटन स्व0 विधायक कुंवर महावीर सिंह की धर्मपत्नी रानी रीता सिंह ने किया। टॉस केसीसी ग्रीन के कप्तान डॉ0 राकेश पाल ने जीता और पहले बैटिंग करने का फ़ैसला किया। टीम ने अवशत रहमान के 56 रनों के साथ 189 रन बनाए। जवाब में केसीसी रेड ने लक्ष्य हासिल कर 6 विकेट से मैच जीत लिया। अख्तर सईद ने नाबाद 89 रन बनाए। उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। राहुल शुक्ला को बेस्ट बॉलर घोषित किया गया। मुख्य अतिथि रानी रीता सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वित्रित किए। मैच के संयोजक लकी उस्ताद ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। क्रिकेट मैच में अंपायर के रूप में अमीन अली तथा गुड्डू ने अपनी भूमिका का सुंदर निर्वाह किया जबकि फ़िरोज़ हैदर ने कमेंट्री की।

### सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत, दो गंभीर

**संडीला, हरदोई।** लखनऊ हरदोई रोड पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो युवक बाइक सवारों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कछौना के अंतर्गत ग्राम गोठवा निवासी सुरेश पुत्र गुड्डू बाइक से जा रहे थे। कछौना से कुछ आगे किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। दूसरी सड़क दुर्घटना इसी थाना अंतर्गत सेठ भूरामल इंटर कॉलेज के पास हुई। दो बाइक सवारों को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी, जिससे एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी, दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को जिला अस्पताल भेजा गया है। दोनों युवकों का विवरण अभी नहीं मिल सका है, इसके अलावा कोतवाली संडीला के अंतर्गत ग्राम सनई निवासी 25 वर्षीय विनय पुत्र राजू किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले सीएचसी संडीला लाया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफ़र किया गया है।

### आचार्य कुलम की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा

**फतेहपुर।** आचार्य कुलम संस्थान की बैठक मोटेश्वर महादेव मंदिर में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने व संचालन अशोक वाजपेई ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भोलानाथ मिश्र मौजूद रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए प्रदीप तिवारी ने सभी आचार्यों से मंथन किया जिसमें 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व व 04 फरवरी को उपनयन संस्कार आदि कार्यक्रम संपादित करने हेतु विभिन्न समितियां को गठन हेतु सुझाव दिये गए। बैठक में भोलानाथ मिश्र ने यज्ञ आयोजन का सुझाव दिया तथा तय किया गया कि आगामी बैठक में उसकी रूपरेखा हेतु समाज के संभ्रांत नागरिक, भक्तजन, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रमुखों के साथ मिलकर चिंतन किया जाएगा जिसमें सामूहिक उपनयन संस्कार भी संपादित किए जाएंगे। 14 जनवरी को समरसता भोज पूर्व की भांति मनाया जाएगा जिसमें समाज के सभी वर्गों का आवाहन एवं समरसता का संदेश आचार्य कलम द्वारा दिया जाता रहा है। प्रमुख रूप से अशोक बाजपेई, राकेश त्रिवेदी, पंकज शुक्ला, राजेन्द्र तिवारी, चंद्रिका प्रसाद शुक्ला, राम बाबू शर्मा, राजकिशोर आदि मौजूद रहे।

### जुंआ के विवाद में हुई मारपीट में चार नामजद

**सुमेरपुर।** शुक्रवार को कस्बे के इमिलिया थोक में जुंआ के दौरान हुई मारपीट में पुलिस ने एक ज्ञात तथा तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम किया है। कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल निवासी दिनेश कुमार ने मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उसका भाई प्रदीप शुक्रवार को कस्बे के इमिलिया थोक स्थित काली माता मंदिर के समीप मौनिया देखने गया था। यहीं पर कुछ लोग जुंआ खेल रहे थे। जुंआ देखने के दौरान सरोज यादव पता अज्ञात तथा तीन अज्ञात युवकों ने उसे लाठियों से पीटकर लहुलुहान कर दिया था।

# कायस्थ समाज ने की भगवान चित्रगुप्त व कलम दवात की पूजा अर्चना

संवाददाता। फतेहपुर

**शांति** नगर स्थित ऐतिहासिक बांके बिहारी मंदिर परिसर में स्थित भगवान चित्रगुप्त जी की प्रतिमा के समझ उनकी भव्य आरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में सजातीय बंधुओ ने भाग लिया और भगवान चित्रगुप्त से प्रार्थना किया कि वह सब का कल्याण करें। इस दौरान इस पर्व की महत्ता और इतिहास से लोगों को अवगत कराया गया।

इस अवसर पर परंपरागत कलम दवात पूजन भी सम्पन्न हुआ। प्रमुख रूप से अ.भा. कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव, महामंत्री व सभासद संजय लाला, कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष शैलेश श्रीवास्तव, चित्रांश महासभा के युवा जिला अध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव, युवा महामंत्री रामजी श्रीवास्तव, बाबू हृदेश श्रीवास्तव, जयप्रकाश सिद्धराज सहित तमाम सजातीय बंधु मौजूद रहे। इसी कड़ी में चंदियाना स्थित भगवान चित्रगुप्त जी के मंदिर में हवन पूजन किया गया, जिसमें यजमान के रूप में निशु श्रीवास्तव व उनकी पत्नी ने भाग लिया। इस दौरान आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कुंज बिहारी श्रीवास्तव, विनीत श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, सर्वेश श्रीवास्तव, कमलेश श्रीवास्तव, जगदीश गुप्ता, गुड्डू लाला, निशा श्रीवास्तव, लवली श्रीवास्तव, बिन्नू श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस दौरान बांके बिहारी मंदिर में तमाम वरिष्ठ नागरिक संगठन के सदस्य मछलियों को भोजन भी खिलाया तो वही भगवान चित्रगुप्त जी की आरती के बाद प्रसाद भी ग्रहण किया। उधर कायस्थ समाज के लोगों ने आज अपने अपने घरों में प्रात: सर्वप्रथम भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात हवन आदि के बाद कलम दवात का पूजन कर हज़ारों साल पुरानी परम्परा को आगे बढ़ाया।

## दो युवकों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत बीते 24 घंटे के अंतराल में दो लोगों ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के सुभाषनगर गढ़ीवा निवासी राजेन्द्र का 30 वर्षीय पुत्र नरेन्द्र शराब पीने का आदी था। बीती रात उसने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक अपने पीछे पत्नी रिंकी व दो लड़के छोड़ गया है। इसी तरह चांदपुर थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव निवासी रामकिशुन का 35 वर्षीय पुत्र विजय पाल शराब पीने का आदी था। परिजनों से मामूली विवाद के बाद वह घर से निकल गया और खेत पहुंचकर उसने बबूल के पेड़ पर रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## आग से झुलसी मासूम ने अस्पताल में तोड़ा दम

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर में खाना बनाते समय सिलैंडर से गैस रिसाव से बीती 26अक्तूबर को भाजपा नगरमंडल अध्यक्ष अनूप सिंह का परिवार गम्भीर झुलस गया था।इन में मां बेटी व एक मासूम बच्ची समेत चार लोग झुलस गए। जिन्हें सरकारी अस्पताल से गंभीर हालत में सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। नगर के मराठी पुरा निवासी संगीता पत्नी देवी शरण शनिवार की सुबह गैस चूल्हे पर खाना बना रही थी तभी ट्यूब से गैस का रिसाव होने पर आग लग गई जिससे संगीता के कपड़ों में आग पकड़ ली यह देख उसकी पुत्री शैलेश व पुत्र अजय सिंह उसे बचाने में बुरी तरह झुलस गए। इस घटना में पास में ही मौजूद अजय की पुत्री पूर्वी तीन वर्ष जो आंशिक रूप से झुलस गई थी। आज दौरान इलाज उस की लखनऊ केजीएन अस्पताल में उस की मौत होगयी। भाजपा नेता निकटतम जगदीश प्रसाद व्यास व सुबोध गुप्ता मैं जानकारी दी।

# बहनों ने भाईयों के तिलक लगाकर उनकी लम्बी उम्र की कामना की

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दीपोत्सव पर्व के उपरान्त भाई दूज का पर्व कारागार स्तर से भी मनाया गया। जिसके दृष्टिगत कारागार में 442 महिला मुलाकातियों की 240 पुरूष बंदियों से तथा 5 पुरूष मुलाकातियों की महिला बंदियों से मुलाकात करायी गयी। मुलाकातियों के साथ 170 बच्चे भी साथ में आये। उक्त पर्व पर कारागार स्तर से कारागार के अन्दर कैम्प लगाकर बैठने की समुचित व्यवस्था की गयी। कारागार स्तर से मनाये गये भाई दूज के पर्व का प्रभारी जेल अधीक्षक/कारापाल विजय कुमार शुक्ला द्वारा भी पर्यवेक्षण किया गया। महिला मुलाकातियों से भी वार्ता कर मुलाकात में किसी भी प्रकार की होने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी परन्तु उनके द्वारा मुलाकात में किसी भी प्रकार कोई परेशानी नहीं बतायी गयी।

कारागार के अन्दर भी बंदियों से पूछताछ की गयी। उक्त कार्यक्रम के समापन पर प्रभारी जेल अधीक्षक/कारापाल विजय कुमार शुक्ला द्वारा अपने उद्बोधन में सभी बंदियों को अनुशासन के साथ शान्तिपूर्वक रहने का संदेश दिया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान मुलाकातियों एवं बंदियों में अति उत्साह देखा गया।

## गौशाला में गायों का पूजन कर खिलाया गुड़ चना

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भैयादूज के पावन पूर्व पर नगर पंचायत कर्मियों व सभासदों ने अस्थाई गौशाला पहुंचकर गौवंशों का पूजन कर गुड चना खिलाकर फूलमालायें पहनाई। इस दौरान उन्होनें कहा कि गौवंशों का पूजन करनें से कष्टों का निवासरण होता है। पंचायत कर्मियों व सभासदों नें अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल तालग्राम में पहुंचकर संरक्षित गौवंशो की पूजा बंदना कर फूल मालायें पहनाकर गुड़ चना एवं फलों को खिलानें के उपरान्त कहा कि गायों में देवी देवताओं का वास होता है। इसलिये उनकी सेवा एवं पूजा बंदना बेहद जरूरी है।

# भैया दूज के पावन पर्व पर रोली टीका कर बहनों ने उतारी आरती

संवाददाता। फतेहपुर

**धनतेरस**, दीपावली के साथ-साथ भैया दूज को भी मिठाई की दुकानों में अपार भीड़ जुटी रही। अपने भाईयों की सलामती के लिए सभी बहनों ने हल्दी व चंदन से टीका लगाकर व मुंह मीठा कर उनके लंबे जीवन की कामना की। दुख की घड़ी में साथ देने वाला भाई ही एक बहन के लिए प्राथमिकता देता है। बहन-भाई के बीच असीम प्रेम बना रहने के लिए भैया दूज मनाया जाता है। इस दिन सभी बहने अपने-अपने भाई की सुखमय जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती है। जिसके चलते शहर की मिष्ठान की दुकानों में जमकर मिठाई की खरीदारी हुई।

भाई को बहन के प्रति भले ही प्रेम की भावना न हो, लेकिन बहन को भाई के प्रति असीम लगाव होता है। भैया दूज एक बहन के लिए अहम पर्व के रूप में माना जाता है। सुबह से ही दूर-दराज में रहने वाली बहनों का आना-जाना लगा रहा और यही प्रक्रिया देर शाम तक लगातार जारी रही। विवाहित बहनों ने साल के पूरे दिन भले ही अपने पति की पूजा कर उसकी लम्बे जीवन की कामना ईश्वर से ही हो लेकिन भैया दूज पर्व में बहनों का प्रेम भाई के आगे पति का प्रेम फीका पड़ जाता है। इस दिन बहनें भाईयों की पूजा कर उनको तिलक लगाकर मिठाई भी खिलाती है।

कारागार पहुंचकर भाईयों को लगाया टीका: जिला कारागार में बंद अपने भाइयों से भाई दूज के अवसर पर बड़ी संख्या में बहने पहुंची और टीका लगाकर भाई दूज के पर्व को धूमधाम से मनाया। इस दौरान बहनों ने जहां भाइयों के माथे पर टीका कर उनकी लम्बी आयु की कामना की वहीं भाइयों ने बहनों को उपहार भी दिए और पैर छू-कर आशीर्वाद लिया।

पर्व को देखते हुए जेल प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था के पूरे इंतजाम किए थे। जेल अधीक्षक ने बताया कि भाई दूज के मनाने के लिये विशेष व्यवस्था की गई है। मिठाई और पूजा सामग्री भी जिला कारागार की ओर से उपलब्ध कराई गई।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा पुलिस चौकी के समीप एनएच-2 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से बाइक सवार 21 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं मासूम सहित दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एकारी गांव निवासी राम बहादुर का पुत्र सूरज अपने रिश्तेदार रज्जन का 4 वर्षीय पुत्र छोटू व कुंवारे का 25 वर्षीय पुत्र रवि के साथ बाइक से इसी थाने के उदईसरांय अपनी बुआ के घर गए थे। वापस लौटते समय जैसे ही ये लोग हसवा चौकी के समीप एनएच-2 पर पहुंचे तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे सूरज की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं मासूम सहित रवि घायल हो गया। सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज नगर के मुहल्ला सिरमौरा बांगर निवासी ज्ञानचन्द्र रविवार शाम लगभग साढ़े पांच बजे अपने पुत्र आकाश कुमार के साथ नवाबगंज बाजार से पैदल घर जा रहे थे। नगर पंचायत कार्यालय के सामने पहुंचते ही नवाबगंज की ओर से तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने ज्ञानचन्द्र व आकाश कुमार के पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ज्ञानचन्द्र व आकाश कुमार घायल हो गए। इसी बीच बाइक सवार युवक बाइक को मौके पर छोड़कर भाग गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल ज्ञानचन्द्र व आकाश कुमार को निजी बाहन से सीएचसी भर्ती कराया। सीएचसी पर मौजूद डॉ बशिष्ठ कटियार ने ज्ञानचन्द्र को मृत घोषित कर दिया। ज्ञानचन्द्र के शव पर पत्नी पुष्पा देवी, पुत्र आकाश कुमार, अनुज कुमार समेत परिजन चीत्कार करने लगे। थाना पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर थाने पर खड़ा कराया। सीएचसी से भेजे गए मीमो पर एसएसआई रामसिंह, एसआई गिरीश कुमार ने पुलिस बल के साथ सीएचसी पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली।

# बुंदेलखंड की अनमोल धरोहर दिवारी नृत्य परंपरा, आस्था और उल्लास का प्रतीक



**हमीरपुर।** गोवर्धन पूजा और भैया दूज के अवसर पर बुंदेलखंड के गाँव.गाँव में दिवारी नृत्य की धूम मची रही। रंग.बिरंगे परिधानों में सजे नर्तकों ने जब लाठी.डंडों के साथ वाद्य यंत्रों की ताल पर नृत्य कियाए तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। दिवारी नृत्य बुंदेलखंड की सांस्कृतिक धरोहर हैए जो दीपावली के आस.पास विशेषकर गोवर्धन पूजा और भैया दूज के समय किया जाता है। यह नृत्य न केवल मनोरंजन है, बल्कि आस्थाए परंपरा और सामुदायिक मेल.जोल का प्रतीक भी है। दिवारी नृत्य के जानकार बताते हैं कि इसमें नर्तक अपने पारंपरिक लाठी.डंडों के साथ साहसिक प्रदर्शन करते हैंए जो बेहद रोमांचक होता है। ढोलए मंजीरे और झांझ की ताल पर युद्ध कौशल और नृत्य का अनूठा संगम देखने को मिलता है। ग्रामीण लोगो का कहना है कि दिवारी नृत्य न केवल मनोरंजन बल्कि धार्मिक आस्था का माध्यम भी है। इस नृत्य के द्वारा लोग देवी.देवताओं की प्रसन्नता और उनके प्रति श्रद्धा अर्पित करते हैं। परशुराम यादव के अनुसारए यह नृत्य भगवान श्रीकृष्ण और गोवर्धन पर्वत की घटनाओं से जुड़ा हुआ है और इसे बुंदेलखंड के ग्रामीण अपनी भक्ति के रूप में प्रस्तुत करते हैं। लोग बताते हैं कि दिवारी नृत्य जीवन की कठिनाइयों के बीच भी उल्लास और प्रसन्नता का प्रतीक है।

# संविधान की रक्षा राष्ट्र की प्रमुख लड़ाई: राहुल

**भाषा।** वायनाड

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने रविवार को इस बात पर जोर दिया कि आज देश में अहम लड़ाई संविधान की रक्षा और उसे संरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान नफरत से नहीं, बल्कि विनम्रता और प्रेम से लिखा गया था। राहुल ने वायनाड में बहन प्रियंका गांधी वाद्रा के लिए चुनाव प्रचार के तहत मनंतवडी में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा, आज देश में जो प्रमुख लड़ाई लड़ी जा रही है, वह लड़ाई हमारे देश के संविधान की रक्षा के लिए है। हमें जो सुरक्षा मिलती है, हमारे देश की जो महानता है, वह सब संविधान से ही उपजी है। प्रियंका वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। राहुल ने कहा, संविधान गुस्से या नफरत की भावना से नहीं लिखा गया था। इसे उन लोगों ने लिखा था, जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत से लड़ाई लड़ी, जिन्होंने तकलीफें झेलीं, जिन्होंने वर्षों जेल में बिताए। इन लोगों ने संविधान को बड़ी विनम्रता, प्रेम और अपनेपन के भाव से लिखा था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह प्रेम और नफरत के बीच की लड़ाई है। उन्होंने कहा, यह आत्मविश्वास और असुरक्षा के बीच की लड़ाई है। और अगर आप वास्तव में इस लड़ाई को जीतना चाहते हैं, तो आपको अपने दिल से गुस्सा हटाना होगा, नफरत हटानी होगी और इनकी जगह प्यार, विनम्रता और करुणा का भाव लाना होगा। राहुल ने अपनी बहन की खूबियों पर प्रकाश डाला और बचपन में साथ में बिताए गए यादगार पलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वह पहली बार अपनी बहन के लिए वोट मांग रहे हैं, जो अतीत में उनके और उनके माता-पिता के लिए प्रचार कर चुकी हैं। राहुल ने कहा, वह (प्रियंका) वही शख्स हैं, जिन्होंने मेरे पिता (राजीव गांधी) की हत्या में शामिल लड़की को गले लगाया था। नलिनी से मिलकर लौटने पर उन्होंने मुझे यह बात बताई थी। वह भावुक हो गई थीं और उन्होंने मुझसे कहा कि उन्हें उसके लिए बुरा लग रहा है।

उन्होंने कहा, उसे (प्रियंका को) यही सिखाया गया है। और मेरे हिसाब से, भारत में इसी तरह की राजनीति की जानी चाहिए। नफरत की राजनीति नहीं, बल्कि प्यार और स्नेह की अपनेपन की (राजनीति की) जानी चाहिए। वहीं, प्रियंका ने चुनाव प्रचार के दौरान केंद्र सरकार पर हमला जारी रखा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर उद्योग जगत के अपने मित्रों के लिए सब कुछ करने का आरोप लगाया। कांग्रेस महासचिव ने कहा, मोदी जी की सरकार सिर्फ उद्योग जगत के उनके मित्रों के लिए काम करती है। आपको बेहतर जीवन देना उनका मकसद नहीं है। शिक्षित युवाओं के लिए नौकरियों के नए अवसर पैदा करना उनका मकसद नहीं है। लोगों को बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना तथा उनके लिए कल्याणकारी कदम उठाना उनका मकसद नहीं है। प्रियंका ने मोदी सरकार पर लोगों को बांटने, उनके बीच नफरत फैलाने, उनके अधिकार छीनने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को नष्ट करने का आरोप लगाया। प्रियंका ने कहा, उन्होंने (मोदी सरकार) लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के कारण राहुल गांधी जी पर हमला किया। कांग्रेस महासचिव ने मदर टेरेसा के साथ किए गए काम और मनंतवडी में रहने वाली सिस्टर रोजबेल का जिक्र किया। उन्होंने क्षेत्र में संपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए लड़ाई जारी रखने का वादा किया। प्रियंका ने अपने संबोधन में वायनाड में रात्रि प्रतिबंध, घाट रोड पर यातायात संबंधी मुद्दों, मानव-पशु संघर्ष और आदिवासियों एवं किसानों से जुड़े मुद्दों को भी रेखांकित किया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) का जिक्र करते हुए प्रियंका ने आरोप लगाया कि आदिवासियों को बड़े पैमाने पर लाभ पहुंचाने वाली मनरेगा के लिए केंद्र का वित्तपोषण और योजना के माध्यम से काम की उपलब्धता कम कर दी गई है। उन्होंने कहा, हमें संसद और सभी मंचों पर आवाज उठाकर सरकार पर वित्तपोषण बढ़ाने के लिए दबाव डालने की जरूरत है। प्रियंका ने रविवार को अपने भाई राहुल गांधी के साथ वायनाड में कई जनसभाएं और नुक्कड़ सभाएं कीं। कांग्रेस की ओर से जारी प्रचार कार्यक्रम के अनुसार, वायनाड लोकसभा उपचुनाव से चुनावी राजनीति में कदम रखने वाली प्रियंका सात नवंबर तक केरल में रहेंगी। वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव इसलिए आवश्यक हो गया, क्योंकि यहां के साथ-साथ रायबरेली से लोकसभा चुनाव जीतने वाले राहुल गांधी ने रायबरेली सीट बरकरार रखने और वायनाड खाली करने का फैसला किया था। वायनाड में लोकसभा उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर को होगा।



## राहुल गांधी ने प्रचार रैली में मोदी की आलोचना करने से किया परहेज

वायनाड (केरल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य की आलोचना करने से परहेज किया, लेकिन परिवार और अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा के बारे में अधिक बात की, जो वायनाड लोकसभा उपचुनाव में पार्टी की उम्मीदवार हैं। राहुल गांधी ने वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान के तहत यहां अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ एक संयुक्त रैली की। उन्होंने रैली के दौरान कहा कि प्रियंका अपने भाषण के दौरान पहले ही प्रधानमंत्री मोदी के बारे में बोल चुकी हैं। उन्होंने कहा, और वैसे भी, उन्होंने (प्रियंका गांधी) पहले ही श्री मोदी का जिक्र कर दिया है और हम सभी उनसे ऊब चुके हैं...फिर उनका दो बार जिक्र क्यों करना। प्रियंका गांधी ने इससे पहले अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी पर लोगों की भलाई के बजाय बड़े व्यापारिक हितों को तरजीह देने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा, इस रैली में मेरे सामने दो विकल्प हैं, या तो मैं कोई राजनीतिक संदेश दूं या फिर अपने परिवार के सदस्यों से बात करूं। मैं आपसे वैसे ही बात करना चाहूंगा, जैसे मैं अपने परिवार से करता हूं। मैं उम्मीदवार के बारे में अधिक भाषण देना चाहूंगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, मेरी बहन हमेशा से ही प्रचार करती रही है। वह कभी चुनाव नही लड़ी। इससे आपको उसके चरित्र के बारे मे कुछ पता चल जाएगा। उन्होने बचपन की अपनी पुरानी यादो को साझा किया जब दोनो (राहुल और प्रियंका) ने अपने पिता (दिवंगत राजीव गांधी) द्वारा उपहार में दिए गए कैमरों का उपयोग करके सर्वश्रेष्ठ तस्वीर खीचने को लेकर एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा की थी। राहुल गांधी ने कहा, मुझे अभी भी याद नही है कि प्रतियोगिता किसने जीती थी.. ठीक है.. वह (प्रियंका) अब कह रही है कि मैं जीता। उन्होंने कहा कि प्रियंका ने तस्वीरें लेने वाली छोटी लड़की से लेकर एक लंबी दूरी तय की है। राहुल गांधी ने कहा, वह समझती है कि खूबसूरती यह है कि हर किसी के पास लाखो-करोड़ो गुण होते है, हर एक व्यक्ति अनूठा होता है, हर चीज अनूठी होती है - किसी को कमजोरी दिखाई दे सकती है, वह ताकत देखेगी - ए मेरी बहन है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि प्रियंका उनसे ज्यादा भूमिकाएं निभा सकती है। वायनाड लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव इसलिए जरूरी हो गया, क्योंकि यहां से और रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव जीतने वाले राहुल गांधी ने वायनाड सीट छोड़ने का फैसला किया। वायनाड में 13 नवंबर को मतदान होगा।

# श्रीनगर में आतंकवाद रोधी अभियान में रही बिस्कुटों की अहम भूमिका

**श्रीनगर।**(भाषा) जम्मू-कश्मीर में एक सफल आतंकवाद रोधी अभियान में सुरक्षाबलों ने एक शीर्ष आतंकी कमांडर को ढेर कर दिया। उसे ठिकाने लगाने में रणनीतिक योजना के साथ ही बिस्कुटों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वरिष्ठ अधिकारियों ने पाकिस्तान आधारित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर उस्मान के खिलाफ अभियान के दौरान आवारा कुत्तों की ओर से उत्पन्न चुनौती को कम करने में बिस्कुटों के महत्व पर प्रकाश डाला। उस्मान शनिवार को श्रीनगर के घनी आबादी वाले खानयार इलाके में दिन भर चली मुठभेड़ में मारा गया। यह दो साल से अधिक समय में जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी में पहली महत्वपूर्ण मुठभेड़ थी। स्थानीय पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संयुक्त प्रयासों से आतंकवाद रोधी यह अभियान सफल रहा। अधिकारियों ने बताया कि घाटी के इलाके से अच्छी तरह वाकिफ उस्मान 2000 के दशक की शुरुआत में अपनी प्रारंभिक आतंकी गतिविधि के बाद से ही कई हमलों को अंजाम देने के लिए कुख्यात था। पाकिस्तान में कुछ समय बिताने के बाद उसने 2016-17 के आसपास वापस इस क्षेत्र में घुसपैठ की। वह पिछले साल पुलिस उपनिरीक्षक मसरूर वानी की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना में भी शामिल था। जब खुफिया जानकारी में आवासीय क्षेत्र में उस्मान की उपस्थिति का संकेत मिला तो बिना किसी क्षति के अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए नौ घंटे की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई।अभियान के दौरान एक महत्वपूर्ण चिंता आवारा कुत्तों की उपस्थिति थी, जिनके भौंकने से आतंकवादी संभावित रूप से सतर्क हो सकता था। इसका मुकाबला करने के लिए खोजी टीमों को बिस्कुट दिए गए।



## सुरक्षातंत्र को आतंकी हमलों में वृद्धि रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने यहां एक रविवार बाजार में हुए ग्रेनेड हमले की निंदा करते हुए कहा कि सुरक्षा तंत्र को आतंकवादी हमलों में वृद्धि को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। शहर के मध्य में स्थित भीड़-भाड़ वाले बाजार के पास सीआरपीएफ के एक बंकर की ओर आतंकवादियों द्वारा ग्रेनेड फेंके जाने से 11 लोग घायल हो गए, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। अब्दुल्ला ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पिछले कुछ दिनों से घाटी के कुछ हिस्सों में हमलों और मुठभेड़ की खबरें चर्चा में रही हैं। श्रीनगर के रविवार बाजार में निर्दोष दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की आज की खबर बेहद परेशान करने वाली है। निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नही हो सकता। उन्होंने कहा, सुरक्षा तंत्र को जल्द से जल्द हमलों की इस लहर को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, ताकि लोग बेखौफ होकर अपना जीवन जी सकें। कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने भी ग्रेनेड हमले की निंदा की। कर्रा ने कहा, दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की दुर्भाग्यपूर्ण और भयावह घटना के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ...। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर पुलिस को ऐसे क्रूर और अमानवीय हमलों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए ताकि लोग निर्भीक होकर कहीं भी आ-जा सकें। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना की।

# ईडी ने आरोपपत्र दाखिल किया, साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने परामर्श जारी किया

नई दिल्ली। (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोगों से डिजिटल अरेस्ट के खतरे से बचने का आग्रह किए जाने के तुरंत बाद, जांच एजेंसियों ने कहा कि वे साइबर अपराध की इस श्रेणी के खिलाफ कार्वाई कर रहे हैं जिसके तहत जहां प्रवर्तन निदेशालय ने ऐसे ही एक मामले में आरोप पत्र दाखिल किया, वहीं भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने नया परामर्श जारी किया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि उसने पिछले माह बेंगलुरु में एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष आठ आरोपियों के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की, जिन्होंने कथित तौर पर धोखेबाजी वाले ऐप के माध्यम से फर्जी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) आवंटन और शेयर बाजार में निवेश के माध्यम से आम लोगों को लुभाया था। ईडी ने कहा, जांच में पाया गया कि भारत में साइबर घोटालों का एक बहुत बड़ा नेटवर्क है, जिसमें फर्जी शेयर बाजार निवेश और डिजिटल अरेस्ट शामिल हैं, जिन्हें मुख्य रूप से फेसबुक , इंस्टाग्राम , व्हॉट्सऐप और टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया मंच के जरिए अंजाम दिया जाता है। इसने कहा, पिग बुचरिंग घोटाले के नाम से प्रचलित शेयर बाजार निवेश घोटाले, फर्जी वेबसाइट और भ्रामक व्हॉट्सऐप समूहों का उपयोग करके उच्च मुनाफे का लालच देकर लोगों को लुभाते हैं। ए भ्रामक व्हॉट्सऐप समूह देखने से ऐसा लगता है कि ए प्रतिष्ठित वित्तीय कंपनियों से जुड़े हैं। ईडी ने कहा कि खुद को सीमा शुल्क और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का अधिकारी बताकर घोटाले के पीड़ितों को डिजिटल अरेस्ट किया गया, जिससे आखिरकार उन्हें मुखौटा कंपनियों में भारी मात्रा में धन अंतरित करने के लिए मजबूर किया। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने रविवार को एक परामर्श जारी किया जिसमें लोगों से डिजिटल अरेस्ट से सावधान रहने की अपील की गई और कहा गया वीडियो कॉल करने वाले लोग पुलिस, सीबीआई, सीमा शुल्क अधिकारी या न्यायाधीश नहीं हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले संगठन ने कहा कि ऐसे लोग साइबर अपराधी होते हैं। परामर्श में लोगों से इन चालबाजी में न फंसने और राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन पर कॉल करके या साइबर अपराध की शिकायत के लिए आधिकाारिक पोर्टल पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने को कहा। प्रधानमंत्री मोदी ने 27 अक्टूबर को अपने मासिक रेडियो संबोधन मन की बात के दौरान डिजिटल अरेस्ट का मुद्दा उठाया था।




## यम द्वितीया के पर्व पर दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यमुना नदी में डुबकी लगाई

**मथुरा।** मथुरा और वृंदावन के विभिन्न घाटों पर यम द्वितीया (भाई दूज) के अवसर पर रविवार को दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यमुना नदी के पवित्र जल में डुबकी लगाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि अंतिम रिपोर्ट आने तक कोई अप्रिय घटना नहीं हुई थी तथा भाई-बहनों ने बड़ी संख्या में संयुक्त स्नान किया। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार, यम द्वितीया के पर्व पर मथुरा में यमुना स्नान के लिए भाई बहन बड़ी संख्या में आते हैं। माना जाता है कि जो भाईबहन इस दिन हाथ पकड़कर एक साथ यमुना में स्नान करते हैं, वे मृत्योपरांत यमफांस से मुक्ति पा जाते हैं,यानि उन्हें नरक की यातनाओं से मुक्ति मिल जाती है। प्रशासन ने यम द्वितीया पर्व पर विश्राम घाट पर होने वाले विशेष स्नान की चाक चौबंद व्यवस्था की थी। एसएसपी ने कहा कि यम द्वितीया के अवसर पर दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यमुना नदी में डुबकी लगाई है। पवित्र नदी में डुबकी लगाने के बाद उन्होंने वहां स्थित धर्मराज मंदिर के प्रमुख देवता के दर्शन किए।

# तवांग को भारत का हिस्सा बनाने वाले नायक के सम्मान में अरुणाचल में संग्रहालय का उद्घाटन

**तवांग।** (भाषा) वर्ष 1951 में नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (एनईएफए) के सहायक राजनीतिक अधिकारी मेजर रालेंगनाओ बॉब खातिंग ने तवांग को भारत संघ में शामिल करने के लिए एक साहसिक अभियान चलाया था, जिसके 73 वर्ष बाद उनकी वीरता की याद में एक संग्रहालय का उद्घाटन किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने असम के तेजपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस संग्रहालय का बृहस्पतिवार को उद्घाटन किया। वह खराब मौसम के कारण तवांग नहीं जा सके। खातिंग को असम के तत्कालीन राज्यपाल जयरामदास दौलतराम ने 17 जनवरी 1951 को चारिदुआर और तेजपुर के पास से असम राइफल्स के 200 सैनिकों और 400 पोर्टर के साथ तवांग की ओर कूच करने का आदेश दिया था। द्वितीय विश्व युद्ध से पहले तवांग स्वतंत्र तिब्बती सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में था। कई प्रयासों के बावजूद अंग्रेज इसे अपने अधीन नहीं कर सके। एनईएफए के ऐतिहासिक विवरणों के अनुसार, जब खातिंग और उनके लोग तवांग पहुंचे, तो उन्होंने तवांग मठ के पास एक ऊंचे स्थान पर स्थानीय कर अधिकारियों, गांव के बुजुर्गों और तवांग के प्रमुख लोगों के साथ बैठक बुलाई। खातिंग ने स्थानीय लोगों का दिल जीतने के लिए अपनी कूटनीतिक कुशलता का प्रयोग किया और जल्द ही उन्हें एहसास हो गया कि मोनपा समुदाय तिब्बती प्रशासन की ओर से लगाए गए कठोर करों से परेशान था। खातिंग ने स्थानीय लोगों को भारत और उसके लोकतंत्र के बारे में बताया तथा उन्हें भरोसा दिलाया कि भारत उन पर कभी भी अनुचित कर नहीं लगाएगा। जल्द ही असम राइफल्स के जवानों के साथ खातिंग ने तवांग पर नियंत्रण हासिल कर लिया। तवांग और बुमला में तिरंगा फहराया गया और यह क्षेत्र भारत का हिस्सा बन गया। खातिंग के सम्मान में संग्रहालय स्थापित करने का विचार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के दिमाग की उपज था। खातिंग के बारे में देश में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है।



संग्रहालय के उद्घाटन समारोह में अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केटी परनाइक, मुख्यमंत्री खांडू, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और राज्य के कई मंत्री शामिल हुए। समारोह में खातिंग के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। तेजपुर से रक्षा मंत्री के साथ सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और कई शीर्ष सैन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस समारोह के गवाह बने। समारोह में राजनाथ ने तवांग में स्थापित भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा देश का वल्लभ को भी राष्ट्र को समर्पित किया। खातिंग को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजनाथ ने कहा कि वह एक असाधारण व्यक्ति थे, जिन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने कहा, मेजर खातिंग ने न केवल भारत में तवांग के शांतिपूर्ण विलय का नेतृत्व किया, बल्कि सशस्त्र सीमा बल, नगालैंड सशस्त्र पुलिस और नगा रेजिमेंट सहित आवश्यक सैन्य एवं सुरक्षा प्रतिष्ठानों की भी स्थापना की।

# पेज 1 का शेष

## एक्यूआई..

स्तर 431 दर्ज किया गया। पंजाबी बाग और अशोक विहार में एक्युआई क्रमश: 427 और 415 रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा प्रकाशित राष्ट्रीय एक्युआई के हर घंटे अपडेट देने वाले समीर ऐप के अनुसार, अलीपुर, आया नगर, बवाना, बुराड़ी, मथुरा रोड, ठ्ठलठ्ठ एयरपोर्ट, द्वारका, जहाँगीरपुरी, मुंडका, नरेला, पटपड़गंज, रोहिणी, शादीपुर, सोनिया विहार, वज़ीरपुर, मंदिर मार्ग, नेहरू नगर, नजफ़गढ़ और अन्य मौसम निगरानी स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता बहुत खराब से खतरनाक श्रेणी में पहुँच गई। ये स्तर बहुत खराब श्रेणी में आते हैं, जहाँ लंबे समय तक रहने से निवासियों के श्वसन स्वास्थ्य पर असर पड़ने की संभावना है, खासकर उन लोगों के लिए जो पहले से ही बीमार हैं। नोएडा में सेक्टर 62 में एक्युआई 314 और सेक्टर 116 में 303 दर्ज किया गया। सेक्टर 125 में थोड़ा कम एक्युआई 287 दर्ज किया गया। इस बीच, गुरुग्राम में अलग-अलग इलाकों में हवा की गुणवत्ता में काफी अंतर है। एनआईएसई ग्वाल पहाड़ी में एक्युआई 351 दर्ज किया गया, जबकि सेक्टर 51 में बहुत कम एक्युआई188 दर्ज किया गया, जो अपेक्षाकृत बेहतर वायु गुणवत्ता का संकेत देता है। पर्यावरण मंत्रालय द्वारा साझा किए गए विवरण के अनुसार, 15 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2024 के बीच ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) लागू होने के बाद से एनसीआर में पीयूसी न रखने पर कुल लगभग 54,000 वाहनों का चालान किया गया है और लगभग 3900 पुराने वाहनों को जब्त किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एनसीआर में 7000 से अधिक निर्माण और विध्वंस स्थलों का निरीक्षण किया गया और 597 गैर-अनुपालन स्थलों पर पर्यावरण मुआवजा लगाया गया है और 56 स्थलों को बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। स्रोत पर धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए, पूरे एनसीआर में मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन (एमआरएसएम), वाटर स्प्रिंकलर और एंटी स्मॉग गन (एएसजी) की तैनाती बढ़ा दी गई है। अकेले दिल्ली में, औसतन 81 एमआरएसएम प्रतिदिन तैनात किए गए इसी तरह, पूरे एनसीआर में रोजाना औसतन 600 वाटर स्प्रिंकलर और एएसजी भी तैनात किए गए। एनसीआर में अवैध डंपिंग स्थलों का गहन निरीक्षण किया गया और अवैध स्थलों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की गई। 5300 से अधिक ऐसे निरीक्षण किए गए। तदनुसार, जीआरएपी अवधि के दौरान ठोस अपशिष्ट जलाने के दोषियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। एनसीआर राज्य एजेंसियों द्वारा उद्योगों और डीजी सेटों का निरीक्षण करने और गैर-अनुपालन इकाइयों के खिलाफ ईसी लगाकर और/या बंद करने का आदेश जारी करके कार्रवाई करने के लिए प्रवर्तन अभियान चलाए गए हैं। लगभग 1400 उद्योगों और 1300 डीजी सेटों का निरीक्षण किया गया और गैर-अनुपालन इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई की गई। आयोग में जीआरएपी निगरानी नियंत्रण कक्ष की स्थापना एनसीआर राज्यों द्वारा लक्षित कार्रवाइयों का अनुसरण करने और निगरानी करने के लिए, 15 अक्टूबर से आयोग में एक जीआरएपी निगरानी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका नेतृत्व सदस्य (सीएक्यूएम) करते हैं। नियंत्रण कक्ष और राज्यों के संबंधित नोडल अधिकारियों के बीच सूचना के सुचारू प्रवाह के लिए एक समर्पित व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। नियंत्रण कक्ष पूरे सप्ताह चालू रहता है। इस बीच, सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के एक विश्लेषण ने दिल्ली को दिवाली के बाद तीसरा सबसे प्रदूषित शहर बताया। अंतरिक्ष से कृषि पारिस्थितिकी तंत्र निगरानी और मॉडलिंग पर शोध के लिए कंसोर्टियम के अनुसार, जो भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अंतर्गत आता है, जो कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग (डीएआरई) के तहत एक स्वायत्त संगठन है।

## रिटायर

दोपहिया वाहन को आधे किलोमीटर से अधिक तक घसीटा। शुक्रवार-शनिवार की रात अनिकेत अपार्टमेंट में उस समय बवाल मच गया जब कैंसर पीड़ित 74 वर्षीय पूर्व डीएसपी अशोक शर्मा ने दो युवतियों चारवी जैन (21 वर्षीय) और भव्या जैन (23 वर्षीय) से सोसाइटी में बार-बार हॉर्न बजाने से मना किया। हालांकि इस हंगामे के बाद दोनों युवतियों को काफी हंगामे के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, शुक्रवार-शनिवार की रात करीब 12.26 बजे अशोक शर्मा ने पीसीआर कॉल की कि दो लड़कियों ने उन्हें पीटा है। वे सोसायटी में बार-बार अपनी स्विफ्ट कार का हॉर्न बजा रही थीं। उसने उनसे ऐसा नहीं करने को कहा, जिस पर उन्होंने उसके साथ मारपीट की। आरोपी और पूर्व डीएसपी दोनों अनिकेत अपार्टमेंट के निवासी थे। सेवानिवृत्त व्यक्ति घायल हो गया और उसे लाल बहादुर शास्त्री (एलबीएस) अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। घटना के बाद, उसी दिन शनिवार शाम करीब 6.37 बजे पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली जिसमें कहा गया था कि दो महिलाओं के पास चाकू है और वे फोन करने वाले से झगड़ा कर रही हैं। पुलिस टीम अनिकेत अपार्टमेंट पहुंची, जहां शिकायतकर्ता रीना, अशोक शर्मा की बेटी ने आरोप लगाया कि वह और उसकी बहन प्रतिभा अपने घर के बाहर खड़ी थीं, उसी समय इन दोनों बहनों ने उन पर हमला किया। अधिकारी को उन्होंने बताया, दो महिलाएं आईं और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। भव्या के हाथ में एक बड़ा चाकू था जिसे बाद में सफलतापूर्वक छीन लिया गया। हालांकि, दोनों बहनों ने उन्हें और उनकी मां शांति को पीटा। पुलिस ने जब स्थानीय निवासियों और पीड़िता से पूछताछ की उस दौरान, ये आरोपी युवतियां अपार्टमेंट के अपने फ्लैट में थीं। पुलिस की बार-बार चेतावनी के बावजूद दोनों महिलाओं ने बाहर आने से इनकार करती रही। उन्हें बाहर निकालने के लिए, पुलिस के निर्देश पर फ्लैट की बिजली और पानी की आपूर्ति काट दी जाए। इस बीच, कुछ निवासियों ने बहनों की स्विफ्ट डिजायर कार के दो टायरों की हवा निकाल दी। एक अधिकारी ने कहा, इसके बाद दोनों महिलाएं अचानक अपने फ्लैट से बाहर निकलीं और तेजी से कार में बैठ गईं, और लोगों के साथ-साथ पुलिस टीम की तरफ तेज गति से वाहन को दौड़ा दिया। किसी तरह, पुलिस टीम और निवासियों ने खुद को बचाने की कोशिश की। हालांकि हेड कांस्टेबल सुनील के पैर में फ्रैक्चर हो गया और अन्य व्यक्तियों अशोक शर्मा, प्रवीण और पनाडे को चोटें आईं और उनका इलाज चल रहा है। महिलाओं ने भागते समय, 36 वर्षीय जोगिंदर सिंह को टक्कर मार दी, जो सड़क किनारे सोसायटी के बाहर अपनी स्कूटी के साथ खड़े थे, और गिर गए। उन्होंने कहा, उनकी स्कूटी को लगभग 700 मीटर तक घसीटा गया। पुलिस कर्मचारियों ने उनका पीछा किया और उत्तर प्रदेश पुलिस की मदद से नोएडा में दोनों को पकड़ लिया गया। उन्होंने कहा, उनके खिलाफ दो मामले दर्ज किए गए हैं। पूर्व डीएसपी शर्मा, उनकी बेटी रीना, हेड कांस्टेबल सुनील और स्कूटर सवार जोगिंदर द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ न्यू अशोक नगर पुलिस स्टेशन में कुल चार एफआईआर दर्ज की गई हैं। दोनों बहनों पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें 109 (2) (हत्या का प्रयास), 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 126 (2) (गलत तरीके से रोकना), 221 (सरकारी कर्मचारी के काम में बाधा डालना) और 132 (सरकारी कर्मचारी पर हमला करना या उस पर आपराधिक बल का प्रयोग करना) शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि दोनों बहनों का टकराव का इतिहास रहा है, जिसमें कथित तौर पर सितंबर में एक सुरक्षा गार्ड को बंधक बनाने की घटना भी शामिल है, जिसकी त्वचा को उन्होंने गर्म लोहे से जला दिया था। दोनों बहनों पर सितंबर में एक मामले में मामला दर्ज किया गया था, जिसमें उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) की कार्यवाही चल रही है। उन्होंने पहले भी पुलिस टीम पर गंदा पानी डाला था। एसीपी कल्याणपुरी के तहत सभी मामलों की जांच जारी है।

## टीम इंडिया...

उसका स्कोर पांच विकेट पर 29 रन हो गया। भारत को लंच के बाद जीत के लिए 55 रन की दरकार थी और उसके चार विकेट बचे हुए थे। भारत की नैया पार लगाने की जिम्मेदारी पंत के कंधों पर था लेकिन उनके विवादास्पद तरीके से आउट होने के बाद मैच का रुख न्यूजीलैंड की तरफ मुड़ गया। न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल ने वानखेड़े स्टेडियम को फिर से अपने लिए भाग्यशाली साबित करते हुए 57 रन देकर छह विकेट लिए। ग्लेन फिलिप्स ने 42 रन के एवज में तीन विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। पंत ने न्यूजीलैंड की हर चुनौती का डटकर सामना किया लेकिन उनका आउट होना भारत के लिए करारा झटका था। न्यूजीलैंड ने पटेल की गेंद पर विकेट के पीछे कैच की अपील की जिसे अंपायर ने ठुकरा दिया। कीवी टीम ने रिव्यू लिया। रिप्ले से स्पष्ट नहीं हो रहा था कि गेंद बल्ले या दस्ताने को स्पर्श करके गई है लेकिन तीसरे अंपायर ने उन्हें आउट दे दिया।

# चीन ने सैनिकों को पीछे हटाने की दिशा में कुछ प्रगति की : जयशंकर

**भाषा**। ब्रिस्बेन

**विदेश मंत्री एस** जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत और चीन ने सैनिकों को पीछे हटाने की दिशा में कुछ प्रगति की है। उन्होंने इस घटनाक्रम को स्वागत योग्य कदम बताया। जयशंकर की यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध वाले दो बिंदुओं-डेमचोक और देपसांग में भारतीय और चीनी सैनिकों के पीछे हटने के कुछ दिनों बाद आई है। भारतीय सेना ने देपसांग में सत्यापन गश्त शनिवार को शुरू की, जबकि डेमचोक में गश्त शुक्रवार को शुरू हुई थी। जयशंकर ने ब्रिस्बेन में प्रवासी भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा, भारत और चीन के संदर्भ में हमने कुछ प्रगति की है। आप जानते हैं कि हमारे संबंध कुछ कारणों से बहुत ही खराब थे। हमने (सैनिकों के) पीछे हटने की दिशा में कुछ प्रगति की है। विदेश मंत्री ने कहा, वास्तविक नियंत्रण रेखा के आसपास बहुत बड़ी संख्या में चीनी सैनिक तैनात हैं, जो 2020 से पहले वहां नहीं थे और बदले में हमने भी जवाबी तैनाती की। इस अवधि के दौरान संबंधों के अन्य पहलू भी प्रभावित हुए हैं। इसलिए स्पष्ट रूप से, हमें पीछे हटने के बाद देखना होगा कि हम किस दिशा में आगे बढ़ते हैं। जयशंकर ने कहा, लेकिन, हमें लगता है कि पीछे हटना एक स्वागत योग्य कदम है। इससे यह संभावना खुलती है कि अन्य कदम भी उठाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले महीने रूस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात के बाद उम्मीद थी कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) और मैं दोनों अपने समकक्षों से मिलेंगे। तो चीजें इस तरह हुई हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 21 अक्टूबर को दिल्ली में कहा था कि पिछले कई हफ्तों की बातचीत के बाद



भारत और चीन के बीच एक समझौते को अंतिम रूप दिया गया है, जिससे 2020 में उठे मुद्दों का समाधान निकलेगा। पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर सैनिकों को पीछे हटाने और गश्त करने पर सहमति बनी, जो चार साल से जारी गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ी सफलता है। जून 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के संबंधों में गिरावट आई थी। दो देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में आस्ट्रेलिया के शहर ब्रिस्बेन पहुंचे जयशंकर ने कहा कि इस समय दो संघर्षों पर हर किसी की नजरें टिकी हुई हैं। उन्होंने एक अन्य सवाल पर कहा, एक यूक्रेन है। और दूसरा पश्चिम एशिया में जो हो रहा है। अलग-अलग तरीकों से हम दोनों में कुछ करने का प्रयास कर रहे हैं। यूक्रेन-रूस संघर्ष पर जयशंकर ने कहा कि भारत कूटनीति पर फिर से जोर दे रहा है, तथा प्रधानमंत्री मोदी व्यक्तिगत रूप से दोनों देशों के नेताओं के साथ बैठकों में शामिल रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जुलाई में रूस गए थे और फिर अगस्त में यूक्रेन गए। प्रधानमंत्री ने जून में और सितंबर में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। पिछले महीने प्रधानमंत्री मोदी ने कजान में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ फिर से बैठक की थी।

## भारत विकास के पथ पर अग्रसर, दुनिया के साथ बढ़ना चाहता है आगे

**ब्रिसबेन**। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत विकास के पथ पर अग्रसर है और दुनिया के साथ आगे बढ़ना चाहता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देशों में भारत के साथ काम करने की सदिच्छा और भावना है। जयशंकर दो देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में आज यहां पहुंचे। वह सिंगापुर भी जाएंगे। उन्होंने एक्स पर कहा, नमस्ते ऑस्ट्रेलियाउ आज ब्रिसबेन पहुंच गया हूं। भारत-ऑस्ट्रेलिया मित्रता को आगे बढ़ाने के लिए अगले कुछ दिनों में सकारात्मक बातचीत की उम्मीद है। यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा, भारत बढ़ेगा। भारत बढ़ रहा है और भारत दुनिया के साथ बढ़ना चाहता है। उन्होंने कहा कि जब भारत विश्व की ओर देखता है तो उसे अवसर नजर आते हैं। जयशंकर ने कहा, हम आशावादी हैं। कुछ समस्याएं हो सकती है लेकिन कुल मिलाकर, हमें लगता है कि दुनिया में भारत के साथ काम करने की सदिच्छा और भावना है। हम दुनियाभर में भारत की सफलता के लिए एक भावना देखते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग के अनेक मौके है।

## अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव : करोड़ों मतदाताओं ने समय पूर्व मतदान व्यवस्था का लाभ उठा वोट डाला

न्यूयॉर्क। अमेरिका में इस बार राष्ट्रपति चुनाव में न्यूयॉर्क के 42 ब्रॉडवे एक अहम गंतव्य है, जहां निर्वाचन बोर्ड का दफ्तर स्थित है। कार्यकारी निदेशक माइकल रेयान और उनके डिप्टी विंसेंट इग्नीजियो न्यूयॉर्क में मतदान तिथि से पहले पड़े वोटों की संख्या को लेकर खासे उत्साहित हैं। समय पूर्व वोटिंग व्यवस्था के तहत न्यूयॉर्क में पहले दिन करीब 40,000 लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। रेयान ने कहा, हम अपनी प्रीति नहीं छुपाना चाहते, लेकिन हम इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं। न्यूयॉर्क ने समय पूर्व वोटिंग के मामले में पहले ही रिकॉर्ड कायम कर लिया है और मतदान अभी भी जारी है। अमेरिका के विभिन्न प्रांतों में करोड़ों मतदाताओं ने मतदान तिथि (पांच नवंबर) से पहले ही अपने वोट डाल दिए हैं। फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के इलेक्शन लैब ट्रैकर के आंकड़ों के मुताबिक, 6.8 करोड़ से अधिक अमेरिकी अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं। पूरे अमेरिका में मतदाता समय पूर्व मतदान व्यवस्था से मिलने वाली सहूलियत का लाभ उठा रहे हैं, फिर चाहे वह डाक मतपत्रों के माध्यम से हो या फिर मतदान केंद्रों पर जाकर वोट डालकर। समय पूर्व मतदान व्यवस्था मतदाताओं को खराब मौसम, मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों में लगने, व्यस्तताओं के कारण वोट न डालने या चुनाव के दिन व्यक्तिगत कार्यक्रमों में बदलाव करने के झंझट से मुक्ति दिलाती है। रेयान का मानना है कि समय पूर्व मतदान के प्रति सकारात्मक रुझान सुनिश्चित करने में कई कारकों ने अहम भूमिका निभाई, कम से कम न्यूयॉर्क शहर में तो ऐसा रहा है, 2020 में समय पूर्व मतदान के लिए 100 से भी कम मतदान केंद्र बनाए गए थे। इस साल यह संख्या उससे लगभग 50 प्रतिशत अधिक है। न्यूयॉर्क शहर के मैनहट्टन क्षेत्र में जॉन जे कॉलेज में समय पूर्व वोटिंग की सुविधा देने वाला एक मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। यहां पांच नवंबर को चुनावी तिथि से पहले ही बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने पहुंच रहे हैं। मतदान केंद्र की समन्वयक सुजैन का मानना है कि समय पूर्व मतदान प्रक्रिया के प्रति बहुत सकारात्मक रुझान देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा, हम मतदान प्रक्रिया में व्यस्त हैं। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि यहां वोट डालने वाले हर मतदाता को सभी जरूरी सहायता मिले। लोग समय पूर्व मतदान की सुविधा को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

## भारत-अमेरिका साझेदारी वैश्विक स्तर पर सबसे महत्वपूर्णः डेमोक्रेटिक नेता मखीजा

**फिलाडेल्फिया**। अमेरिका में भारतीय मूल के डेमोक्रेटिक नेता नील मखीजा ने कहा है कि भारत-अमेरिका साझेदारी वैश्विक स्तर पर सबसे महत्वपूर्ण है और अगर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस अमेरिका की राष्ट्रपति बनती हैं तो यह सहयोग और बढ़ेगा क्योंकि वह इन संबंधों के महत्व को जानती हैं। हैरिस के करीबी माने जाने वाले युवा नेता मखीजा ने पीटीआई से एक विशेष साक्षात्कार के दौरान राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप की उस आव्रजन नीति की भी कड़ी आलोचना की, जिससे भारतीय-अमेरिकियों सहित अमेरिका में प्रवासी समुदायों के बीच चिंता पैदा हो गई है। मखीजा ने भारत-अमेरिका साझेदारी पर कहा कि यह भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण संबंध है। उन्होंने कहा, जब आप चीन के साथ अमेरिका की प्रतिस्पर्धा के बारे में सोचते हैं, जब आप रूस द्वारा उठाए जा रहे उन कदमों के बारे में सोचते हैं जो अमेरिका और उसके सहयोगियों के हितों के विपरीत हैं, तो भारत अपने आकार और आर्थिक गतिविधियों के संदर्भ में अमेरिका के लिए वास्तव में सबसे महत्वपूर्ण देश है। मखीजा ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि अमेरिका या भावी राष्ट्रपति यह समझें कि भारत कई मायनों में अमेरिका के लिए बहुत महत्वपूर्ण साझेदार है। उन्होंने कहा, जब हमारी रक्षा, जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों से निपटने जैसी वैश्विक प्राथमिकताओं की बात आती है तो अमेरिका और भारत मिलकर काम कर सकते हैं। इसलिए हमें एक ऐसे राष्ट्रपति की जरूरत है जो इसे पहचाने और यह व्यक्ति कमला हैरिस है। मखीजा ने अगले सप्ताह होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। हार्वर्ड से शिक्षा प्राप्त मखीजा भारतीय मूल के हैं और डेमोक्रेटिक पार्टी के एक प्रमुख चेहरे के रूप में उभर रहे हैं।

## श्रीलंका संसदीय चुनाव से संबंधित शिकायतों के मामलों में 190 से अधिक लोग गिरफ्तार

**कोलंबो**। श्रीलंका में हुए 2024 के संसदीय चुनावों से संबंधित शिकायतों के सिलसिले में अब तक छह उम्मीदवारों सहित 191 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। संसदीय चुनाव के लिए मतदान 14 नवंबर को होगा। पुलिस ने बताया कि उसे संसदीय चुनाव से संबंधित 168 शिकायत मिली हैं। समाचार पोर्टल न्यूजफर्स्ट.एलके ने पुलिस मीडिया प्रवक्ता डीआईजी (उप महानिरीक्षक) निहाल थलदुवा के हवाले से कहा, इसमें अपराध की 30 शिकायत और चुनाव कानूनों के उल्लंघन से संबंधित 138 शिकायत शामिल है। उन्होंने बताया कि जिन 191 लोगों को 2024 के संसदीय चुनावों से संबंधित शिकायतों के सिलसिले में अब तक गिरफ्तार किया गया है उनमें चुनाव लड़ रहे छह उम्मीदवार भी शामिल हैं। पुलिस ने इन शिकायतों के संबंध में 45 वाहन भी जब्त किए है। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसे संसदीय चुनावों से संबंधित।,259 शिकायत मिली हैं। समाचार पोर्टल ने कहा कि इनमें से 13 शिकायत हिंसा के संबंध में हैं।

## दुनिया भर में छा रही भारतीय कहानियां

**मुंबई**। हमने पिछले हफ्ते दो पत्ती के कलाकारों की रोमांचक कहानियों का आनंद लिया और अब नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 2 में भूल भुलैया 3 के स्टार.स्टडेड कलाकारों और क्रू. कार्तिक आर्यनए विद्या बालनए तृप्ति डिमरीए राजपाल यादव और अनीस बज़्मी के साथ आमी जे तोमार के लिए खुद को तैयार करें। यह दिवाली स्पेशल एपिसोड एक डरावने किस्से के साथ आता हैए जो पहले कभी नहीं देखी गई भुतिया दिवाली एपिसोड बनाता है। इस एपिसोड में ऐसा ही एक डरावना पल तब आता हैए जब कपिल के पूछने पर कार्तिक आर्यन भूल भुलैया 3 की शूटिंग के दौरान अलौकिक शक्तियों का सामना करने के अपने असल जिंदगी के अनुभव के बारे में बताते हैं। कार्तिक आर्यन ने बताया ऐसा तब हुआ जब हम लोग भूल भुलैया 3 के सेट पर शूट कर रहे थे। एक बड़ी हवेली थीए अंधेरा था, पूरा माहौल ही डरावना सा था। हमारा शॉट लेने से पहले मैं किसी से बात ही कर रहा थाए कि अचानक से किसी ने मुझे पीछे से स्क्रैच कर दिया! तृप्ति को तो लगा कि शॉट के पहलेए मैं कोई इम्प्रोवाइज या एक्टिंग कर रहा थाए पर तब मैंने बोला किए श्नहीं यार मुझे सच में किसी ने स्क्रैच किया है। पर हमारे पीछे कोई भी नहीं था। ऐसा लगता है कि भूत.प्रेत भी कार्तिक का ध्यान आकर्षित करने के लिए कुछ भी कर सकते हैंऔर उन्हें कौन ब्लेम कर सकता है।

# चीनी विद्वानों ने चीन में बौद्ध ग्रंथों में रामायण के प्रभाव को उजागर किया

**भाषा**। बीजिंग

**चीन के विद्वानों** का कहना है कि यहां सदियों से बौद्ध धर्मग्रंथों में रामायण की कहानियों के निशान मौजूद हैं। संभवत: पहली बार इस बात का खुलासा हुआ है कि देश के उतार-चढ़ाव भरे इतिहास में हिंदू धर्म का प्रभाव भी रहा है। बीजिंग में भारतीय दूतावास द्वारा रामायण-ए टाइमलेस गाइड विषय पर शनिवार को आयोजित एक संगोष्ठी में धार्मिक प्रभावों पर लंबे समय से शोध कर रहे कई चीनी विद्वानों ने उन ऐतिहासिक मार्गों का पता लगाने वाली स्पष्ट प्रस्तुतियां दीं, जिनके माध्यम से रामायण चीन तक पहुंची और चीनी कला एवं साहित्य पर इसका प्रभाव पड़ा। सिंघुआ विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय अध्ययन संस्थान के प्रोफेसर एवं डीन डॉ. जियांग जिंगकुई ने कहा, धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष दुनिया को जोड़ने वाली सदाबहार कृति के रूप में रामायण का प्रभाव अंतर-सांस्कृतिक प्रसार के माध्यम से और भी अधिक महत्वपूर्ण रूप से बढ़ गया है। उन्होंने कहा, चीन ने भी इस महाकाव्य के तत्वों को आत्मसात किया है, जिसने न केवल चीनी (बहुसंख्यक) हान संस्कृति में निशान छोड़े हैं, बल्कि चीनी शिजांग (तिब्बती) संस्कृति में भी इसकी पुनर्व्याख्या की गई है और इसे नया अर्थ दिया गया है। चीन आधिकारिक तौर पर तिब्बत को शिजांग के नाम से संदर्भित करता है। जियांग ने कहा, यह सांस्कृतिक प्रवास और अनुकूलन एक सदाबहार और सांसारिक ग्रंथ के रूप में रामायण के खुलेपन और लचीलेपन को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि चीन में रामायण से संबंधित सबसे प्रारंभिक सामग्री मुख्य रूप से बौद्ध धर्मग्रंथों के माध्यम से हान सांस्कृतिक क्षेत्र में पेश की गई थी। जियांग ने कहा कि इसे हान सांस्कृतिक क्षेत्र में एक संपूर्ण कृति के रूप में शामिल नहीं किया गया, लेकिन महाकाव्य के कुछ हिस्सों को बौद्ध धर्मग्रंथों में जगह दी गई है। उन्होंने बौद्ध लिपियों के चीनी अनुवाद का हवाला दिया, जिनमें दशरथ और हनुमान को बौद्ध पात्रों के रूप में उल्लेखित किया गया है। जियांग ने कहा, एक प्रसिद्ध उदाहरण यह है कि हनुमान को वानर राजा में बदल दिया गया, जिन्होंने बौद्ध शिक्षाओं का पालन किया और क्लासिक बौद्ध नैतिक कथाओं में घुलमिल गए। मानवीय विशेषताओं वाले वानर राजा सन वुकोंग को सबसे प्रिय और सबसे स्थाई चीनी साहित्य और लोककथाओं में शामिल किया गया है। चीनी सामाजिक विज्ञान अकादमी के राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय रणनीति संस्थान के प्रोफेसर लियू जियान ने अपनी प्रस्तुती में कहा कि कई चीनी विद्वान इस बात से सहमत हैं कि सन वुकोंग का संबंध हनुमान से है, हालांकि कुछ विद्वानों का कहना है कि वह चीन के ही थे।


## युगांडा के एक शरणार्थी शिविर में चर्च पर आकाशीय बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत

**कंपाला**। उत्तरी युगांडा के एक शरणार्थी शिविर में एक चर्च पर आकाशीय बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार को लामवो के सुदूर जिले में हुई। पुलिस प्रवक्ता किटुमा रुसोके ने बताया कि घटना में 34 अन्य लोग घायल हुए हैं। रुसोके के मुताबिक, पलाबेक बस्ती शिविर के निवासी चर्च में प्रार्थना सेवा में भाग ले रहे थे, तभी आकाशीय बिजली गिर गई। पलाबेक बस्ती शिविर में मुख्य रूप से दक्षिण सूडान से आए शरणार्थी रहते हैं।

# मेरी मां ने मुझे और मेरी बहन को हमारी विरासत की सराहना और सम्मान करना सिखायाः कमला हैरिस

**भाषा**। वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार एवं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने शनिवार को प्रकाशित एक लेख में बचपन में की गईं भारत की अपनी यात्राओं और कैंसर का इलाज करने के अपनी मां के मिशन को याद किया।हैरिस ने दक्षिण एशियाई के ऑनलाइन प्रकाशन द जगरनॉट में प्रकाशित एक लेख में कहा, जब मैं और मेरी बहन बड़े हो रहे थे, तब मेरी मां ने हमें हमारी विरासत की सराहना और सम्मान करना सिखाया। हम लगभग हर दूसरे साल दिवाली के मौके पर भारत जाया करते थे। हम अपने दादा-दादी और



अन्य रिश्तेदारों के साथ समय बिताते थे। उन्होंने कहा, और उपराष्ट्रपति के तौर पर मेरे आवास (उपराष्ट्रपति के सरकारी आवास) पर दिवाली समारोह का आयोजन किया जाना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। इसका मकसद न केवल अवकाश मनाना है बल्कि दक्षिण एशियाई अमेरिकी प्रवासियों के समृद्ध इतिहास, संस्कृति और विरासत का जश्न मनाना है। राष्ट्रपति पद के लिए पांच नवंबर को होने वाले चुनाव से तीन दिन पहले प्रकाशित अपने लेख में हैरिस ने कहा कि 19 साल की उम्र में उनकी मां श्यामला हैरिस भारत से अमेरिका आईं। उन्होंने लिखा, मेरी मां के जीवन के दो लक्ष्य थे: पहला-अपनी दो बेटियों- मेरा एवं मेरी बहन माया का पालन पोषण करना तथा दूसरा स्तन कैंसर का इलाज करना। राष्ट्रपति चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि अमेरिका के लोग एक ऐसा राष्ट्रपति चाहते हैं जो सभी अमेरिकियों के लिए काम करे।

# मानव स्वास्थ्य से जुड़ी हुई है हमारे महासागरों की स्थिति : रिपोर्ट

**भाषा**। लैंकेस्टर (ब्रिटेन)

**वनअर्थ पत्रिका में प्रकाशित** एक नए अध्ययन में पता लगाया गया है कि समुद्री जैव विविधता संरक्षण, मानव स्वास्थ्य और कल्याण किस तरह से आपस में जुड़े हुए हैं। परिणाम बताते हैं कि समुद्री संरक्षित क्षेत्र धरती और मानव, दोनों के लिए अच्छे हो सकते हैं। महासागर के इन क्षेत्रों को सरकारों द्वारा समुद्री संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। मानवीय गतिविधियों पर रोक लगाकर उन्हें संरक्षित किया जाता है। सरकार जब किसी समुद्री संरक्षित क्षेत्र की घोषणा कर देती है, तो आप आमतौर पर उसमें नहीं रह सकते, मछली नहीं पकड़ सकते, समुद्र तटीय रिसॉर्ट नहीं बना सकते, मछली पालन नहीं कर सकते या तेल के लिए खुदाई नहीं कर सकते। हर जगह नियम अलग-अलग होते हैं, लेकिन जरूरी यह है कि जितना संभव हो सके मानवीय गतिविधियों को सीमित कर प्रकृति के साथ छेड़छाड़ नहीं करने दी जाए। संयुक्त राष्ट्र समर्थित जैव विविधता योजना (जिसका लक्ष्य 2030 तक दुनिया की 30 प्रतिशत भूमि और महासागरों की रक्षा करना है) के तहत महासागर संरक्षण का विस्तार करने की योजना के साथ, यह जानना महत्वपूर्ण है कि इसका लोगों के साथ-साथ प्रकृति पर क्या प्रभाव पड़ेगा। यह अध्ययन संरक्षण चैरिटी वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर, हार्वर्ड इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ और ड्यूक यूनिवर्सिटी की समुद्री प्रयोगशाला द्वारा किया गया। समुद्री संरक्षण वैज्ञानिक डैनियल वियाना के नेतृत्व में टीम ने 1973 से समुद्री संरक्षित क्षेत्रों और लोगों पर उनके प्रभावों पर लिखे गए सभी वैज्ञानिक लेखों की समीक्षा की। उन्होंने पाया कि विश्व भर में जिन 234 समुद्री संरक्षित क्षेत्रों की करीबी निगरानी की गई, उनमें से 60



प्रतिशत से अधिक क्षेत्रों में प्रकृति संरक्षण और मानव कल्याण दोनों में सुधार देखा गया। अध्ययन में समुद्री संरक्षित क्षेत्रों को शामिल किया गया है जो प्रबंधित और मछली पकड़ने की चुनिंदा गतिविधियों के माध्यम से टिकाऊ उपयोग की अनुमति देते हैं। ए मछली पकड़ने के तरीके हैं, जैसे हुक या मछली पकड़ने के जाल का उपयोग करना, जो मूंगे की चट्टानों को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। समुद्र में बहुत सारे पोषक तत्व हैं? हमारे महाद्वीप और द्वीप समुद्र, झीलों, नदियों और बाढ़ के मैदानों से घिरे हुए हैं, जहां विटामिन, खनिज और फैटी एसिड से भरपूर खाद्य पौधे और जानवर रहते हैं। जलीय खाद्य पदार्थों से मिलने वाले ए सूक्ष्म पोषक तत्व अत्यधिक जैव उपलब्ध (शरीर द्वारा आसानी से अवशोषित) होते हैं। यदि इन्हें पोषण की दृष्टि से कमजोर लोगों को उपलब्ध कराया जाए, तो वे लाखों तटीय लोगों में कुपोषण को रोक सकते हैं। जैसे-जैसे आबादी बढ़ती है, जलीय भोजन की मांग बढ़ती जाती है। जंगली फसलों को जलीय कृषि और समुद्री कृषि द्वारा पूरक बनाया जा रहा है -- ए मीठे पानी और समुद्री भूमि पर फसलें उगाने और पशुधन के समकक्ष हैं। मनुष्यों द्वारा सीधे उपभोग किए जाने वाले जलीय खाद्य पदार्थों में से आधे से अधिक अब जलीय कृषि से उत्पादित होते हैं, जिनमें से अधिकांश समुद्र के बजाय अंतर्देशीय जल में उत्पादित होते हैं। समुद्री संरक्षित क्षेत्रों के जरिए कुपोषण समस्या को हल करने की कोशिश करना चुनौतीपूर्ण होने जा रहा है। कई समुद्री संरक्षित क्षेत्रों का प्रबंधन प्रभावी ढंग से नहीं किया जाता है। इसके विपरीत, दुनिया भर में मत्स्य पालन से पकड़ी गईं 77 प्रतिशत मछलियां ऐसे स्थान से आती हैं जिनका प्रबंधन टिकाऊ तरीके से किया जाता है, हालांकि बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उनके विस्तार की बहुत कम गुंजाइश है। जलीय कृषि ऐसा कर सकती है, लेकिन यह क्षेत्र अभी भी स्थिरता की ओर बढ़ रहा है। समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र और मत्स्य पालन के लिए जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण जैसे कई प्रमुख खतरों से केवल स्थानीय समुद्री आवास संरक्षण द्वारा प्रभावी ढंग से नहीं निपटा जा सकता। इन चुनौतियों के बावजूद, यह अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालता है कि प्रकृति-मानव संबंध शोषक होने के बजाय पुनरुत्पादक हो सकते हैं।

## ईरानी-अमेरिकी पत्रकार को ईरान में हिरासत में रखा गयाः अमेरिका

दुबई। ईरान पर इजराइल के हमले के बाद से बढ़े तनाव के बीच एक ईरानी-अमेरिकी पत्रकार को तेहरान द्वारा हिरासत में रखे जाने की जानकारी मिली है। अमेरिकी प्राधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एसोसिएटेड प्रेस को पत्रकार रेजा वलीजादेह को हिरासत में रखे जाने की जानकारी दी। यह जानकारी ऐसे समय में मिली जब ईरान द्वारा अमेरिकी दूतावास पर कब्जा किए जाने और लोगों को बंधक बनाए जाने की घटना के 45 साल पूरे हुए हैं। वलीजादेह रेडियो फर्दा के लिए काम करते थे। रेडियो फर्दा अमेरिकी सरकार द्वारा वित्त पोषित रेडियो फ्री यूरोपारेडियो लिबर्टी के अंतर्गत एक संस्थान है। वलीजादेह ने फरवरी में सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा था कि उन्हें ईरान वापस लाने के प्रयास के तहत उनके परिवार के सदस्यों को हिरासत में लिया गया। वलीजादेह ने इसके बाद अगस्त में दो संदेश साझा किए थे जिनसे पता चला कि वह ईरान लौट आए हैं, जबकि ईरान का धर्मतंत्र रेडियो फर्दा को शत्रु संस्थान के रूप में देखता है। पिछले कुछ सप्ताह से अटकलें लगाई जा रही है कि वलीजादेह को हिरासत में लिया गया है। ईरान मे मामलों पर नजर रखने वाली ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी ने कहा कि इस साल की शुरुआत में देश में आने पर उन्हें हिरासत में लिया गया लेकिन बाद में रिहा कर दिया गया। एजेंसी ने बताया कि इसके बाद उन्हें फिर से गिरफ्तार किया गया और एविन जेल भेज दिया गया, जहां अब वह ईरान की रिवोल्यूशनरी कोर्ट में मुकदमे का सामना कर रहा है, जो नियमित रूप से बंद कमरे में सुनवाई करती है। उसने बताया कि वलीजादेह को 2007 में भी गिरफ्तार किया गया था। वलीजादेह के बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि उसे इस रिपोर्ट की जानकारी है कि अमेरिकी-ईरानी नागरिक को ईरान मे गिरफ्तार किया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, ईरान अमेरिकी नागरिकों और अन्य देशों के नागरिकों को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए अन्यायपूर्ण तरीके से अक्सर कैद करता रहा है। यह चलन क्रूर है और अंतरराष्ट्रीय कानून के विपरीत है। ईरान ने वलीजादेह को हिरासत में लेने की बात स्वीकार नही की है। इसके अलावा तेहरान को रोकने की कोशिश में लंबी दूरी के बी-52 बमवर्षकों के पश्चिम एशिया पहुंचने के बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजराइल और अमेरिका को ईरान तथा उसके सहयोगियों पर किए जाने वाले हमलों का करारा जवाब देने की शनिवार को धमकी दी। अमेरिकी दूतावास पर 1979 में किए गए कब्जे के दौरान बंधक बनाए गए दर्जनों लोगों को 444 दिनों की कैद के बाद रिहा किया गया था।

## भारत पांच साल में पेट्रोलियम, रत्न, चीनी निर्यात में वैश्विक खिलाड़ी के रूप में उभरा

नई दिल्ली। पिछले पांच साल के दौरान भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता पेट्रोलियम, रत्न, कृषि रसायन और चीनी जैसे क्षेत्रों में तेजी से बढ़ी है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। भारत ने 2018 और 2023 के दौरान इन क्षेत्रों में वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। इसके अलावा इलेक्ट्रिकल सामान, न्यूमेटिक टायर, नल और वॉल्व, तथा सेमीकंडक्टर उपकरणों में भी हिस्सेदारी बढ़ी है। मंत्रालय के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 2023 में पेट्रोलियम निर्यात बढ़कर 84.96 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। इसके साथ ही वैश्विक व्यापार में भारत की बाजार हिस्सेदारी 2018 के 6.45 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 12.59 प्रतिशत हो गई। इस श्रेणी में भारत पांचवे स्थान से बढ़कर दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक बन गया। कीमती और अर्ध-कीमती पत्थरों के क्षेत्र में वैश्विक निर्यात में देश की हिस्सेदारी 2018 के 16.27 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 36.53 प्रतिशत हो गई है। इस श्रेणी में देश वैश्विक व्यापार में दूसरे स्थान से शीर्ष पर आ गया। इसी तरह चीनी निर्यात 2018 के 93 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 3.72 अरब डॉलर हो गया। इस क्षेत्र में वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 4.17 प्रतिशत से बढ़कर 12.21 प्रतिशत हो गई। कीटनाशकों और कवकनाशकों के वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी में भी अच्छी वृद्धि हुई। अंतरराष्ट्रीय कृषि और पर्यावरण मानकों को पूरा करने की भारत की क्षमता और कृषि रसायनों में नवोन्मेषण पर ध्यान देने की वजह से ऐसा संभव हो पाया। इसके अलावा रबड़ न्यूमेटिक टायर, सेमीकंडक्टर और फोटोसेंसिटिव उपकरणों के वैश्विक व्यापार में भी देश की स्थिति मजबूत हुई है।

## एफपीआई ने अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजार से 94,000 करोड़ रुपए निकाले

**नई दिल्ली**। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजार से 94,000 करोड़ रुपए (करीब 11.2 अरब अमेरिकी डॉलर) निकाले है। इस तरह यह एफपीआई की निकासी के मामले में सबसे खराब महीना रहा है। घरेलू बाजारों में ऊंचे मूल्यांकन तथा चीन के शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार में बिकवाल बने हुए हैं। इससे पहले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने मार्च, 2020 में शेयरों से 61,973 करोड़ रुपए निकाले थे।एफपीआई ने इस ताजा निकासी से पहले सितंबर में शेयरों में 57,724 करोड़ रुपए डाले थे। यह उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर था। अप्रैल-मई में 34,252 करोड़ रुपए निकालने के बाद जून से एफपीआई लगातार लिवाल रहे थे। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक, प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि भविष्य में भू-राजनीतिक घटनाक्रम, ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव, चीनी अर्थव्यवस्था में प्रगति और अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे जैसे वैश्विक घटनाक्रम भारतीय शेयरों में विदेशी निवेश को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति का रुख, कंपनियों के तिमाही नतीजे और त्योहारी मांग के आंकड़ों पर एफपीआई की निगाह रहेगी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने अक्टूबर में 94,017 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की है। पूरे महीने में सिर्फ एक दिन एफपीआई लिवाल रहे हैं। इस तरह 2024 में शेयरों में उनका कुल निवेश घटकर 6,593 करोड़ रुपए रह गया है। एफपीआई की बिकवाली की वजह से प्रमुख सूचकांक अपने शीर्ष स्तर से काफी नीचे आ गए हैं। आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान बॉन्ड से सामान्य सीमा के माध्यम से 4,406 करोड़ रुपए निकाले हैं और स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग (वीआरआर) से 100 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

# ग्लियोब्लास्टोमाः इम्यूनोथेरेपी मस्तिष्क कैंसर रोगियों के लिए बन सकती है आशा की किरण

**कार्डिफ (ब्रिटेन)**। ग्लियोब्लास्टोमा मस्तिष्क कैंसर का सबसे आम और सबसे घातक रूप है। रोगियों के लिए पूर्वानुमान बहुत निराशाजनक है-निदान के बाद जिंदा रहने का औसत समय 12 से 15 महीने के बीच है। और केवल 6.9 प्रतिशत रोगी पांच साल से अधिक जीवित रहते हैं। इस तरह यह कैंसर का वह रूप है, जिसमें बहुत कम रोगी जिंदा बचते हैं। इस कैंसर से होने वाला नुकसान जीवित रहने की दर से कहीं ज्यादा है। मरीज सिरदर्द, दौरे, संज्ञानात्मक और व्यक्तित्व परिवर्तन और तंत्रिका संबंधी कमजोरियों जैसे लक्षणों से पीड़ित हो सकते हैं। ए लक्षण उनके जीवन की गुणवत्ता को काफी हद तक प्रभावित कर सकते हैं। लेकिन तत्काल आवश्यकता के बावजूद, इस जानलेवा बीमारी के लिए कोई लक्षित उपचार मौजूद नहीं है। अब शोधकर्ताओं का मानना है कि इम्यूनोथेरेपी, जो कैंसर कोशिकाओं को लक्षित करने के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली का उपयोग करती है, ग्लियोब्लास्टोमा के उपचार में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है। ग्लियोब्लास्टोमा प्राकृतिक रूप से होने वाला ट्यूमर है, जो मस्तिष्क ट्यूमर के एक समूह से संबंधित है, जिसे ग्लियोमास कहा जाता है, जो मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी में उत्पन्न होता है और बढ़ता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा ग्रेड 4 ट्यूमर के रूप में वर्गीकृत, ग्लियोब्लास्टोमा कैंसर के सबसे खतरनाक रूपों में से एक है। ब्रिटेन में हर साल ग्लियोब्लास्टोमा के लगभग 3,200 नए मामलों का निदान किया जाता है, जो सालाना रिपोर्ट किए जाने वाले कुल 12,700 मस्तिष्क और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र ट्यूमर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। वैश्विक स्तर पर, हर साल प्रति।,00,000 लोगों पर लगभग 3.2 से 4.2 मामले होते हैं। इसका मतलब है कि दुनिया भर में हर साल लगभग।,50,000 नए मामले सामने आते हैं। ग्लियोब्लास्टोमा के लिए मानक उपचार



जैसे सर्जरी, विकिरण और कीमोथेरेपी अक्सर केवल अस्थाई रूप से प्रभावी होते हैं। कैंसर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं को दबाने की क्षमता और रक्त-मस्तिष्क अवरोध की उपस्थिति के कारण ट्यूमर इन उपचारों के प्रति अत्यधिक प्रतिरोधी होते हैं, जो अधिकांश दवाओं को मस्तिष्क तक पहुंचने से रोकता है। सर्जरी के बाद, ट्यूमर अक्सर वापस आ जाता है और मस्तिष्क के अन्य भागों में फैल सकता है। इससे रोगियों और डॉक्टरों दोनों के लिए और भी चुनौतियां पैदा होती हैं। इम्यूनोथेरेपी- इम्यूनोथेरेपी का क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है। स्वीकृत इम्यूनोथेरेपी उपचार वर्तमान में विभिन्न कैंसर, जैसे मेलेनोमा, स्तन और फेफड़ों के कैंसर के लिए उपलब्ध हैं। इम्यूनोथेरेपी का उपयोग ऑटोइम्यून स्थितियों जैसे मल्टीपल स्केलेरोसिस और रुमेटाइड आर्थराइटिस, एचआईवी और हेपेटाइटिस बी और सी जैसी संक्रामक बीमारी और एलर्जी संबंधी बीमारी के इलाज के लिए भी किया जा सकता है।ग्लियोब्लास्टोमा के उपचार के लिए, इम्यूनोथेरेपी एक आशाजनक, लेकिन जटिल, मार्ग का प्रतिनिधित्व करती है। ट्यूमर की अत्यधिक अनुकूल प्रकृति के कारण, ग्लियोब्लास्टोमा मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न उत्परिवर्तन प्रस्तुत करता है। इससे इसे लक्षित करना मुश्किल हो जाता है। फिर भी, शोधकर्ता आशावादी हैं। हाल के परीक्षणों से पता चला है कि मस्तिष्कमेरु द्रव में इंजेक्शन के माध्यम से इम्यूनोथेरेपी को सुरक्षित रूप से दिया जा सकता है। वैज्ञानिक अब इस बात की खोज कर रहे हैं कि ट्यूमर में अधिक प्रभावी ढंग से प्रवेश करने के लिए इन तरीकों को कैसे अनुकूलित किया जाए। इम्यूनोथेरेपी से आशा के बावजूद, ग्लियोब्लास्टोमा के लिए इसे प्रभावी बनाना एक चुनौती बनी हुई है। फंडिंग की कमी ने अतीत में मस्तिष्क कैंसर अनुसंधान को बाधित किया है। लेकिन नई पहल ग्लियोब्लास्टोमा से निपटने के लिए अन्य क्षेत्रों के शोधकर्ताओं की भर्ती करने में मदद कर रही है। इसमें मेरे जैसे शोधकर्ता भी शामिल हैं। बीस वर्षों से, मैं इस बात का अध्ययन कर रहा हूं कि कैंसर और दीर्घकालिक संक्रमण के दौरान प्रतिरक्षा प्रणाली को किस तरह से नियंत्रित और संशोधित किया जा सकता है। हाल में, मैंने इस बात का अध्ययन किया है कि किस तरह से प्रतिरक्षा कोशिकाएं मस्तिष्क के कार्य में संचार करती हैं और हस्तक्षेप करती हैं जिसके परिणामस्वरूप अल्जाइमर की शुरुआत होती है। मैं अब उस ज्ञान और अनुभव को ग्लियोब्लास्टोमा पर लागू कर रहा हूं, जहां मैं उन अवरोधों को दरकिनार करने का तरीका खोज रहा हूं, जो उपचार को ट्यूमर तक पहुंचने से रोकते हैं। मेरा काम विशेष रूप से ग्लियोब्लास्टोमा के लिए इम्यूनोथेरेपी उपचार विकसित करने और उसका परीक्षण करने के वैश्विक प्रयास का हिस्सा है। ग्लियोब्लास्टोमा का इलाज करना एक जटिल और चुनौतीपूर्ण बीमारी है, इम्यूनोथेरेपी रोगियों के लिए बेहतर परिणामों के लिए एक संभावित मार्ग प्रदान करती है। हालांकि आज तक, ग्लियोब्लास्टोमा के रोगियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कोई स्वीकृत चिकित्सकीय रूप से उपलब्ध इम्यूनोथेरेपी नहीं है। इन दवाओं को देने की विधि भी महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए, हाथ में और रक्त में या रीढ़ की हड्डी के माध्यम से एक साधारण इंजेक्शन द्वारा रोगी का इलाज करना, मस्तिष्क पर सर्जरी करने से बेहतर है।

# बीसीसीआई करेगा टीम इंडिया का मूल्यांकन

## ●ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद कुछ दिग्गज खिलाड़ियों का इस प्रारूप में करियर खत्म हो सकता है

**भाषा।** नई दिल्ली

**न्यूजीलैंड के खिलाफ** तीन मैचों की श्रृंखला में 0-3 से सूपड़ा साफ होने का भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) मूल्यांकन करेगा और टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद कुछ दिग्गज खिलाड़ियों का इस प्रारूप में करियर खत्म हो सकता है। बीसीसीआई डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप) के अगले चक्र की शुरुआत से पहले अनुभवी खिलाड़ियों को चरणबद्ध तरीके से बाहर का रास्ता दिखाने का मन बना रहा है। इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन में से कम से कम दो के लिए अंतिम हो सकती है। ए चारों खिलाड़ी अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के आखिरी चरण में हैं। जब रोहित से भारत के टेस्ट भविष्य के बारे में उनके विचार पूछे गए तो उन्होंने कहा, देखिए, मुझे नहीं लगता कि हम इतना आगे की सोच सकते हैं। अगली श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण है, जो कि ऑस्ट्रेलिया है। उन्होंने कहा, मैं ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला से आगे नहीं देख रहा हूं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला हमारे लिए बहुत, बहुत महत्वपूर्ण है। इसके बाद क्या होगा, इसके बारे में सोचने के बजाय हम उस पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करेंगे। बीसीसीआई के दिग्गजों और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर, मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित के बीच उम्रदराज खिलाड़ियों के साथ टीम के आगे बढ़ने के बारे में अनौपचारिक चर्चा हो सकती है।बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, इसका निश्चित रूप से आंकलन किया जाएगा और यह अनौपचारिक हो सकता है क्योंकि टीम 10 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी। यह एक बड़ी हार है लेकिन ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला करीब है और टीम की घोषणा पहले ही हो चुकी है, इसलिए अभी कोई छेड़छाड़ नहीं होगी। उन्होंने कहा, भारत अगर इंग्लैंड में खेल जाने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं करता है, तो इस बात की काफी संभावना होगी कि इन चारों में से कुछ नाम इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में नहीं होंगे। इन चारों ने घरेलू मैदान पर संभवत: एक साथ अपना आखिरी टेस्ट मैच खेल लिया है।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ शर्मनाक हार पर तेंदुलकर ने आत्मनिरीक्षण की मांग की

मुंबई। भारतीय टीम का तीन मैचो की टेस्ट श्रृंखला मे न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से सूपड़ा साफ होने से स्तब्ध सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और हरभजन सिंह जैसे पूर्व दिग्गजो ने टीम से आत्मनिरीक्षण का आह्वान करते हुए टेस्ट प्रारूप मे अनावश्यक प्रयोग बंद करने और बेहतर पिचो पर खेलना शुरू करने का आग्रह किया। तेदुलकर ने एक्स पर लिखा, घरेलू श्रृंखला मे 0-3 की हार को पचा पाना मुश्किल है और इससे टीम को आत्मनिरीक्षण की जरूरत है। क्या यह तैयारी की कमी थी, क्या यह खराब शॉट चयन था या यह मैच अभ्यास की कमी थी? तेंदुलकर ने कहा, शुभमन गिल ने पहली पारी मे जज्बा दिखाया और पंत दोनो पारियो मे शानदार थे। उनकी शानदार फुटवर्क के सामने चुनौतीपूर्ण पिच भी बल्लेबाजी के लिए आसान दिख रही थी। सहवाग ने भारतीय बल्लेबाजो को स्पिनरो के खिलाफ अपने खेल के स्तर को ऊंचा करने की सलाह देते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, मेरे लिए समर्थक के रूप मे टीम का समर्थन करना अनिवार्य है लेकिन यह हमारी टीम का बहुत ही खराब प्रदर्शन रहा है। निश्चित रूप से स्पिन को खेलने के कौशल मे सुधार करने की जरूरत है। कुछ प्रयोग छोटे प्रारूप मे अच्छे लगते है लेकिन टेस्ट क्रिकेट मे उनका अनावश्यक प्रयोग वास्तव मे खराब था। इस पूर्व आक्रमक बल्लेबाज ने कहा, टॉम लैथम और न्यूजीलैंड की टीम को वह करने के लिए बधाई जो भारत आने वाली हर टीम के लिए एक सपना है और कोई अन्य इस तरह से जीत नही सका। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि इस तरह की पिचो पर कोई भी किसी को भी आउट कर सकता है और टीमो को विकेट लेने के लिए मुथैया मुरलीधरन, शेन वार्न या सक्लैन मुश्ताक जैसे दिग्गजों की जरूरत नही है।

### यह मेरे करियर का सबसे बुरा दौर होगा: रोहित

मुंबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से मिली निराशाजनक हार को अपने करियर का सबसे बुरा दौर बताया और टेस्ट श्रृंखला मे मिली हार की पूरी जिम्मेदारी ली। रोहित ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, इस तरह का प्रदर्शन मेरे करियर का सबसे बुरा दौर होगा और मै इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। उन्होंने कहा कि घरेलू मैदान पर इस तरह से टेस्ट श्रृंखला गंवाने को आसानी से पचाया नही जा सकता है। श्रृंखला गंवाने की बात पचाना मुश्किल है। श्रृंखला हारना, टेस्ट मैच हारना कभी भी आसान नही होता। यह आसानी से पचने वाली बात नही है। हमने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नही खेला। न्यूजीलैंड ने पूरी श्रृंखला मे बेहतर प्रदर्शन किया। हमने कई गलतियां की। पहले दो टेस्ट मे हमने पहली पारी मे ज्यादा रन नही बनाए।

# भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में दूसरे स्थान पर खिसका

## ●ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर

**भाषा।** दुबई



**न्यूजीलैंड के खिलाफ** तीन मैचों की घरेलू श्रृंखला में शर्मनाक हार के बाद भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में शीर्ष से दूसरे स्थान पर खिसक गया। भारत को मुंबई में खेले गए तीसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड ने 25 रन से हराकर 3-0 से सूपड़ा साफ किया। टेस्ट में 1999-2000 के बाद भारतीय टीम का पहली बार सूपड़ा साफ हुआ है। टीम को तब दक्षिण अफ्रीका ने 2-0 से हराया था। यह पहली बार है जब भारत को कम से कम तीन मैचों की श्रृंखला की सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। डब्ल्यूटीसी के मौजूदा चक्र में यह भारत की यह पांचवीं हार है। जिससे उसके अंक प्रतिशत (पीसीटी) में बड़ी गिरावट आई। टीम का अंक प्रतिशत 62.82 से खिसक कर 58.33 हो गया। इस प्रकार भारत मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गया, जिसने 62.50 के पीसीटी के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। भारत को अब पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होना है। इस श्रृंखला का महत्व अब और अधिक बढ़ गया है क्योंकि दोनों टीमें शीर्ष दो स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। न्यूजीलैंड श्रृंखला से पहले भारत को लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने का सबसे बड़ा दावेदार माना जा रहा था। अब उसे अगर-मगर के फेर से बचते हुए अपने बूते फाइनल में जगह पक्की करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच जीतने होंगे। इस चक्र में ऑस्ट्रेलिया के सात मैच बचे हुए है और उसे इन सात मैचों में से चार जीत की जरूरत है। भारत में न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक श्रृंखला में जीत ने उनकी डब्ल्यूटीसी फाइनल की आकांक्षाओं को भी मजबूत किया है। न्यूजीलैंड 54.55 पीसीटी के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया है, जबकि श्रीलंका 55.56 की पीसीटी के साथ तीसरे स्थान पर है।दक्षिण अफ्रीका 54.17 के पीसीटी के साथ पांचवें स्थान पर है। वह भी शीर्ष दो में जगह बनाने और अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है।

### राशिद संयुक्त 25वें स्थान पर रहे, केली बनें इंडोनेशिया मास्टर्स के चैम्पियन

**जकार्ता।** भारतीय गोल्फर राशिद खान रविवार को यहां बीएनआई इंडोनेशियाई मास्टर्स के आखिरी दौर में 71 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 25वें स्थान पर रहे। शुरुआती दो दौर में 67-67 के कार्ड खेलने बाद वह संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर थे लेकिन तीसरे दौर में 72 और चौथे दौर में 71 के कार्ड के कारण वह कुल 11 अंडर के स्कोर के साथ तालिका में काफी नीचे खिसक गए। भारत के एसएसपी चौरसिया (68) सात अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 41वें स्थान पर रहे जबकि 2023 के चैंपियन गगनजीत भुल्लर (72) संयुक्त 44वें स्थान पर रहे। कनाडा के रिचर्ड ली चौथे दौर में 70 का कार्ड खेलने के बाद कुल 23 अंडर के स्कोर के साथ इसके विजेता बने। उन्होंने सात साल के खिताबी सूखे को खत्म करते हुए एशियाई टूर अपना तीसरा खिताब जीता।

### दीक्षा संयुक्त 29वें स्थान पर रहीं, हुल ने जीता खिताब

**रियाद।** भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर रविवार को यहां अरामको टीम सीरीज में संयुक्त 29वें स्थान पर रही जबकि चार्ले हुल ने अंतिम दौर में 66 के कार्ड से खिताब अपने नाम किया। दीक्षा ने अंतिम दौर में हफ्ते का सर्वश्रेष्ठ स्कोर तीन अंडर 69 बनाया जिससे वह टूर्नामेंट में संयुक्त 29वें स्थान पर रही जबकि प्रणवी उर्स (76) संयुक्त44वे स्थान पर खिसक गईं। दीक्षा ने अंतिम दौर में चार बर्डी और एक बोगी जबकि प्रणवी ने एक बर्डी लगाई और पांच बोगी कर बैठी।

### डब्ल्यूटीए फाइनल्स : सबालेंका और पाओलिनी ने पहले दिन जीत दर्ज की

**रियाद (सऊदी अरब)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने सऊदी अरब में चल रहे डब्ल्यूटीए फाइनल्स के पहले मैच में झेंग किनवेन पर सीधे सेट में जीत दर्ज की। सबालेंका ने शनिवार को 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की और चीन की खिलाड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 5-0 कर दिया। इस जीत से सबालेंका साल का अंत शीर्ष पर करने की ओर बढ़ रही है। बेलारूस की खिलाड़ी को नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखने के लिए अपने तीन ग्रुप मैच में से केवल दो जीतने की जरूरत है। इटली की चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने ग्रुप मैच में पांचवी वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को हराया। पाओलिनी ने साल के अंत में होने वाले टूर्नामेंट में अपने पहले मैच में 7-6(5) 6-4 से जीत हासिल की।

### नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने ओडिशा एफसी को हराया

**गुवाहाटी।** अलादीन अजराई के शानदार दो गोल और गिलर्मो फर्नांडीज के गोल की मदद से नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने रविवार को यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के रोमांचक मैच में ओडिशा एफसी को 3-2 से हरा दिया।ओडिशा के लिए हुगो बोमोस और डिएगो मौरिसियो ने गोल किए। अजराई ने 12वें और 40वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को 2-0 से बढ़त दिला दी। पर ओडिशा के लिए बोमोस ने 60वें मिनट में गोल दागा और स्कोर 2-1 कर दिया। नॉर्थईस्ट यूनाईटेड के लिए फर्नांडिज ने 11 मिनट बाद तीसरा गोल दागा। मौरिसियो ने 83वें मिनट में गोल कर ओडिशा के लिए हार का अंतर कम किया।

# बल्लेबाजी चिंताजनक, ऑस्ट्रेलिया में खास प्रयास करेंगे: रोहित



## ●न्यूजीलैंड के खिलाफ स्पिनरों की मददगार पिचों पर खेलने का फैसला सही था

**भाषा।** मुंबई

**कप्तान रोहित शर्मा** ने न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला गंवाने के बाद स्वीकार किया कि स्टार बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन निश्चित रूप से भारत के लिए चिंता का विषय है लेकिन वादा किया कि टीम ऑस्ट्रेलिया में कुछ खास करने की कोशिश करेगी। न्यूजीलैंड ने श्रृंखला में मेजबान भारत को 3-0 से हरा दिया। रोहित (91) और विराट कोहली (93) तीन टेस्ट मैचों में 200 से कम रन बना पाए जो भारत की हार का प्रमुख कारण था। रोहित ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह चिंता का विषय है। अगर बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, तो यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, जो हो गया, सो हो गया। एक खिलाड़ी के तौर पर, एक कप्तान के तौर पर, एक टीम के तौर पर, हम सभी को आगे के बारे में देखना होगा। हमें देखना होगा कि हम यहां जो हासिल नहीं कर पाए, उसे कैसे सुधार सकते हैं। हमारे पास ऑस्ट्रेलिया में जाकर कुछ खास करने का अच्छा मौका है। हम इस पर ध्यान केंद्रित करेंगे। भारतीय टीम घरेलू सरजमीं पर स्पिनरों की मददगार पिचों पर खेलना पसंद करती है लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के दौरान पुणे और यहां खेले गए आखिरी दो मैचों में उसकी यह योजना बुरी तरह से विफल रही। भारत पिछले 12 साल से स्पिनरों की माकूल पिच पर घरेलू टेस्ट श्रृंखला में अजेय था लेकिन न्यूजीलैंड ने रविवार को तीसरे टेस्ट में 25 रन से उसे हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से सूपड़ा साफ किया। बेंगलुरु में तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर टीम की पहली पारी महज 46 रन पर सिमटी जबकि पुणे और मुंबई में भारतीय बल्लेबाज न्यूजीलैंड के फिरकी गेंदबाजों की काट ढूढने में विफल रहे। रोहित से मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में जब पूछा गया कि क्या टीम को स्पिनरों की मददगार पिच पर खेलने की अपनी योजना के बारे में फिर से विचार करना चाहिए तो किस तरह की पिच पर खेलना है यह बहुत पहले से तय नहीं होता है। यह श्रृंखला दर श्रृंखला तय होता है। हम ने इंग्लैंड के खिलाफ बेहतरीन पिचों पर खेला है और इस बार हमें लगा कि टीम के लिए यह सही होगा। भारतीय कप्तान ने कहा, टीम ज्यादातर मौके पर सफल रही है लेकिन यह इकलौता मौका है ।

#### भारत दूसरी पारी

**न्यूजीलैंड पहली पारी:** 235 रन सभी आउट,भारत पहली पारी: 263 रन सभी आउट,न्यूजीलैंड दूसरी पारी: लैथम बो आकाश दीप 1, कॉनवे का गिल बो सुंदर 22, यंग का और बो अश्विन 51, रविंद्र स्ट पंत बो अश्विन 4, मिचेल का अश्विन बो जडेजा 21,ब्लंडेल बो जडेजा 4,फिलिप्स बो अश्विन 26,सोढी का कोहली बो जडेजा 8, हेनरी बो जडेजा 10, पटेल का आकाशदीप बो जडेजा 8,ओरूर्क नाबाद 2, **अतिरिक्त** : 17 रन, योग : 45 . 5 ओवर में सभी आउट 174 रन, विकेट पतन :1-2, 2-39, 3-44, 4-94, 5-100, 6-131, 7-148, 8-150, 9-171,**गेंदबाजी** :आकाश दीप 5-0-10 -1, वाशिंगटन सुंदर 10-0-30-1, रविचंद्रन अश्विन 17-1-63-3, रविंद्र जड़ेजा 13.5-3-55-5,**भारत दूसरी पारी** : यशस्वी पगबाधा बो फिलिप्स 05, रोहित का फिलिप्स बो हेनरी 11,गिल बो पटेल 01,कोहली का मिचेल बो पटेल 01, पंत का ब्लंडेल बो पटेल 64, खान का रविंद्र बो पटेल 01,जडेजा का यंग बो पटेल 06,सुंदर बो पटेल 12,अश्विन का ब्लंडेल बो फिलिप्स 08, आकाशदीप बो फिलिप्स 00, सिराज नाबाद 00,**अतिरिक्त** : 12,, कुल : 29.1 ओवर में 121 रन पर सभी आउट , **विकेट पतन** :1-13, 2-16, 3-18, 4-28, 5-29, 6-71, 7-106, 8-121, 9-121, गेंदबाजी : हेनरी 3-0-10-1,पटेल 14.1-1-57-6, फिलिप्स 12-0-42-3

# ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत ए का हराया

**भाषा।** मैकॉय (ऑस्ट्रेलिया)

**ऑस्ट्रेलिया ए ने** अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां भारत ए को चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट मैच में सात विकेट से हराया जिसमें भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन गेंद बदलने के विवाद में फंस गए।ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन सुबह अपनी पारी तीन विकेट पर 139 रन से आगे बढ़ाई। कप्तान नाथन मैकस्वीनी (नाबाद 88) और ब्यू वेबस्टर (नाबाद 61) ने चौथे विकेट के लिए 141 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को आसान जीत दिलाई।

## गेंद विवाद में फंसे ईशान

मैच के चौथे दिन की शुरुआत हालांकि गेंद बदलने को लेकर उठे विवाद से हुई। इस मामले को लेकर भारतीय खिलाड़ियों की अंपायर शॉन क्रेग के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई। अंपायर को यह कहते हुए सुना गया कि गेंद पर खरोंच लगी थी जिसके कारण उसे बदला गया, जबकि किशन ने गेंद बदलने के फैसले को बेवकूफी भरा बताया।अंपायर क्रेग को स्टंप माइक्रोफोन में गेंद बदलने के अपने फैसले के बारे में बताते हुए सुना गया। वह कह रहे थे, गेंद पर स्क्रैच करो, हम उसे बदल रहे हैं। अब और बहस नहीं। चलो खेल शुरू करते हैं। इस पर किशन चुप नहीं रहे। तो हम इस गेंद से खेलने जा रहे हैं...यह बहुत ही मूर्खतापूर्ण फैसला है। इस पर क्रेग ने जवाब दिया, माफ करें, असहमति जताने पर आपकी शिकायत की जाएगी। यह अनुचित व्यवहार है। आपके कारनामों के कारण हमने गेंद बदल दी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बाद में बयान जारी करके कहा कि गेंद को खराब होने के कारण बदला गया तथा दोनों कप्तानों और टीम प्रबंधन को इसके बारे में चौथे दिन का खेल शुरू होने से पहले सूचित कर दिया गया।

# रोहित का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध

**भाषा।** मुंबई

**रोहित शर्मा का** निजी कारणों से इस महीने के अंत में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है और भारतीय कप्तान ने रविवार को कहा कि वह इस मैच में खेलने की पूरी उम्मीद लगाए हैं। भारतीय टीम 22 नवंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने के लिए तैयार है। रोहित ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट में भारत को मिली 25 रन की हार के बाद कहा, मुझे नहीं पता कि मैं जाऊंगा या नहीं, लेकिन उम्मीद लगाए हूं। अगर रोहित पहले टेस्ट में नहीं खेल पाते हैं तो उप कप्तान जसप्रीत बुमराह श्रृंखला के पहले मैच में टीम की अगुआई करेंगे जबकि अभिमन्यु ईश्वरन उनके कवर के तौर पर खेल सकते हैं। भारत के न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से श्रृंखला गंवाने के बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और भी अहम हो जाएगी क्योंकि दोनों टीमें फिर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने की कोशिश में लगी हैं।

## क्विक न्यूज

### लिविंगस्टोन का शतक, इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर श्रृंखला बराबर की

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** कप्तान लियाम लिविंगस्टोन के वनडे में पहला शतक और सैम कुरेन के साथ उनकी 140 रन की साझेदारी की मदद से इंग्लैंड ने दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 15 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट पर 328 रन बनाए। इंग्लैंड ने 47.3 ओवर में पांच विकेट पर 329 रन बनाकर जीत दर्ज की।लिविंगस्टोन ने गुरुवार को पहले मैच मे इंग्लैंड की आठ विकेट की हार में टीम की तरफ से सर्वाधिक 48 रन बनाकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए थे। उन्होंने दूसरे मैच मे 77 गेंदो में अपना शतक पूरा किया और 85 गेंदो मे नाबाद 124 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी मे पांच चौके और नौ छक्के लगाए जिससे इंग्लैड वेस्टइंडीज मे दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने मे सफल रहा। फिल साल्ट के 59 रन और जैकब बेथेल (55)) के पहले अर्धशतक की मदद से इंग्लैड ने अच्छी शुरुआत की। इंग्लैड का स्कोर एक समय चार विकेट पर 176 रन था। इसके बाद कुरेन (52) ने अपने कप्तान का अच्छा साथ देकर टीम को लक्ष्य तक पहचाने में अहम भूमिका निभाई।इससे पहले वेस्टइंडीज की तरफ से कप्तान शाई होप ने 127 गेंद पर 117 रन की कप्तानी पारी खेली जिसमें उन्होंने आठ चौके और चार छक्के लगाए। उनके अलावा कीसी कार्टी (71) और शेरफेन रदरफोर्ड (54) ने अर्धशतक जमाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में योगदान दिया। श्रृंखला का तीसरा और निर्णायक मैच बुधवार को ब्रिजटाउन, बारबाडोस में खेला जाएगा।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सही संयोजन बनाने पर ध्यान लगा है नए कप्तान रिजवान का

**मेलबर्न।** पाकिस्तान के नए वनडे कप्तान मोहम्मद रिजवान ने कहा कि सोमवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से अगले साल घरेलू मैदान पर होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनकी तैयारियों की शुरुआत होगी। पिछले रविवार को रिजवान ने बाबर आजम की जगह पाकिस्तान के कप्तान के रूप मे कार्यभार संभाला था। पहले वनडे की पूर्व संध्या पर पीसीबी द्वारा जारी एक बयान मे रिजवान ने कहा, अगले साल पाकिस्तान में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले हमें काफी संख्या में वनडे मैच खेलने है। आगामी श्रृंखला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होगी। फिर जिम्बाब्वे, दक्षिण अफ्रीका और घरेलू त्रिकोणीय टूर्नामेंट से हमें इस टूर्नामेंट से पहले सही संयोजन बनाने में मदद मिलेगी। पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी का गत विजेता है जिसने 2017 में पिछला चरण जीता था। उन्होंने फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को हराया था।

### अनाहत ने कोस्टा नॉर्थ कोस्ट ओपन पीएसए चैलेंजर खिताब जीता

**नई दिल्ली।** युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया में कोस्टा नॉर्थ कोस्ट ओपन 2024 में महिला एकल का खिताब जीतकर साल की अपनी छठी पीएसए चैलेंजर ट्रॉफी हासिल की। टूर्नामेंट में तीसरी वरीयत 16 वर्षीय भारतीय ने फाइनल में जापान की छठी वरीयता प्राप्त अकारी मिडोरिकावा को सीधे गेमों में 3-0 (11-6, 11-6, 11-7) से हराया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान अनाहत ने शानदार खेल दिखाया और केवल एक गेम गंवाया। सेमीफाइनल में उन्होंने हांगकांग की सातवी वरीय क्रिस्टी वोंग को 3-1 (11-5, 7-11, 11-7, 11-9) से मात दी। इससे पहले उन्होंने पहले राउंड में हांगकांग की बोबो लैम और हेलेन टैंग को हराया था। हांग्झोउ एशियाई खेलो मे महिला टीम और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीतने वाली अनाहत को वरीयता के कारण पहले दौर मे बाई मिली। इस साल की शुरुआत मे उन्होंने जनवरी में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन लिटिल मास्टर्स और सीनियर टूर्नामेंट का खिताब जीता। इसके बाद अप्रैल मे हमदर्द स्क्वाशटर्स नॉर्दर्न स्लैम पीएसए चैलेंजर का खिताब जीता। उन्होंने जून और अगस्त मे क्रमशः एचसीएल स्क्वाश टूर के चेन्नई और कोलकाता चरण में जीत हासिल की तथा अगस्त में रिलायंस पीएसए चैलेंज 3 टूर्नामेंट भी जीता। अनाहत जापान मे डायनाम कप एसक्यू-क्यूब ओपन के फाइनल मे पहुंची लेकिन चोट के कारण उन्हे मिस्र की रुकय्या सलेम के खिलाफ खिताबी मुकाबले से हटना पड़ा। उन्होंने इस साल सीनियर और जूनियर दोनो की राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीती है।

### भारत पर 3-0 से ऐतिहासिक जीत के बाद लैथम ने कहा, घर पहुंचने पर जीत की खुशी ज्यादा होगी

**मुंबई।** भारत के खिलाफ श्रृंखला मे 3-0 की ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बाद न्यूजीलैड के कप्तान टॉम लैथम ने रविवार को कहा कि इस उपलब्धि की अहमियत उन्हे घर लौटने पर ही महसूस होगी। लैथम ने यहां मीडिया से कहा, यह एक बड़ी उपलब्धि है। पहले टेस्ट के बाद यह निश्चित रूप से काफी विशेष जीत थी। फिर श्रृंखला जीतना तो और भी खास है। हमने यहां जितना संभव हो सके उतना अनुकूल होने की कोशिश की और मै 3-0 से श्रृंखला जीतने को कभी नही भूलूंगा। हम निश्चित रूप से आज रात मिलकर इस जीत का जश्न मनाएंगे और यह जश्न स्वदेश लौटने के बाद अगले कुछ दिनो तक जारी रहेगा। यह निश्चित रूप से एक अद्भुत श्रृंखला रही है जिसका हिस्सा बनना शानदार है। जब हम घर लौटेंगे तो यह जीत और भी ज्यादा महत्वपूर्ण लगेगी। लैथम ने कहा, यह निश्चित रूप से न्यूजीलैड क्रिकेट के लिए एक शानदार पल है। शायद न्यूजीलैड क्रिकेट की श्रृंखला मे सबसे बड़ी जीत मे से एक है।

### राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में 31 टीम भाग लेंगी

**चेन्नई।** हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप सोमवार से यहां शुरू होगी जिसमे देशभर की 31 टीम भाग लेंगी। यह प्रतियोगिता 16 नवंबर तक चलेगी जिसमें टीमों को आठ पूल में बांटा गया है। लीग चरण मे प्रत्यक टीम अपने पूल मे हर टीम के खिलाफ खेलेगी। प्रत्यक पूल से शीर्ष पर रहने वाली टीम क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाएगी जो 13 नवंबर को खेले जाएंगे। सेमीफाइनल 15 नवंबर को जबकि फाइनल और तीसरे नंबर के लिए खेले जाने वाला मैच 16 नवंबर को होगा। पूल ए मे गत चैंपियन हॉकी पंजाब के साथ दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी तथा छत्तीसगढ़ हॉकी शामिल है। पूल बी मे हॉकी हरियाणा, तेलंगाना हॉकी, हॉकी हिमाचल और हॉकी मिजोरम जबकि पूल सी मे तमिलनाडु की हॉकी यूनिट, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी आंध्र प्रदेश और हॉकी अंडमान और निकोबार शामिल है। पूल डी मे हॉकी कर्नाटक, हॉकी चंडीगढ़, हॉकी उत्तराखंड और त्रिपुरा हॉकी शामिल है। पूल ई मे हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा का मुकाबला पुडुचेरी हॉकी, हॉकी राजस्थान और हॉकी अरुणाचल से होगा। पूल एफ में उत्तर प्रदेश हॉकी, दिल्ली हॉकी, केरल हॉकी और हॉकी जम्मू कश्मीर शामिल है। पूल जी मे हॉकी झारखंड, हॉकी महाराष्ट्र, गोवा हॉकी और हॉकी गुजरात जबकि पूल एच मे मणिपुर हॉकी, हॉकी बंगाल, हॉकी बिहार और असम हॉकी शामिल है।

# सीजीएसटी एंड कस्टम की जीत में मयंक शर्मा का पंजा

## शालीमार सातवीं इंटर ऑफिस टी 20

**लखनऊ।** मैन ऑफद मैच मयंक शर्मा -24 रन, 5 विकेटद्ध के आलराउंड खेल से सीजीएसटी एंड कस्टम ने शालीमार सातवीं इंटर ऑफिस टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट में पीएनबी को 86 रन से हराया। दिन के दूसरे मैच में एफसीआई एवेंजर्स ने टीसीएस को 7 विकेट से हराया। आरआर क्रिकेट स्टेडियम पर सीजीएसटी एंड कस्टम ने निर्धारित ओवर में 7 विकेट पर 209 रन बनाए। रोहित-56 रनए 19 गेंद, 5 चौके 5 छक्के के आतिशी अर्धशतक के बाद अभिषेक कुमार ने 31ए अभिनव श्रीवास्तव ने 28 प्रखर शर्मा ने व मयंक शर्मा ने 24 रन जोड़े। जवाब में पीएनबी 16৹5 ओवर में 123 रन ही बना सका। आरिफ हुसैन व जय शंकर ने 25.25 रन का योगदान किया। सीजीएसटी एंड कस्टम से मयंक शर्मा ने 21 रन देकर5 विकेट चटकाए। इसी ग्राउंड पर दूसरे मैच में एफसीआई एवेंजर्स ने मैन ऑफद मैच विजय सिंह ;62 रनए 27 गेंदए 7 चौकेए 4 छक्के के आतिशी अर्धशतक से टीसीएस को 7 विकेट से मात दी। टीसीएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 187 रन बनाए। बलराम गुप्ता ने नाबाद 54ए मुशाहिद ने 45 व हरप्रीत सिंह ने 44 रन जोड़े। जवाब में एफसीआई एवेंजर्स ने 18৹2 ओवर में 3 विकेट पर 191 रन बनाकर मैच जीत लिया। जीत में विजय सिंह के अलावा एसपी यादव ;57द्ध के नाबाद अर्धशतक के साथ कुंवर कुंज प्रताप ने 44 रन का योगदान किया।



# पार्थवी, वंशिका, हेमंत के स्वर्ण से भारतीय मुक्केबाजों ने अंडर-19 विश्व चैंपियनशिप में 17 पदक जीते




**नई दिल्ली।** पार्थवी ग्रेवाल, वंशिका गोस्वामी और हेमंत सांगवान ने कोलोराडो (अमेरिका) में विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहली अंडर-19 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किए जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने 17 पदक जीत कर दमदार प्रदर्शन किया। आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में भारत की महिला मुक्केबाजों ने 10 पदक के साथ पुरुषों से बेहतर प्रदर्शन किया। पार्थवी ने महिलाओं के 65 किग्रा फाइनल में नीदरलैंड की आलिया होपेमा पर 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज की जबकि वंशिका ने शनिवार को यहां महिलाओं की 80 किग्रा वर्ग में जर्मनी की विक्टोरिया गैट को महज एक मिनट और 37 मिनट में शिकस्त दे दी। हेमंत ने 90 किग्रा वर्ग में अमेरिका के रिशोन सिम्स पर 4-1 के विभाजित निर्णय से जीत हासिल करके पुरुष वर्ग में भारत का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता। निशा (51 किग्रा), सुप्रिया देवी थोकचोम (54 किग्रा) और कृतिका वासन (80 किग्रा) को अपने-अपने फाइनल में हार के बाद रजत पदक के साथ संतोष करना पड़ा। भारत के लिए पदक जीतने वाले मुक्केबाजों में 11 खेलों इंडिया से जुड़े खिलाडी है जबकि इसमें से आठ साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) राष्ट्रीय उत्कृष्ठता केंद्र के प्रशिक्षु है। भारत के पदक विजेता- स्वर्ण: कृषा वर्मा (महिला 75 किग्रा), पार्थवी ग्रेवाल (महिला 65 किग्रा), वंशिका गोस्वामी (महिला 80 से अधिक किग्रा), हेमंत सांगवान (पुरुष 90 किग्रा)। रजत: निशा (महिला 51 किग्रा), सुप्रिया देवी थोकचोम (महिला 54 किग्रा), कृतिका वासन (महिला 80 किग्रा), चंचल चौधरी (महिला 48 किग्रा), अंजलि सिंह (महिला 57 किग्रा), विनी (महिला 60 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (महिला 70 किग्रा), राहुल कुंडू (पुरुष 75 किग्रा)।कांस्य: ऋषि सिंह (पुरुष 50 किग्रा), कृष पाल (पुरुष 55 किग्रा), सुमित (पुरुष 70 किग्रा), आर्यन (पुरुष 85 किग्रा), लक्ष्य राठी (पुरुष 90 से अधिक किग्रा)।

# लाइव टीवी एक्सप्रेस की जीत में विनय व राजेंद्र चमके

## तृतीय अधीर दुबे टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट

**लखनऊ।** मैन ऑफ द मैच विनय सिंह 4 विकेट व राजेंद्र पंवार 3 विकेट की गेंदबाजी से लाइव टीवी एक्सप्रेस ने तृतीय अधीर दुबे स्मारक टी.20 क्रिकेट टूर्नामेंट में केएसीसी को 20 रन से शिकस्त दी। पंडित रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर लाइव टीवी एक्सप्रेस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 121 रन का स्कोर बनाया। पीयूष कुसुमवाल ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाए। मोण्फैसल ने 22 पीयूष ने 17 व राजेंद्र पंवार ने 14 रन का योगदान किया। केएसीसी से कामरान को तीन विकेट की सफलता मिली। जवाब में केएसीसी 16৹3 ओवर में 101 रन पर आल आउट हो गया। विकेटों के पतझड़ के बीच योगेंद्र सेठ ने 49 गेंदों पर 5 चौके व 1 छक्के से 48 रन बनाए लेकिन उन्हें अन्य बल्लेबाजों का सहयोग नहीं मिल सका। लाइव टीवी एक्सप्रेस से विनय सिंह को 4 ओवर में 19 रन देकर 4 व राजेंद्र पंवार को 3 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट की सफलता मिली।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 01204615800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5 ,बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-693425001